


इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, आम ने बढ़ाया यूपी का मान व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष त्रयोदशी विक्रम संवत 2082

# अमृत विचार

वर्ष 6, अंक 70, पृष्ठ -14+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार



आज का मौसम | 37.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 05 : 16 सूर्यास्त 07 :12

मुरादाबाद, रविवार, 8 जून 2025

अपराधियों को पीड़ितों के समान रखने को भारत तैयार नहीं ...14

## कश्मीर घाटी में वंदे भारत...



कश्मीर घाटी को देश से जोड़ने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस का रियासी जिले के कटरा से श्रीनगर के लिए शनिवार को विधिवत संचालन शुरू हुआ। चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल से गुजरने वाली इस ट्रेन से तमाम यात्रियों ने अपनी पहली यात्रा की। ट्रेन और पुल को लेकर उनमें खासा उत्साह रहा। इसी शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी ने इस ट्रेन और पुल का लोकार्पण किया था।

# महाराष्ट्र चुनाव में हुई थी मैच फिक्सिंग, अब बिहार की बारी

## कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी पर धांधली का मढ़ा आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि पिछला महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव भाजपा ने मैच फिक्स करके जीता और अब बिहार में भी ऐसा ही किया जाएगा। गांधी ने एक्स पर एक अंग्रेजी दैनिक में छपे अपने लेख को पोस्ट करते हुए शनिवार को लिखा कि चुनाव की चोरी का पूरा खेल। वर्ष 2024 का महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव लोकतंत्र में धांधली का ब्लूप्रिंट था। अपने आर्टिकल में मैंने विस्तार से बताया है कि कैसे यह साज़िश कदम-दर-कदम रची गई।



उन्होंने आरोप लगाया कि पहले चुनाव आयोग की नियुक्ति करने वाले पैनल पर कब्ज़ा किया गया फिर वोटर लिस्ट में फर्ज़ी मतदाता जोड़े गए, फिर मतदान प्रतिशत बढ़ा-चढ़ा कर दिखाया गया और जहां भाजपा को जिताना था, वहां टारगेट करके फर्जी वोटिंग कराई गई और फिर सबूतों को छुपा दिया गया।

गांधी ने कहा कि चुनाव में धांधली भी मैच फिक्सिंग जैसी होती है,जो पक्ष धोखाधड़ी करता है, वह भले ही जीत जाए लेकिन इससे लोकतांत्रिक संस्थाएं कमजोर होती हैं और जनता का नतीजों से भरोसा उठ जाता है। उन्होंने कहा कि हर ज़िम्मेदार नागरिक को सबूतों को खुद देखना चाहिए, सच्चाई समझनी चाहिए और जवाब मांगने चाहिए। गांधी ने कहा कि चुनाव में मैच फिक्सिंग लोकतंत्र के लिए जहर हैं।

### चुनावी हारों से हताश हो लगा रहे आरोप : नड्डा

**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राहुल गांधी द्वारा 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को 'लोकतंत्र में धांधली करने का ब्लूप्रिंट' करार दिए जाने पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए शनिवार को कहा कि कांग्रेस नेता कई चुनाव में हार से दुखी और हताश हैं और इसलिए विचित्र साजिशें रचने का आरोप लगा रहे हैं। नड्डा ने पलटवार करते हुए कहा कि गांधी का लेख फर्जी विमर्श गढ़ने का एक ब्लूप्रिंट है। वह बेशर्मी से झूठ फैलाते रहते हैं। और, वह ऐसा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि बिहार में उनकी हार निश्चित है।

### निराधार आरोप कानून के शासन का अपमान : ईसीआई

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में धांधली के दावों को खारिज करते हुए निर्वाचन आयोग के सूत्रों ने कहा कि अनुकूल चुनाव परिणाम नहीं मिलने के बाद चुनाव निकाय को बदनाम करना बेतुका काम है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में राहुल गांधी के मैच फिक्सिंग के आरोप पर निर्वाचन आयोग के सूत्रों ने कहा कि निराधार आरोप कानून के शासन का अनादर है।

## एक नजर

### गोल्डी बरार और चार अन्य के खिलाफ चार्जशीट

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने 2024 में गुरुग्राम के दो क्लबों में बम हमलों से संबंधित मामले में कनाडा के खालिस्तानी आतंकवादी गोल्डी बरार सहित पांच के खिलाफ आरोपपत्र (चार्जशीट) दाखिल किया है। एनआईए ने पंचकूला की एक कोर्ट में दायर आरोपपत्र में सतिंदरजीत सिंह उर्फ गोल्डी बरार के साथ सचिन तालियान, अंकित, भाविश और अमेरिका के रणदीप सिंह उर्फ रणदीप मलिक पर बीएनएस, शस्त्र अधिनियम, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए हैं।

### टी रबी शंकर बने 16वें वित्त आयोग में सदस्य

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि आरबीआई के डिप्टी गवर्नर टी रबी शंकर को 16वें वित्त आयोग का अंशकालिक सदस्य बनाया गया है। मंत्रालय ने कहा कि एक पूर्णकालिक सदस्य पूर्व वित्त सचिव अजय नारायण झा के व्यक्तिगत कारणों से इस्तीफा देने के चलते यह नियुक्ति की गई। राष्ट्रपति ने आरबीआई के डिप्टी गवर्नर टी रबी शंकर को 16वें वित्त आयोग का अंशकालिक सदस्य नियुक्त किया है। शंकर कार्यभार संभालने की तारीख से लेकर आयोग के अपनी रिपोर्ट सौंपने तक या 31 अक्टूबर, 2025 तक, जो भी पहले हो, अपने पद पर बने रहेंगे।

# शिक्षा प्रणाली में शामिल किए जाएं आपदारोधी उपाय : मोदी

## आपदारोधी अवसंरचना पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में बोले प्रधानमंत्री

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व समुदाय से आपदा से निपटने के लिए वित्त-पोषण की अभिनव व्यवस्था किए जाने और आपदा रोधी उपायों को शिक्षा प्रणाली का हिस्सा बनाए जाने पर बल दिया है। मोदी ने आपदा रोधी अवसंरचना पर फ्रांस के नाइस शहर में चल रहे दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित किया।

प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार मोदी ने कहा कि आपदा से निपटने के लिए अभिनव वित्त पोषण की आवश्यकता है। हमें कार्रवाई योग्य कार्यक्रम तैयार करने चाहिए और वित्त तक विकासशील देशों की पहुंच सुनिश्चित करनी चाहिए।

प्रधानमंत्री ने सुझाव दिया कि आपदा से निपटने के लिए पाठ्यक्रम, मॉड्यूल और कौशल विकास कार्यक्रम को उच्च शिक्षा का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे कुशल कार्यबल का निर्माण होगा, जो भविष्य की चुनौतियों से निपट सकता है। शनिवार को सम्पन्न हो रहा दो दिन का यह शिखर सम्मेलन पहली बार यूरोप में आयोजित किया गया है। पिछले साल अप्रैल में नई दिल्ली में हुआ था। इस बार सम्मेलन का विषय था- तटीय क्षेत्रों के लिए सुदृढ़ भविष्य को आकार देना। प्रधानमंत्री ने कहा कि आपदाओं का सामना करने और प्रभावित क्षेत्रों में पुनर्निर्माण के विषय में दूसरे देशों के अनुभवों से सीख लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इन विषयों में सर्वोत्तम प्रथाओं का एक वैश्विक डिजिटल संग्रह तैयार करना लाभकारी होगा। मोदी ने कहा कि हम छोटे द्वीपीय विकासशील देशों को बड़े महासागरीय देशों के रूप में देखते हैं। उनकी अतिसंवेदनशीलता के कारण उन पर विशेष रूप पर ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने आपदाओं के संबंधी प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों की मज़बूती और समन्वय के महत्व को भी रेखांकित किया।

### अवसंरचना निर्माण के लिए पांच प्राथमिकताओं का जिक्र



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आपदा रोधी बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए अपनी पांच प्रमुख वैश्विक प्राथमिकताओं को रेखांकित किया जिसमें कुशल कार्यबल, सर्वोत्तम प्रथाओं का दस्तावेजीकरण करने के लिए एक वैश्विक डिजिटल संग्रह और अभिनव वित्तपोषण शामिल है। मोदी ने कहा कि पूर्व चेतावनी प्रणाली को मजबूत करना और तालमेल बिठाना एक अन्य अहम पहलू है। आपदा रोधी बुनियादी ढांचे से आशय ऐसी लचीली अंवसरचना से है जो आपदा का सामना करने में सक्षम हो। फ्रांस में आयोजित इस कार्यक्रम के लिए मोदी ने राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को धन्यवाद दिया।

### किसान कल्याण के लिए और उत्साह से जारी रहेंगे प्रयास

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि पिछले 11 वर्षों के दौरान उनकी सरकार की कई पहलों से किसानों की समृद्धि बढ़ी है और कृषि में बदलाव सुनिश्चित हुआ है। उन्होंने एक्स पर कहा कि अपने मेहनतकश किसानों की सेवा करना हमारा सौभाग्य है... हमने मृदा स्वास्थ्य और सिंचाई जैसे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया है, जो बहुत लाभकारी रहे हैं। आने वाले समय में किसानों के कल्याण की दिशा में हमारे प्रयास और भी अधिक उत्साह के साथ जारी रहेंगे। मोदी ने कहा कि हमारे किसान भाई-बहनों को पहले जहां छोटी-छोटी जरूरतों के लिए भी उधार लेने को मजबूर होना पड़ता था, वहीं बीते 11 साल में हमारी सरकार के निर्णयों से उनका जीवन बहुत आसान हुआ है।

## छत्तीसगढ़ में दो महिला समेत पांच नक्सली मार गिराए

- गोला-बारूद का जखीरा और हथियार बरामद

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों के साथ हुई मुठभेड़ के बाद दो महिला समेत पांच नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि जिले के इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र में चल रहे नक्सल विरोधी अभियान में सुरक्षाबलों ने पिछले चार दिनों में दो नक्सली नेता समेत कुल सात नक्सलियों को मार गिराया है। मारे गए सभी सात नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार चार जून से बीजापुर जिले के इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान जारी है।

सुरक्षाबलों ने शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात को हुई मुठभेड़ों के दौरान तीन अन्य माओवादियों का शव बरामद किया। शनिवार को दो अन्य नक्सलियों का शव बरामद किया गया। बरामद पांच अज्ञात नक्सली शवों की पहचान करने का प्रयास जारी है। सुरक्षाबलों ने घटनास्थल से हथियार और गोला-बारूद का एक बड़ा जखीरा जब्त किया है, जिसमें दो एके-47 राइफल भी शामिल हैं।

### माध्यमिक विद्यालयों के लिए शासनादेश जारी

# एडेड विद्यालयों में अब ऑनलाइन तबादला भी

- आठ महत्वाकांक्षी जिलों में परस्पर तबादले ही होंगे, शासनादेश जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के एडेड माध्यमिक विद्यालयों में ऑनलाइन तबादले करने का शासनादेश शनिवार को जारी कर दिया गया है। इसके तहत आठ महत्वाकांक्षी जिलों में परस्पर तबादले ही होंगे।

शासन की ओर से विशेष सचिव कृष्ण कुमार गुप्त ने महानिदेशक स्कूल शिक्षा को अशासकीय सहायता प्राप्त (एडेड) माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों का ऑनलाइन तबादला करने का आदेश जारी किया है। यह पहली बार है जब एडेड माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों को ऑनलाइन तबादले का अवसर मिलेगा। वहीं, आठ महत्वाकांक्षी जिलों में परस्पर तबादले ही होंगे। यह जिले हैं सोनभद्र, चंदोली, बहराइच, श्रावस्ती, बररामपुर, फतेहपुर, चित्रकूट और सिंद्धार्थनगर। जारी आदेश में ऑनलाइन तबादले के मानक भी तय किए गए हैं।

बता दें कि बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग में लगभग हर काम ऑनलाइन ही हो रहा है पर एडेड कॉलेजों के शिक्षकों के तबादलों के लिए अभी तक ऑफलाइन प्रक्रिया ही अपनाई जा रही थी। इससे एडेड कॉलेजों के शिक्षकों में काफी रोष था।

### अंतर जनपदीय तबादले को नौ से आवेदन करें शिक्षक

परिषदीय स्कूलों के शिक्षक-शिक्षिकाओं के अंतर जनपदीय स्थानांतरण के लिए आनलाइन आवेदन 9 से 12 जून तक होंगे। इससे पहले छह से सात जून तक आरटीई मानकों के अनुसार छात्र-शिक्षक अनुपात के अनुसार शिक्षकों की आवश्यकता वाले और ज्यादा शिक्षकों वाले जिलों को चिह्नित कर सूची आनलाइन प्रदर्शित की जाएगी। शिक्षकों को आवेदन की कापी संबंधित बीएसए कार्यालय में 13 जून तक जमा करनी होगी। 14 जून को आनलाइन सत्यापन के बाद 16 जून को स्थानांतरण सूची जारी की जाएगी। सचिव बेसिक शिक्षा परिषद सुरेन्द्र तिवारी ने इस संबंध में सभी बीएसए को आदेश जारी किए हैं।

# अमरोहा में ग्रामीणों ने लाठी-डंडों से पीटकर तेंदुए को मार डाला

- खेत पर काम कर रहे किसानों पर हमला किया तो ग्रामीणों ने घेरा

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** मादा तेंदुए के हमले में छह किसान घायल हो गए। इसके बाद ग्रामीणों ने तेंदुए को लाठी-डंडों से पीटकर मार डाला। वन विभाग की टीम ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। पुलिस ने डिप्टी रेंजर की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की है।

नौगांवा सादात थाना क्षेत्र के गांव कुतुबपुर हमीदपुर में शनिवार की सुबह किसान डालचंद सिंह अपने बेटे कौकिल के साथ खेत पर काम कर रहे थे। तभी मादा तेंदुआ ने पिता-पुत्र पर हमला कर घायल कर दिया। शोर सुनकर आसपास के खेतों पर काम कर रहे किसान व ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर पहुंच गए और उसे घेर लिया। तेंदुआ इधर-उधर दौड़ता रहा। इस दौरान तेंदुआ ने हेतराम, कृपाल सिंह, अरविंद, धर्म सिंह और हेमराज को जख्मी कर दिया। इसके बाद गुस्साए ग्रामीणों ने तेंदुआ को पीट-पीटकर मार डाला। नौगांवा सादात पुलिस और वन विभाग के डिप्टी रेंजर राजीव वर्मा, वन दरोगा केपी सिंह मौके पर पहुंचे। तेंदुए का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि जांच के बाद वन विभाग के डिप्टी रेंजर की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस तीनों आरोपियों को थाने ले आई। नाराज ग्रामीण भारी संख्या में ट्रैक्टर-ट्रॉली से थाने पहुंच गए और उन्हें छुड़ा लिया।

## महेंद्र देव बने पीएम आर्थिक सलाहकार परिषद के चेयरमैन

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी विकास अनुसंधान संस्थान के पूर्व कुलपति एस महेंद्र देव ने प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) के नए चेयरमैन के रूप में कार्यभार संभाला है।

प्रख्यात अर्थशास्त्री देव ने नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी का स्थान लिया, जो ईएसी-पीएम का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे थे। मंत्रिमंडल सचिवालय द्वारा जारी एक आदेश में पहले कहा गया था कि प्रधानमंत्री ने दो साल के लिए या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के पुनर्गठन को मंजूरी दे दी है।

# केदारनाथ जा रहे हेलीकॉप्टर की हाइवे पर लैंडिंग

- हार्ड लैंडिंग में पायलट चोटिल सभी तीर्थ यात्री सुरक्षित
- टेल रोटर की चपेट में आने से सड़क पर कार क्षतिग्रस्त

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** रुद्रप्रयाग में शनिवार दोपहर श्रद्धालुओं को केदारनाथ धाम ले जा रहे हेलीकॉप्टर को टेक ऑफ के दौरान तकनीकी खराबी आने पर आपात स्थिति में सिरसी के पास हाइवे पर उतारना पड़ा।

पायलट की सूझबूझ से बड़ा हादसा होने से बच गया। हालांकि आपात लैंडिंग के दौरान पायलट चोटिल हो गया। रिहायशी भवनों के बहुत करीब उतारे गए इस हेली के टेल रोटर की चपेट में आने से एक कार क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि पायलट और सभी तीर्थ यात्री सुरक्षित रहे। कोई अन्य व्यक्ति भी हेली की चपेट में नहीं आया।




रुद्रप्रयाग में सड़क पर हेलीकॉप्टर की हार्ड लैंडिंग। ● एजेंसी

जिला पर्यटन विकास अधिकारी एवं हेली सेवा के नोडल अधिकारी राहुल चौबे ने बताया कि क्रेस्टेल एविएशन प्राइवेट लिमिटेड का एक हेलीकॉप्टर अपने बड़ासू स्थित बेस से केदारनाथ धाम के लिए पांच यात्रियों के साथ टेक-ऑफ कर रहा था। इसी दौरान उसमें कुछ तकनीकी खामी आ गई। खामी का पता चलते ही पायलट ने नज़दीक में खाली सड़क देखकर आपातकालीन लैंडिंग करवाई। हेलीकॉप्टर में पायलट समेत छह लोग सवार थे और वे बाल-बाल बच गए। चोटिल पायलट को अस्पताल ले जाया गया।

# केएससीए के सचिव और कोषाध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

- बेंगलुरु में भगदड़ की नैतिक जिम्मेदारी का दिया हवाला

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) के सचिव ए शंकर और कोषाध्यक्ष ई एस जयराम ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की पहली खिताबी जीत के जश्न मनाने के दौरान एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई दुखद भगदड़ के बाद नैतिक जिम्मेदारी का हवाला देते हुए अपने इस्तीफे दे दिए हैं।

चार जून को हुई इस दुखद घटना में 11 लोगों की मौत हो गई और 50 से अधिक लोग घायल हो गए थे। शंकर और जयराम ने अपनी सीमित भागीदारी के बावजूद छह जून को केएससीए अध्यक्ष रघुराम भट को अपने इस्तीफे पत्र सौंप दिए। दोनों पदाधिकारियों ने एक संयुक्त बयान में कहा कि हमारी भूमिका हालांकि बहुत सीमित थी, हमने नैतिक जिम्मेदारी के कारण अपना इस्तीफा दे दिया है। इस त्रासदी के बाद आरसीबी, इवेंट आयोजक डीएनए एंटरटेनमेंट नेटवर्क्स और केएससीए के खिलाफ गैर इरादतन हत्या और सार्वजनिक सुरक्षा उल्लंघन सहित कई आरोपों के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# प्रौद्योगिकी केवल पूरक हो, मानव मस्तिष्क की जगह न ले

## सीजेआई गवई ने कहा-न्यायिक निर्णय लेने में विवेक, सहानुभूति का कोई विकल्प नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई ने कहा कि न्यायिक निर्णय लेने में प्रौद्योगिकी को मानव मस्तिष्क का स्थान नहीं लेना चाहिए, बल्कि उसका पूरक होना चाहिए। उन्होंने रेखांकित किया कि न्यायिक निर्णय लेते समय विवेक, सहानुभूति और न्यायिक व्याख्या का स्थान कोई नहीं ले सकता। न्यायमूर्ति गवई लंदन विश्वविद्यालय से संबद्ध स्कूल ऑफ ओरिएंटल एंड अफ्रीकन स्टडीज (एसओएएस) में भारतीय कानूनी प्रणाली में प्रौद्योगिकी की भूमिका विषय पर आयोजित व्याख्यान को संबोधित कर रहे थे।



- भारतीय कानूनी प्रणाली में प्रौद्योगिकी की भूमिका विषयक व्याख्यान को किया संबोधित

सीजेआई ने कहा कि न्यायपालिका स्वचालित वाद सूचियों, 'डिजिटल कियोस्क' और आभासी सहायकों जैसे नवाचारों का स्वागत करती है, लेकिन उसे यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मानवीय निगरानी, नैतिक दिशानिर्देश और मजबूत प्रशिक्षण उनके कार्यान्वयन का अभिन्न अंग हों। न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि विवेक, सहानुभूति और न्यायिक व्याख्या का मूल्य अपूरणीय है। उन्होंने बताया कि भारतीय न्यायपालिका देश की संवैधानिक और सामाजिक वास्तविकताओं के अनुरूप घरेलू नैतिक ढांचे के विकास को लेकर बेहतर स्थिति में है। न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि हमारे पास तकनीकी विशेषज्ञता, न्यायिक दूरदर्शिता और लोकतांत्रिक जनादेश है, जिससे हम ऐसी प्रणालियां विकसित कर सके जो समानता, सम्मान और न्याय के हमारे मूल्यों को प्रतिबिंबित करती हैं। उन्होंने कहा कि वास्तव में, भारत के प्रधान न्यायाधीश के रूप में पदभार ग्रहण करने के बाद पहले ही सप्ताह में, मैंने न्यायपालिका में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और उभरती प्रौद्योगिकियों के नैतिक उपयोग पर एक व्यापक नोट तैयार करने के लिए उच्चतम न्यायालय के अनुसंधान और योजना केंद्र के साथ चर्चा शुरू की थी।

सीजेआई ने कहा कि न्यायिक निर्णय लेने में प्रौद्योगिकी को मानव मस्तिष्क का स्थान नहीं लेना चाहिए, बल्कि उसका पूरक होना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि हमेशा इस बात पर जोर दिया जाना चाहिए कि प्रौद्योगिकी का उपयोग विश्वास और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए किया जाए - न्याय के मूल में मानवीय विवेक का स्थान लेने के लिए नहीं।

### न्याय केवल न्यायपालिका की जिम्मेदारी नहीं

न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि मेरा दृढ़ विश्वास है कि न्याय तक पहुंच केवल न्यायपालिका की जिम्मेदारी नहीं है। यह एक साझा राष्ट्रीय प्रतिबद्धता है। विधि विद्यालयों, नागरिक समाज, कानूनी सहायता संस्थानों और सरकारों को ऐसे तकनीकी मॉडल विकसित करने और बढ़ावा देने के लिए एकजुट होकर काम करना चाहिए जो सुलभ, पारदर्शी और समावेशी हों। इस बीच, लंदन अंतर्राष्ट्रीय विवाद सप्ताह के अवसर पर आयोजित सिंगापुर अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता केंद्र (एसआईएसी) और ट्राइलीगल के संयुक्त कार्यक्रम में सीजेआई गवई ने मध्यस्थता को महत्वपूर्ण करार दिया। उन्होंने कहा कि हाल के दशकों में न्याय प्रक्रिया ने वैकल्पिक विवाद समाधान के तरीकों में एक महत्वपूर्ण बदलाव देखा है।

## शहर में आज




☞ नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आरोग्य मेला सुबह 10:00 बजे
☞ लालबाग स्थित काली मंदिर में सायंकालीन आरती शाम 7:00 बजे

एक कदम सनातन की ओर



श्रीमद्भागवत कथा, श्री राम कथा, शिवपुराण कथा एवं अन्य सभी धार्मिक अनुष्ठानों का संगीतमय एवं भक्तिमय आयोजन किया जाता है।
अपनी श्रद्धा को संगीत और भक्ति से जोड़ें। धार्मिक आयोजनों के लिए आज ही संपर्क करें!
स्थान: गोविंद नगर, ब्लॉक बी, मुरादाबाद - 244001
भागवत आचार्य: श्री शिव कुमार जी
संपर्क करें: 9410478735



ईदगाह में नमाज के दौरान दुआ करते बच्चे। ● अमृत विचार



महानगर स्थित ईदगाह में नमाज अदा करते बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग। ● अमृत विचार



नमाजियों को पंखे से हवा करता सेवादार। ● अमृत विचार

# अल्लाह की बारगाह में झुके हजारों सिर

## ईद-उल-अजहा की नमाज के बाद मुल्क और कौम की तरक्की के लिए की गई दुआ

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● हजरत इब्राहिम की सुन्नत के लिए की गई कुर्बानी, 9 जून तक जारी रहेगा सिलसिला

**अमृत विचार :** शनिवार को ईद-उल-अजहा की नमाज में अल्लाह की बारगाह में हजारों सिर झुके। शांतिपूर्ण तरीके से ईदगाह और महानगर की अन्य मस्जिदों में नमाज अदा करने के बाद मुल्क और कौम की तरक्की के लिए दुआ की गई। मुसलमानों ने नमाज अदा करने के बाद हजरत इब्राहिम की सुन्नत अदा करते हुए बकरा, भैंस व अन्य जानवरों की कुर्बानी दी। कुर्बानी का यह सिलसिला दोपहर बाद तक जारी रहा। शाम को घरों में बढ़िया पकवान बने।

हजरत इब्राहिम की याद में ईद-उल-अजहा का पर्व मनाया जाता है। इस दिन मुसलमान ईदगाह व अन्य मस्जिदों पर सामूहिक रूप से ईद की नमाज अदा करने के बाद बकरा व अन्य पशुओं की कुर्बानी करते हैं। यह सिलसिला तीन दिन तक चलता है। शनिवार की सुबह पहले महानगर के मोहल्ला तंबाकू वालान स्थित मौलाना वाली मस्जिद में 5:40 पर ईद उल अजहा की नमाज अदा की गई। इसके बाद अन्य मस्जिदों में नमाज का सिलसिला जारी हुआ। वहीं महानगर की ईदगाह में सुबह 7:30 बजे नमाज का इंतजाम किया गया था। इसके लिए सुबह से ही भारी संख्या में लोग ईदगाह पहुंचना शुरू हो गए थे। यहां नायब शहर इमाम सय्यद मुफ्ती फहद अली ने नमाज अदा कराई। इससे पहले शहर इमाम सैयद मासूम अली आजाद और नायब शहर इमाम सैयद मुफ्ती फहद अली ने बयान किया। नमाज अदा करने के बाद दुआ कराई गई। जिसके बाद लोगों ने एक दूसरे को गले लगकर ईद की बधाई दी। नमाज के दौरान सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहे। मौके पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। नमाज के बाद शहर इमाम सैय्यद मासूम अली आजाद, डीएम अनुज सिंह, एसएसपी सतपाल अंतिल, एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह, पूर्व सांसद डॉ. एसटी हसन व अन्य जनप्रतिनिधियों ने एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। इसके बाद कुर्बानी का सिलसिला शुरू हो गया।



नमाज के बाद कुतबा पढ़ते नायब शहर इमाम मुफ्ती सैय्यद फहद अली।

### शाम से शुरू हुआ दावतों का सिलसिला

ईद अल-अजहा पर मुसलमान बकरा और अन्य जानवरों की कुर्बानी देकर उसका मीट गरीबों और रिश्तेदारों में तस्कीम करते हैं। इसके अलावा बहुत से लोग घर पर ही मीट के कई पकवान बनाकर रिश्तेदारों और पड़ोसियों की दावत करते हैं। शनिवार को ईद उल अजहा के पहले दिन महानगर के अलग-अलग इलाकों में दिन से लेकर रात तक दावतों का सिलसिला चला। लोगों ने अपने घर बढ़िया पकवान बनाकर रिश्तेदारों और पड़ोसियों को खिलाया।



ड्रोन से ईदगाह के आसपास क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था देखते डीएम अनुज सिंह, एसएसपी सतपाल अंतिल और एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह।



ईदगाह के पास तैनात आरएएफ के जवान।



ईदगाह रोड पर सुरक्षा का जायजा लेते एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह व एडीएम सिटी ज्योति सिंह। ● अमृत विचार

## ईदगाह पर चप्पे-चप्पे पर तैनात रही फोर्स

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शनिवार को ईद-उल-अजहा पर महानगर समेत जिले भर में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम रहे। डीएम और एसएसपी व्यवस्था का जायजा लेते रहे।

गलशहीद थाना क्षेत्र स्थित ईदगाह और आसपास के इलाके को 11 सेक्टर में बांटा गया। 9 डीएसपी के नेतृत्व में 400 पुलिसकर्मी जगह-जगह तैनात रहे। नमाज के दौरान पांच ड्रोन व 100 से अधिक सीसीटीवी से निगरानी की गई। कंट्रोल रूम में बैठकर पुलिसकर्मी एक-एक इलाके पर नजर रख रहे थे। 50 से अधिक पुलिसकर्मी सादे कपड़ों में ड्यूटी देते दिखे। नमाज से पहले ही एडीएम सिटी ज्योति सिंह, एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह, अपर नगरायुक्त अतुल यादव, सीओ कटघर आशीष प्रताप सिंह, सीओ सिविल लाइंस कुलदीप कुमार गुप्ता, सीओ सीओ कोतवाली सुनीता दहिया, सीओ राजेश कुमार समेत अन्य अधिकारी व्यवस्था बनाने में लगे रहे। नमाज सकुशल संपन्न होने के बाद अधिकारियों ने राहत की सांस ली। मेरठ से आए कंपनी कमांडर संजय कुमार सिंह, इंस्पेक्टर सतीश कुमार, एसआई जयपाल सिंह और एएसआई सत्यवीर सिंह के मार्गदर्शन में आरएएफ जवान तैनात रहे।

## भाजपा नेताओं ने नमाजियों पर बरसाए फूल

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** आपसी भाईचारे की मिशाल कांशीराम नगर में सिरकोई भूड़ में बकरीद के दिन दिखी। नमाज अदा करने जा रहे नमाजियों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल बरसाए। नमाज के बाद उनसे गले मिलकर ईद की बधाई दी। शनिवार को ईद उल अजहा का त्योहार मनाया गया। कांशीराम नगर में सिरकोई भूड़ में रामलीला कमेटी की ओर से नमाजियों पर पुष्पवर्षा कर उन्हें ईद की मुबारकबाद दी गई। भाजपा के पूर्व पार्षद अजय दिवाकर ने कहा कि इससे भाईचारे को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया है। इस मौके पर कांशीराम नगर रामलीला कमेटी अध्यक्ष डॉक्टर प्रमोद शर्मा, अरविंद शर्मा, मोंटी गुर्जर, देवेंद्र लोधी, तेजपाल गुप्ता आदि मौजूद रहे।



नमाजियों पर फूल बरसाते रामलीला कमेटी के कार्यकर्ता व भाजपा नेता।

# ऑपरेशन सिंदूर का प्रचार करना मजाक व फिजूल: सपा सांसद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● ईदगाह पहुंचीं सांसद रुचि वीरा ने दीं ईद की मुबारकबाद

**अमृत विचार :** ईद उल अजहा के अवसर पर ईदगाह पहुंची सपा सांसद रुचि वीरा ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा है कि देश भर में लग रहे ऑपरेशन सिंदूर के होर्डिंग्स और कटआउट ने इसे तमाशा बना दिया है। सिंदूर की एक परंपरा है, रस्म है, चुटकी भर सिंदूर की भी कोई कीमत नही हैं।

यह बात सपा सांसद ने ईदगाह में नमाज के बाद नमाजियों से मिलकर उन्हें मुबारकबाद देने के बाद मैदान के बाहर कही। कहा कि भाजपा ने ऑपरेशन सिंदूर का मजाक बना रखा है। सिंदूर किसी भी महिला को उसके पति के द्वारा दिया जाता है।

यह सब फिजूल की चीज है। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार परंपरागत तरीके से जो चीजें होती आई है उनमें अगर खलल डाल रही है तो यह गलत है। उन्होंने संगीत सोम के पीडीए को पाकिस्तान डेवलपमेंट अथॉरिटी कहने पर कहा कि वह क्या कहते हैं यह पता नहीं, लेकिन पीडीए अगड़े, पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक लोगों को एक साथ लेकर चलने वाला है।

संगीत सोम द्वारा सपा मुखिया अखिलेश यादव को मुगलकाल का आखिरी शासक की बात पर पर कहा कि पता नहीं उनको कहां से जानकारी मिली है। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव 2027 में फिर मुख्यमंत्री होंगे।



लोगों को ईद की बधाई देतीं सांसद रुचि वीरा व अन्य नेता।

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ
सत्र : 2025-26
Accreditations, Affiliations & Approvals
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG)-2025 में सूचीबद्ध
मेडिकल साइंसेस
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेंटल साइंसेस
डिप्लोमा-डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा-डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/नर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPCC)/एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/कम्युनिटी हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी.फार्म/बी.फार्म/एम.फार्म (फार्माकोलॉजी, फार्मास्यूटिक्स, फार्मासियूटिकल कैमिस्ट्री, फार्माकॉगनॉसी )
पैरामेडिकल साइंसेस
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी एण्ड ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/डिप्लोमा इन रेडियोथेरेपी तकनिशियन (DRIT)/ बैचलर इन ऑप्रेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (BOTT)/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)/एमएससी क्लीनिकल एम्ब्र्योलॉजी/ एम.एससी इन मेडिकल लैबोरेट्री सांइस (MMLS)/ मास्टर्स इन फिजीयोथेरेपी (MPT)
फोरेंसिक साइंसेस
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान, एमएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए/(आईटी और मल्टीमीडिया)/ एम.कॉम (ऑनर्स)/ मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (यू.पी.)
Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in

## हाथी घोड़ा पालकी... जय कन्हैया लाल की



श्री बांके बिहारी की पालकी यात्रा में शामिल लोग। ● अमृत विचार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** दिनदारपुरा मंदिर श्री रघुनाथ जी में रमार्चआ ट्रस्ट के तत्वावधान में शनिवार को बैंड बाजा के साथ पालकी यात्रा निकालकर भगवान श्री बांके बिहारी जी की प्रतिमा स्थापित की गई। भक्तों ने भगवान श्री बांके बिहारी का जयघोष किया।

प्रतिमा स्थापित करने के बाद मंदिर परिसर में हवन आरंभ हुआ। कीर्तन कर अंत में भगवान को छप्पन भोग अर्पित किया गया। इसके बाद विशाल भंडारे में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

आयोजन में जानकी रसोई/ठाकुर श्रीरघुनाथ जी रामार्चा सेवा ट्रस्ट के संस्थापक/अध्यक्ष पं. राघवेंद्र जोशी, गोविंद,रितेश रस्तोगी, रूपम रस्तोगी, जानकी, अनुसुइया, विदुषी ,संजय अग्रवाल,विपिन गुप्ता,सचिन गुप्ता,सुमित उपाध्याय,अमित अग्रवाल (छोटू), प्रेम प्रकाश अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, ऋषि रस्तोगी, प्रखर रस्तोगी, निकुंज रस्तोगी, केशव अग्रवाल आदि शामिल रहे।

# मानुष जन्म नाव तो प्रभु कथा है पतवार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** आराध्या ऑडिटोरियम मानसरोवर में चल रही श्रीहरि कथा के दूसरे दिन शनिवार को कथा-व्यास धीरशांत दास अर्द्धमौनी ने कहा कि केवल हरिकथा में वो सामर्थ्य है जो हमारे जीवन को भवसागर से भावसागर में प्रवेश कराने का सामर्थ्य रखती है।

कहा कि मानुष जन्म नाव है तो प्रभु कथा उसे डूबने से बचाने वाली पतवार। जीवन अगर पतंग है तो प्रभु कथा उसे भटकने से बचाने वाली डोर और जीवन अगर एक वृक्ष है तो प्रभु कथा इसे सूखने से बचाने वाला खाद पानी। अतः प्रभु कथा का आश्रय लो यह ठाकुर तक अवश्य पहुंचा देगी।



श्री हरि कथा महोत्सव में कथा सुनाते आचार्य धीरशांत दास अर्द्धमौनी।

● कथा-व्यास धीरशांत दास अर्द्धमौनी ने किया प्रवचन

कथा व्यास ने कहा कि अल्प समय का सत्संग भी निश्चित ही दूसरे को परम भागवत बना देता है। जिस प्रकार एक कमरा वर्षों से बंद पड़ा है, उसमें अंधकार भरा पड़ा है। परन्तु सूर्य की एक किरण सैकड़ों वर्षों से व्याप्त अंधकार को दूर भगा देती है।

आयोजन में विनय गुलाटी, अनिल सूरी, गोपाल मेहता, राजेश मेंहदीरत्ता, विजय गुप्ता, गुरविंदर सिंह, राजेश रस्तोगी, डा. अनुज अग्रवाल, सतीश गुप्ता, अशोक भाटिया, सतपाल पुगला, सोमनाथ पोपली, कमल सोनी, अजय शाह, प्रवीन गर्ग, विनय कुमार लोहिया, अनिल रस्तोगी, विजय बजाज, सुन्दर लाल, अजय शर्मा, गंगा सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

संवरता महानगर | नगर निगम ने लोकोशेड पुल की दीवार पर चित्रित किया समुद्र मंथन का जीवंत दृश्य

# अमृत की खोज में देवताओं व असुरों के संग्राम का साक्षी बना महानगर

विनोद श्रीवास्तव, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** विश्व प्रसिद्ध पीतलनगरी अब अमृत की खोज में देवताओं व असुरों के बीच महासंग्राम का साक्षी बन गई है। महानगर के लोकोशेड पुल की दीवार पर समुद्र मंथन के दृश्य को चित्रित कराकर स्वच्छ और सुंदर मुरादाबाद की पहल में एक और कदम बढ़ा है। इससे स्थानीय नागरिकों के साथ दिल्ली की ओर से आने वालों को नये मुरादाबाद की अप्रतिम झलक दिखेगी।

दिल्ली रोड पर विज्ञान पथ, साहित्य संविधान उपवन के बाद लोकोशेड पुल के पास की दीवार पर नगर निगम ने समुद्र मंथन के दृश्य का खूबसूरत व जीवंत चित्रण कराया है। इस पर की गई चित्रकारी के साथ रंग बिरंगी लाइटों से रात में इस दीवार पर समुद्र मंथन की अप्रतिम झलक लोगों को दिख रही है। इसमें समुद्र मंथन करते देवताओं और असुरों के जीवंत चित्रण के अलावा मंथन के बाद निकले अमृत को देवताओं में वितरित करना दर्शाया गया है। जिससे भारतीय सनातन संस्कृति व धार्मिक परंपराओं को लोगों को जानने व समझने का अवसर मिलेगा। खासकर युवा पीढ़ी व छात्र-छात्राओं का ज्ञान बढ़ाने में यह मददगार साबित होगा।




लोकोशेड पुल की दीवार पर कराया गया समुद्र मंथन का चित्रण। ● अमृत विचार

### दिल्ली रोड से निकलने पर होगा अनूठा अनुभव

इसके अलावा दिल्ली रोड पर ही विभिन्न धार्मिक मंदिरों के स्कल्पचर( मूर्तिकला) लगाए गए हैं जो महानगर की सुंदरता को बढ़ाकर पर्यटकों को अपनी ओर आकृष्ट करेगा। दिल्ली रोड से होकर लोकोशेड पुल से होकर रामपुर, बरेली, लखनऊ जाने वालों को नया अनुभव मिलेगा।

### समुद्र मंथन से निकले थे 14 रत्न

समुद्र मंथन में निकले सभी 14 रत्नों कालकूट विष (हलाहल), कामधेनु गाय, उच्चै:श्रवा घोड़ा, ऐरावत हाथी, कौस्तुभ मणि, कल्पवृक्ष, रंभा अप्सरा, महालक्ष्मी, वारुणी मदिरा, चंद्रमा, शारंग धनुष, पांचजन्य शंख, धन्वन्तरि और अमृत शामिल हैं। जिन्हें यहां दर्शाया गया है।

लोकोशेड की दीवार पर समुद्र मंथन का जीवंत चित्रण न केवल हमारे सांस्कृतिक इतिहास को दर्शाती है, बल्कि स्वच्छ, सुंदर व सुसज्जित मुरादाबाद की ओर से एक प्रेरणादायक कदम है। इससे नये महानगर की अनुभूति लोगों को होगी।
– **दिव्यांशु पटेल**, नगर आयुक्त

### आज का मौसम

मौसम सामान्य, तेज धूप रहेगी।

| 39.0° | 26.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05:16 | सूर्यास्त 07:12 |

## मामा के घर आई किशोरी लापता, रिपोर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के नवीननगर निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी बुआ की 16 वर्षीया बेटी 10 दिन पहले उसके घर रहने आई थी। युवक के अनुसार बीती 3 जून को वह ड्यूटी पर गया था। शाम को लौटकर आया तो किशोरी गायब थी। रिश्तेदारों में पूछताछ की, लेकिन पता नहीं चला।

कहीं से जानकारी मिली कि संभल के रजपुरा के गांव निरयाली निवासी लोकेंद्र उसे अगवा कर ले गया है। इस संबंध में थाना सिविल लाइंस प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना ने बताया कि तहरीर के आधार पर नामजद आरोपी लोकेंद्र और उसके अज्ञात साथी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की सकुशल बरामदगी के प्रयास किए जा रहे है।

# मौसम के तेवर: सूरज की तपिश से फिर चढ़ने लगा तापमान

## मौसम वैज्ञानिक बोले- धीमी पड़ी मानसून की गति, बारिश के लिए करना होगा इंतजार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** इस सप्ताह के अंत में मौसम फिर तेवर दिखा रहा है। हर दिन तापमान चढ़ रहा है। मानसून की सक्रियता थमने के बाद अभी गर्मी झेलने के लिए तैयार रहना पड़ेगा। एक दो दिन में तापमान 40 के पार पहुंच सकता है।

पिछले सप्ताह मौसम में नमी के चलते उमस से राहत थी। लेकिन इस सप्ताह के आखिरी के दिनों में सूरज की तपिश बढ़ने से तापमान चढ़ने लगा है। शनिवार को दिन में तेज धूप ने लोगों को चुभन का अहसास कराया। पंखे व कूलर की हवा बहुत कारगर नहीं थी। एसी में ही लोगों को सकून मिला। दिन में पेड़ों की छांव देखकर वाहन चालक राहत पाने में लगे रहे।

शीतल पेय की दुकानों पर लोगों की भीड़ रही। गन्ने के जूस, नारियल पानी, शिकंजी, कोल्ड ड्रिंक्स आदि का सहारा लोगों ने गर्मी से राहत पाने के लिए लिया। अगले कई दिन अभी मौसम में तल्खी बरकरार रहने का अनुमान जताया जा रहा है। शनिवार को अधिकतम तापमान 38.9 और न्यूनतम तापमान 26.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। आर्द्रता 33 प्रतिशत रहा। जबकि 7.3 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से हवा चली जो दिन में गर्मी बढ़ाती रही। शाम तक उमस बरकरार रही।



उफ गर्मी...जरूरी काम था तो निकलना बना मजबूरी। ● अमृत विचार

### 11 तक पूरी तरह शुष्क रहेगा मौसम

गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर के मौसम विशेषज्ञ आरके सिंह ने बताया कि मानसून की सक्रियता कम हो गई है। पहले 10-12 जून तक प्री मानसून का अनुमान था। लेकिन पश्चिम बंगाल की खाड़ी में वायु दबाव कम होने से मानसून मंद हो गया है। 11 जून तक मौसम पूरी तरह शुष्क रहेगा। अभी तपिश बढ़ेगी।

### गर्मी का पारा चढ़ने के साथ बढ़ा त्वचा संक्रमण

गर्मी का पारा चढ़ने के साथ ही धूप में एलर्जी से त्वचा संक्रमण भी बढ़ रहा है। लोगों के गर्दन, चेहरे और हाथ में छोटे-छोटे दाने निकल रहे हैं। जिला अस्पताल में त्वचा रोग ओपीडी में मरीजों की संख्या 15 से 20 प्रतिशत तक बढ़ी है। प्रतिदिन 120 से अधिक मरीज पहुंच रहे हैं। जिला अस्पताल की त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. वृंदा सहाय ने लोगों को धूप में न निकलने की सलाह दी है। उनका कहना है कि इस समय तापमान अधिकतम तापमान 35 डिग्री से ऊपर पहुंच रहा है। गर्मी बढ़ने से सनबर्न के चलते त्वचा में एलर्जी हो रही है। बहुत जरूरी होने पर ही धूप में निकलें। इस समस्या को लेकर अस्पताल आने वाले मरीजों को वह उपचार के साथ ही धूप में निकलते समय चेहरे, गर्दन व हाथों को कपड़े से ढकने की सलाह दे रही हैं। गर्मी में हाथों पर धूल चिपकने से खुजली की दिक्कत भी हो जाती है।

#### बचाव के लिए ये करें

हर रोज चार से पांच लीटर पानी पिएं, हाथ पैरों को ठंडे पानी से धोएं, धूप में निकलने से आधा घंटे पहले सनक्रीम लगाएं। शराब, तंबाकू और धूम्रपान न करें। भोजन के साथ सलाद और रसदार फल खाएं। दोपहर में नियमित रूप से छाछ, लस्सी और शिंकजी का सेवन करें।

## गर्मी में 10 से 14 घंटे की देरी से चल रही ट्रेनें यात्रियों का हो रहा हाल-बेहाल

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जून में लगातार बढ़ रही रही गर्मी के बीच ट्रेनों के बिगड़े संचालन ने यात्रियों का हाल बेहाल कर दिया है। प्रतिदिन दैनिक के साथ-साथ स्पेशल ट्रेनें भी अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंच रही है। जिससे यात्रियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। बढ़ती गर्मी में मंडल मुख्यालय से होकर गुजरने वाली दैनिक व स्पेशन ट्रेन में देरी से चल रही हैं। देरी से आने वाली ट्रेनों के इंतजार में यात्री गर्मी में परेशान हो रहे है। गर्मी के मौसम में समर स्पेशल ट्रेनों का संचालन यात्रियों की सुविधा के लिए किया जाता है। लेकिन मौजूदा समय में बढ़ रही गर्मी में हालात कुछ और है। कुछ दिनों ने दैनिक ट्रेनों के साथ-साथ समर स्पेशल ट्रेनें की यात्रियों की दुश्वारियों का सबब बन रही है। कुछ ट्रेनें 10 से 14 घंटे तक देरी से संचालित हो रही है। शनिवार को मुरादाबाद में 10 से ज्यादा ट्रेनें अपने अपने तय समय से काफी देरी से पहुंची, जिससे यात्री गर्मी में परेशान हुए।

| ट्रेन संख्या | नाम | कितनी देरी से पहुंची |
|---|---|---|
| 03223 | हरिद्वार स्पेशल | 14 घंटे 7 मिनट |
| 05284 | मुजफ्फरपुर स्पेशल | 10 घंटे |
| 04503 | चंडीगढ़ समर स्पेशल | 6 घंटे 74 मिनट |
| 04025 | दिल्ली समर स्पेशल | 5 घंटे 40 मिनट |
| 04606 | गुवाहाटी समर स्पेशल | 4 घंटे 42 मिनट |
| 05283 | आनंद विहार स्पेशल | 11 घंटे 55 मिनट |
| 05735 | अमृतसर कटिहार स्पेशल | 13 घंटे 8 मिनट |
| 04653 | अमृतसर क्लोन स्पेशल | 2 घंटे 35 मिनट |
| 04021 | न्यू दिल्ली समर स्पेशल | 5 घंटे 40 मिनट |
| 03311 | चंडीगढ़ गरीबरथ स्पेशल | 2 घंटे 31 मिनट |

## संयम अग्रवाल बने ताइक्वांडो के मान्यता प्राप्त कोच

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** बनवटा गंज सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में आलोक ताइक्वांडो अकादमी द्वारा ब्रेकिंग एग्जाम का आयोजन किया गया। जिसमें 51 खिलाड़ियों ने भाग लिया।


संयम अग्रवाल।

आयोजन में संयम अग्रवाल को विशेष रूप से उ.प्र ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा कोच लाइसेंस सर्टिफिकेट प्राप्त होने पर सम्मानित किया गया। सिर्फ 14 साल की उम्र में ब्लैक बेल्ट फर्स्ट डैन बनने वाले संयम को अब मान्यता प्राप्त कोच बनाया गया है। उन्हें यह सर्टिफिकेट केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित 5वीं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी ताइक्वांडो प्रतियोगिता में 15 से 18 मई 2025 के मध्य दिया गया था। आलोक ताइक्वांडो अकादमी के संस्थापक एवं ब्लैक बेल्ट 4 डैन आलोक कुमार द्वारा संयम अग्रवाल को कोच लाइसेंस प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ब्लैक बेल्ट 2 डैन मानवी मल्होत्रा, यश कुमार एवं ब्लैक बेल्ट 1 डैन शिव त्यागी मौजूद रहे।

## महिला को झांसे में लेकर ठग लिए सोने के कुंडल व माला

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● दो युवकों ने महिला को बातचीत में उलझाकर दिया घटना को अंजाम

**अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में एक महिला से शातिर ठगों ने झांसा देकर ठगी की वारदात को अंजाम दे दिया। दो युवकों ने महिला को बातचीत में उलझाया और सोने के कुंडल व गले की माला ठग ली। जिसके बाद दोनों फरार हो गए।

थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के 23वीं पीएसी निवासी अलका यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 5 जून की शाम वह दूध लेने के लिए चक्कर की मिलक गई थी। लौटते समय लगभग शाम 6 बजे रास्ते में दो युवक मिले, जो परिचित होने की बात कहते हुए खुद को बेटा बताते लगे और उन्हें कांठ रोड स्थित एक कपड़े के शोरूम के पास ले गए। वहीं एक युवक ने महिला को बताया कि उसका साथी 20 हजार रुपये का चोरी का सामान लेकर आया है और उसे 6 हजार रुपये चाहिए। युवक ने कहा कि वह अपने गहने गिरवी रख दे और बाद में सामान का बंटवारा कर लेंगे। लालच में आकर महिला ने कुंडल (लगभग 5 ग्राम) और गले की मोतियों की माला जिसमें सोने का पेंडेंट (लगभग 5 ग्राम) था, उतारकर युवक को दिखा दिया। इसके बाद युवक ने रुमाल में गहने बांधने की बात कहकर रुमाल में कुछ और रखकर वापस महिला को थमा दिया। ठगों के जाने के बाद जब महिला ने रुमाल खोला तो उसमें गहनों की जगह घड़ी का खाली खोल निकला। पीड़िता ने तत्काल थाना सिविल लाइंस पहुंचकर घटना की जानकारी दी। थाना सिविल लाइंस के प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना ने बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर दो अज्ञात युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच जारी है।

## खोदाई में निकला शिवलिंग, खेत के पास करा दिया स्थापित

मुरादाबाद, अमृत विचारः छजलैट थाना क्षेत्र के गांव चक हमीदपुर में खेत की खोदाई के दौरान शिवलिंग निकलने की सूचना दूर-दूर तक फैल गई। खेत मालिक ने पूजा अर्चना कर खेत किनारे शिवलिंग को स्थापित करा दिया। इसे देखने के लिए आसपास के गांव के सैकड़ों ग्रामीण जुट गए।

शनिवार को चक हमीदपुर निवासी विनीत कुमार खेत से मिट्टी उठवा रहे थे। तभी जेसीबी किसी मजबूत चीज से टकरा गई। जेसीबी चालक ने नीचे उतरकर देखा तो वहां शिवलिंग मौजूद था। खेत स्वामी ने बिना किसी को सूचना दिए अपने खेत के पास ही शिवलिंग स्थापित करा दिया। शिवलिंग को देखने के लिए काफी संख्या में लोग जुट गए। छजलैट पुलिस जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी ने मामले की जानकारी प्रशासनिक अधिकारियों को दे दी। शिवलिंग की जांच विशेषज्ञों से भी कराई जाएगी।

## रामपुर का युवक लापता हत्या के शक में दो पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● मां ने दी तहरीर, एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर शुरू की जांच

**अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में एक युवक के लापता होने का मामला सामने आया है। रामपुर निवासी मां ने बेटे के अपहरण व हत्या की आशंका जताते हुए दो नामजद लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रामपुर जिले के थाना मिलक क्षेत्र के मोहल्ला असदुल्लापुर निवासिनी ब्रजबाला शर्मा ने एसएसपी सतपाल अंतिल को दिए गए शिकायत पत्र में बताया कि उनका बेटा अक्षय कुमार बीती 20 मई की सुबह लगभग 11 बजे कांठ रोड स्थित कास्मॉस अस्पताल जाने की बात कहकर घर से निकला था। महिला का आरोप है कि मुरादाबाद निवासी नेहा और व्हाइट स्टार अस्पताल में यूनिट इंचार्ज राहुल गिल अक्षय को ब्लैकमेल कर रहे थे। दोनों उस पर मानसिक दबाव बना रहे थे और जान से मारने की धमकी भी दे चुके थे।

मां के अनुसार धमकियों के चलते अक्षय ने नेहा और राहुल को अब तक 2.42 लाख रुपये भी दे दिए थे। आरोप लगाया कि 20 मई की दोपहर 3:41 बजे बेटे का आखिरी वॉइस मैसेज मिला, जिसमें उसने कहा था कि उसे अच्छा नहीं लग रहा है। नेहा व राहुल उसका पीछा कर रहे हैं इसलिए वह घर आ रहा है। इसके बाद से उसका फोन बंद है।

मां ने आरोप लगाया कि दोनों ने अक्षय का अपहरण कर हत्या कर दी है। मामले में थाना सिविल लाइंस प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना ने बताया कि तहरीर के आधार पर नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## मनोहरपुर के प्रदीप का था जंगल में मिला शव

संवाददाता, बिलारी

● पोस्टमार्टम से नहीं खुला मौत का राज, पुलिस ने सुरक्षित रखा विसरा

**अमृत विचार:** बिलारी के सतारन गांव के जंगल में मिले अज्ञात युवक के शव की पहचान थाना मझोला क्षेत्र के मनोहरपुर निवासी प्रदीप के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट में युवक की मौत का खुलासा नहीं हो पाया इसलिए विसरा सुरक्षित रख लिया गया है।

सतारन गांव के जंगल में बीते शुक्रवार को एक युवक का शव मिला था। सूचना पर पुलिस क्षेत्राधिकारी और कोतवाली प्रभारी अमरनाथ वर्मा मौके पर पहुंचे। प्रारंभिक जांच में शिनाख्त नहीं हो सकी, जिसके बाद फॉरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य संकलित कराए गए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। शनिवार को मृतक की पहचान जिले थाना मझोला क्षेत्र के मनोहरपुर गांव निवासी 28 वर्षीय प्रदीप पुत्र महेश के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार प्रदीप की ससुराल सतारन गांव में है। वह बीते शुक्रवार को अपने दो वर्षीय बेटे से मिलने के लिए ससुराल आया था। कुछ समय बाद उसका शव जंगल में स्थित एक ट्यूबवेल की कोठरी के पास संदिग्ध अवस्था में मिला। कोतवाली प्रभारी अमरनाथ वर्मा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में प्रदीप की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। लिहाजा, मौत की वजह जानने के लिए उसका विसरा संरक्षित कर जांच के लिए भेजा गया है। पुलिस की प्राथमिक जांच में यह भी सामने आया है कि प्रदीप और उसकी पत्नी पूजा के बीच वैवाहिक विवाद चल रहा था, जिसके चलते पूजा अपने मायके में रह रही थी। मृतक के पिता महेश ने बेटे की मौत पर संदेह जताते हुए कोतवाली में कार्रवाई की मांग को लेकर तहरीर दी है।

### 10 दिन पहले झुलसी बच्ची की अस्पताल में मौत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** थाना मझोला की एकता कॉलोनी निवासी सोनू के घर पर 26 मई को सिलेंडर खत्म हो गया था। अगले दिन 27 को डिलीवरी मैन सिलेंडर लेकर पहुंचा। सिलेंडर लगाया तो वह लीक हो रहा था। सोनू ने शिकायत डिलीवरी मैन से की, लेकिन वह टालमटोल कर चला गया। इसी बीच सोनू की पत्नी ने जैसे ही गैस जलाने का प्रयास किया तो लीक सिलेंडर में आग लग गई। आग पूरी रसोई में फैल गई। इससे सोनू का भाई मोनू, इनकी पत्नी अंजू, सोनू की ढाई वर्षीय बेटी आनंदी और अनामिका झुलस गई थी। गंभीर हालत में चारों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। चारों का यहां उपचार चल रहा है, लेकिन शनिवार की सुबह आनंदी की उपचार के दौरान मौत हो गई। जानकारी पर पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सोनू का कहना है कि डिलीवरी मैन की लापरवाही के चलते आग लगी है। अगर तभी लीक सही कर दिया जाता तो हादसा नहीं होता। वहीं थाना मझोला प्रभारी निरीक्षक आरपी शर्मा ने बताया कि अभी तक शिकायती पत्र नहीं मिला है।

## पंचायत चुनाव की तैयारी, जनसंख्या के आंकड़े मांगे

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** पंचायत चुनाव की सरगर्मियां शुरू हो गई हैं। प्रदेश के पंचायती राज विभाग के निदेशक ने जिले के अधिकारियों से वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार ग्राम पंचायतों एवं क्षेत्र पंचायतों का विकास खंड की श्रेणीवार संशोधित जनसंख्या के आंकड़े मांगे हैं। हार्डकॉपी एवं सॉफ्ट कॉपी ई-मेल-up.panchayatiraj<bha>@</bha>gmail.com पर 20 जून तक निदेशालय को देनी होगी। जिला पंचायत राज अधिकारी को आदेश का कड़ाई से पालन करने का निर्देश निदेशक ने दिया है। पंचायत राज अधिकारी वाचस्पति झा ने बताया कि वर्ष 2021 के पंचायतों के सामान्य निर्वाचन के बाद सीमा विस्तार किया गया था। जिसके बाद जनसंख्या में बदलाव हुआ है।

## ईपीसीएच अध्यक्ष नीरज के सम्मान में समारोह



यस की ओर से आयोजित कार्यक्रम में मंचासीन ईपीसीएच के नव निर्वाचित अध्यक्ष नीरज विनोद खन्ना व अन्य अतिथि।

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● यंग एन्टरप्रेन्योर्स सोसायटी (यस) की ओर से कार्यक्रम

**अमृत विचार :** शनिवार की रात कांठ रोड स्थित होटल द ग्रेट विलेज हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) के नव-निर्वाचित अध्यक्ष नीरज विनोद खन्ना के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया। मेजबानी युवा उद्यमी समाज (यस) द्वारा की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान से हुई। अध्यक्ष जेपी सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। विभिन्न संगठनों और प्रतिष्ठितजनों द्वारा डॉ. नीरज का माल्यार्पण कर उन्हें सम्मानित किया गया। मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन के संरक्षक नजमुल इस्लाम को भी स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान ईपीसीएच के महानिदेशक व आईईएमएल के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार के योगदान के लिए कृतज्ञता व्यक्त की गई। संबोधन में डॉ. नीरज ने कहा कि वे जिम्मेदारी को नई ऊर्जा, नव दृष्टिकोण तथा समावेशी सोच के साथ निभाएंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्य मंत्री तरुण राठी, जिपं अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह, महापौर विनोद अग्रवाल, कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह, हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्टर्स के अध्यक्ष नवेदुरहमान, महासचिव अवधेश अग्रवाल, यस के अध्यक्ष विशाल अग्रवाल, निर्यातक रोहित ढल, जेपी सिंह, सनत कोठीवाल, पुनीत आर्य, कुनाल दवे, गगन दुग्गल, राज यादव, हरविंदर सिंह, आलोक मेहता समेत कई लोग मौजूद रहे।

## ससुर पर रेप के प्रयास का आरोप

**बिलारी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में ससुर ने पुत्रवधू को जबरन शराब पिलाकर नशा करा दिया और उसे दुष्कर्म करने की नीयत से बिस्तर से उठाकर ले गया। चीख पुकार पर लोगों के पहुंचने पर विवाहिता बची। आरोपी के विरुद्ध कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

बिहार निवासी युवती ने बताया कि उसका विवाह बिलारी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक से आठ माह पूर्व हुआ था। शादी के बाद से ही ससुर नन्हे गंदी नजर रखता था। कई बार उसके साथ छेड़छाड़ की। 30 मई को उसे जबरन शराब पिलाकर नशा कर दिया और बुरी नीयत से उठाकर ले गया। दुष्कर्म करने के लिए दबोच लिया। चीख पुकार के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। जिससे उसकी जान बच पाई। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

## पति पर युवतियों का धर्म परिवर्तन कराने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● तलाकशुदा महिला की शिकायत पर एसएसपी ने सीओ सिविल लाइंस को सौंपी जांच

**अमृत विचार:** तलाकशुदा महिला ने पति पर हिंदू युवती का धर्म परिवर्तन कराकर उसके साथ रहने का आरोप लगाया है। बताया कि पति पहले भी कई हिंदू युवतियों का धर्म परिवर्तन करा उन्हें बेच चुका है। पीड़िता की शिकायत पर एसएसपी ने सिविल लाइंस सीओ को जांच सौंपी है।

जनपद के थाना डिलारी क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला का निकाह लगभग सात साल पहले जनपद अमरोहा के थाना नौगावां क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक से हुआ था। एसएसपी को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि शादी से पहले ही पति कई हिंदू युवतियों को प्रेम जाल में फंसाकर उनका धर्म परिवर्तन करा उन्हें बेच चुका है। शादी के बाद जब इस बात की जानकारी उसे हुई तो उसने विरोध किया। जिस पर पति ने परिजनों के साथ मिलकर उसे मारपीटा और तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया। अब वह पिछले छह साल से मायके में रह रही है। महिला के अनुसार अब उसका पति मझोला क्षेत्र के मोहल्ला कांशीराम निवासी एक हिंदू युवती के साथ रह रहा है। उसने उस युवती का धर्म परिवर्तन करा के नाम फरहा रखवा दिया है। इस संबंध में सीओ सिविल लाइंस कुलदीप कुमार गुप्ता ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## सड़क की कराई मरम्मत, ग्रामीणों को सहूलियत

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** ग्राम पंचायत छिरावली विकास खंड कुंदरकी में 5 साल से ग्राम पंचायत का मुख्य रास्ता खराब था। मार्ग पर 3 से 4 फीट पानी भरने से गांव वालों को आने जाने में परेशानी होती थी। प्रतिदिन काफी संख्या में बच्चे, नौकरीपेशा और किसान आदि राहगीर दिक्कतों का सामना करते थे। कई बार शिकायतों के बावजूद सुनवाई नहीं हुई तो भाकियू टिकैत के युवा जिलाध्यक्ष ऋषव चौधरी ने इस जर्जर मार्ग की मरम्मत कराई जिससे गांव वालों को काफी सहूलियत हो गई।

युवा जिला प्रवक्ता अमर सिंह चौधरी, फिरोज खान, इरफान मलिक, रियाज मलिक, फहीम मलिक, जाकिर, आसिम मलिक, शमशाद आदि ने सराहना की।

## नियमावली के विरुद्ध किया कार्य दो शिक्षकों पर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** पहले से ड्रेस घोटाले में फंसी शिक्षिका और प्रधानाध्यापक अब कई और मामले में फंस चुके हैं। बेसिक शिक्षा विभाग दोनों पर कार्रवाई करने की तैयारी में है। शिक्षिका द्वारा कर्मचारी आचरण नियमावली के खिलाफ कार्य किए गए थे। पीपल साना प्राथमिक विद्यालय द्वितीय में तैनात प्रधानाध्यापक पर सरकारी नियमावली को दरकिनार कर शिक्षक पद पर तैनाती के दौरान राजनीति करने का आरोप है। बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार ने बताया कि एबीएसए वेगीश गोयल द्वारा की गई कई जांचों व अन्य सूचनाओं से प्राप्त जानकारी के अनुसार ठाकुरद्वारा ब्लॉक के बथुआ खेड़ा में तैनात इंचार्ज अध्यापक सीमा गहलोत द्वारा कर्मचारी नियमावली के विपरीत कार्य करने के साक्ष्य मिले हैं। वह पहले से ही ड्रेस घोटाले की आरोपी है। इनके साथ ही पीपलसाना प्राथमिक विद्यालय के प्रधान अध्यापक सुमित चौहान पर 2019-20 में ड्रेस घोटाले के आरोप की जांच के दौरान कर्मचारी नियमावली के विरुद्ध शिक्षक पद पर रहते हुए राजनीति करने और नेताओं की प्रचार होर्डिंग्स पर उनके फोटो लगे होने के साक्ष्य मिले हैं। जो कि सरकारी कर्मचारी के नियमावली का उल्लंघन और अनुशासनहीनता है। साक्ष्यों के आधार पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इसमें पहले नोटिस दिया जाएगा। निर्धारित समय के भीतर जवाब की दशा में अग्रिम कार्रवाई होगी।

संस्मरण

महानगर के लेग स्पिनर पीयूष के सन्यास लेने की घोषणा के बाद उनके साथ बिताए पलों को याद कर रहे लोग

# पीयूष चावला ने क्रिकेटर ही नहीं मार्गदर्शक की भी निभाई भूमिका

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** भारतीय क्रिकेट टीम में खेलने वाले मंडल के पहले खिलाड़ी महानगर निवासी लेग स्पिनर पीयूष चावला ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर पेशेवर क्रिकेट के सभी प्रारूपों से सन्यास की अधिकारिक पोस्ट की थी। इसके बाद खेल प्रेमियों के साथ ही शुरुआती दौर में महानगर में उनके साथ अभ्यास करने वाले खिलाड़ियों ने बिताए पलों को याद किया। सभी ने एक स्वर में कहा कि वह सिर्फ अच्छे क्रिकेटर नहीं बल्कि खिलाड़ियों में जोश भर देने वाले मार्गदर्शक भी हैं।

सोनकपुर स्टेडियम में सीनियर क्रिकेटर शिवम कुमार (गुगली) ने बताया कि जब पीयूष पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज खेलकर मुरादाबाद आए थे तो उन्होंने स्टेडियम में गुगली करते हुए देखा। वह मेरी बॉलिंग को देखकर इतने प्रभावित हुए कि इनाम में अपने जूते उतारकर दे दिए। तभी से महानगर में मुझे गुगली के नाम से पहचान मिली।


शिवम कुमार।


आशुतोष शर्मा।

आशुतोष शर्मा ने बताया कि आज भी जब कभी वह स्टेडियम में आते हैं तो खिलाड़ियों को क्रिकेट की बारीकियां बताते हैं। 2008 की एक याद को साझा करते हुए उन्होंने बताया कि स्टेडियम में पहले दिन उन्होंने एक-एक बच्चे को बुलाकर सिखाया कि बॉल कैसे पकड़नी है, थ्रो करते समय एक बॉलर का ध्यान सिर्फ स्टंप पर हो और रन आउट करने के साथ ही कई अन्य बारीकियां सिखाईं।


पीयूष के संन्यास की घोषणा के बाद स्टेडियम में उनके सम्मान में बल्ले उठाते खिलाड़ी।

**2006 में किया डेब्यू :** भारत के लिए खेलते हुए पीयूष चावला ने पेशेवर क्रिकेट में सभी प्रारूपों में कुल 1000 से अधिक विकेट अपने नाम किए। उन्होंने 2012 में अपने आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच तक 6 साल में भारत के लिए तीन टेस्ट, 25 वनडे और सात टी-20 मैच खेले, जिसमें उन्होंने कुल 43 विकेट लिए हैं।

### चार फ्रेंचाइजी के लिए खेला आईपीएल

मार्च 2006 में इंग्लैंड के खिलाफ पहली बार टेस्ट मैच में डेब्यू करके इतिहास रचा था। उस समय पीयूष चावला की उम्र लगभग 17 वर्ष थी। वह सचिन तेंदुलकर के बाद टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू करने वाले दूसरे सबसे युवा खिलाड़ी बने थे। पीयूष चावला ने चार फ्रेंचाइजियों (किंग्स इलेवन पंजाब, कोलकाता नाइटराइडर्स, चेन्नई सुपरकिंग्स और मुंबई इंडियंस) के लिए आईपीएल खेला है।


उनको टीवी पर ही मैच खेलते हुए देखा है, जिस तरह उनका मैदान पर परफॉर्मेंस रहा है। एक बार उनसे मिलकर क्रिकेट की बारीकियां सीखने का सपना है।
**- शौर्य यादव**, क्रिकेटर


भारतीय गेंदबाजों की बात करें तो पीयूष चावला मेरे सबसे पसंदीदा बॉलर रहे हैं। उन्हें खेलते हुए देख काफी कुछ सीखने को मिला।
**-पार्थ सारथी**, क्रिकेटर

## एक नजर

### छेड़खानी कर वीडियो बनाकर वायरल करने में तीन पर रिपोर्ट

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** पुलिस ने ठाकुरद्वारा रतुपुरा मार्ग स्थित एक गांव निवासी युवती से छेड़खानी करने और अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने के मामले में तीन युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि करीब डेढ़ वर्ष पूर्व वह मां के इलाज के लिए गांव के एक व्यक्ति के साथ बाइक से रुपयों के इंतजाम के लिए घूम रही थी। तभी रास्ते में गांव के नरेश ने उसे रोक लिया। उसके साथ छेड़खानी की और अश्लील वीडियो बना ली। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 500 रुपये भी ले लिए। बाद में गांव के सर्वेश मास्टर और अब्दुल कादिर की मदद से उसका अश्लील वीडियो वायरल कर दिया। जिसकी जानकारी उसे अब कुछ दिन पहले मिली है। पुलिस ने युवती की तहरीर पर तीनों आरोपियों नरेश, सर्वेश मास्टर और अब्दुल कादिर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### सड़क पर मिला मांस का टुकड़ा, लोगों में आक्रोश

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद ठाकुरद्वारा के सफाई कर्मचारियों की लापरवाही से पुराने बस स्टैंड के सामने सड़क पर मांस का एक बड़ा टुकड़ा पड़ा था। वहां से कर्मचारियों की टीम गुजरती रही लेकिन किसी ने उसे हटाना उचित नही समझा। नागरिकों द्वारा दी गई जानकारी पर भाजपा मीडिया प्रभारी कमलेश कुमार व पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार चौहान ने मौके पर पहुंचकर एसडीएम प्रीति सिंह को जानकारी दी। एसडीएम ने तत्काल संज्ञान लेते हुए नगर पालिका सफाई कर्मचारियों को भेजा। जिसके बाद मांस के टुकड़े को कर्मचारी गाड़ी में भरकर ले गए। लोगों का आरोप है कि नगर पालिका कार्यालय व नगर पालिका अध्यक्ष से संपर्क किया गया लेकिन फोन रिसीव नहीं किया गया। आक्रोशित लोगों ने एसडीएम से लापरवाह कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

# बकरीद पर मुल्क व कौम की तरक्की के लिए की दुआ

## ईदगाहों से लेकर मोहल्लों की मस्जिदों में अदा की गई ईद उल अजहा की नमाज, कुर्बानी के बाद चला दावतों का सिलसिला

संवाददाता, ठाकुरद्वारा/भोजपुर

**अमृत विचार :** ईद-उल-अजहा का त्योहार शनिवार को अमनो-अमान के साथ मनाया गया। नगर से लेकर गांवों की ईदगाहों में सवेरे हुई नमाज में मुल्क व कौम की तरक्की के लिए अल्लाह की बारगाह में हजारों नमाजियों के हाथ उठे। गर्मी के चलते मस्जिदों में भी ईद की नमाज का एहतमाम किया गया। नमाज के बाद मुसलमानों ने कुर्बानी का फरीजा अदा किया। इसके बाद रिश्तेदारों और दोस्तों को घर बुलाकर दावत दी। शाम तक दावतों का सिलसिला चलता रहा।


नगर में ईदगाह ताली व स्योहारा रोड स्थित ईदगाह में नमाज अदा की गई। जहां शहर इमाम ने ईद की तारीख बयान कर कुर्बानी की फजीलत बताई। कहा कि कुर्बानी का मकसद दिखावा नहीं बल्कि अल्लाह को राजी करना है। जामा मस्जिद मरकज कुरेशियान में मौलाना यामीन कासमी ने ईद की नमाज अदा कराई। इसमें सदर हाजी याकूब कुरेशी, मोहतमिम हाजी फहीम कुरेशी, खजांची मौलाना नदीम नदवी, मौलाना शुएब नदवी, इकराम कुरेशी, मोहम्मद तकी, सगीर अहमद, हाजी मोबिन, हाजी इरशाद, हाजी इस्हाक आदि थे। मस्जिद अब्दुल गनी नई बस्ती, मस्जिद हुसैनिया, मस्जिद फिरदौस कुरेशियान, मस्जिद छीपियान, मदरसा अंसारियान में भी नमाज मुकर्रर वक्त पर अदा की गई। शरीफ नगर ईदगाह में शहर इमाम परवेज आलम ने ईद की नमाज अदा कराई। बागवाली मस्जिद, शाही मस्जिद और मिस्बाही मस्जिद में भी ईद की नमाज अदा कराई गई। यहा पर शरीफ नगर समेत असपास के करीब दर्जनभर गांवों के लोगों ने पहुंचकर कुर्बानी की। सुरजन नगर ईदगाह में मुफती मोहियुदृदीन ने नमाज अदा कराई।

दूल्हापुर और लालापुर पीपलसाना में भी ईद की नमाज शांतिपूर्व अदा की गई ग्राम रतूपुरा, फरीद नगर, बंकवाला, गोपीवाला, रामनगर खागूवाला में भी ईद की नमाज शांतिपूर्व अदा की गई। ईद की नमाज के बाद लोगों ने कुरबानी की रस्म अदा की। कुरबानी के बाद देर शाम तक दावतों का सिलसिला चलता रहा। कुरबानी और दावतों का सिलसिला तीन दिन तक चलेगा।

वहीं भोजपुर में शनिवार सुबह सात बजे पुरानी ईदगाह पर शाही मस्जिद के इमाम मौलाना नौमान अली ने ईद-उल-फितर की नमाज पढ़ाई। इस दौरान उन्होंने लोगों से नबी के बताए हुए रास्ते पर चलकर कुर्बानी के जानवर जिवाह करने की हिदायत दी। हलाल के पैसे से ही कुर्बानी के जानवर खरीदें।



भोजपुर में रेलवे स्टेशन रोड पर स्थित ईदगाह में दुआ मांगते मुस्लिम समुदाय के लोग। ● अमृत विचार



ठाकुरद्वारा सूरज नगर रोड पर स्थित ईदगाह में नमाज अदा करते नमाजी।

बस स्टैंड पर स्थित ईदगाह पर सुबह साढ़े सात बजे शहर इमाम मौलाना मोहम्मद हनीफ ने ईद-उल-फितर की नमाज पढ़ाई। इस दौरान उन्होंने लोगों से एक-दूसरे की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करने और आपस के भेदभाव मिटाकर भाईचारे से रहने का आह्वान किया।

निकटवर्ती गांवों पीपलसाना, भोपुर, महमूदपुर तिगरी, लालुवाला, चकरपुर पूरनपुर, खय्या खाद्य, साहपुर, गनीनगर, सिढ़लऊ नजरपुर मौहब्बतपुर, इस्लामनगर, धारकनंगला, देवीपुरा, गजरोला, बहेड़ी ब्रहमान, मनकुआ, मिर्जापुर, अकबरपुर, बाजिदपुर, गणेशपुर, देवीपुरा, रानी नांगल, गौधी, हमीरपुर, हठहठ, चकबेगमपुर, ठिकरी, सिरसवां, कोहरवाकू, सरदार नगर, जैतपुर, नकटपुरी आदि गांवों में भी ईदगाहों पर ईद-उल-फितर की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक एवं बीट प्रभारियों की टीमें लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लेतीं रहीं।



### जामा मस्जिद के पेश इमाम ने अदा कराई नमाज

**अगवानपुर, अमृत विचार :** नगर पंचायत में स्थित ईदगाह में ईद उल अजहा के मौके पर हजारों नमाजियों ने नमाज अदा की। ईदगाह में नगर की जामा मस्जिद के पेश इमाम फरीद रजा मिसबाही ने नमाज अदा कराई। वहीं दूसरी ओर शिया जामा मस्जिद में मौलाना मो. हुसैन ने नमाज़ अदा कराई। इस दौरान मौलाना ने खुतबा बयान किया। मौलाना ने बताया कि कुर्बानी का ओज व खून आदि को जमीन में गहरा गड्ढा खोद कर दफना दें जिससे कुर्बानी के जानवर की बेहुरमती न हो सके। नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे से गले मिल कर मुबारकबाद दी। नमाज़ियों की सुरक्षा के लिए नगर में पुलिस प्रशासन सतर्क रहा।



कांठ में ईद की नमाज अदा करते मुस्लिम समाज के लोग। ● अमृत विचार

# शांतिपूर्ण माहौल में मनाई गई ईद उल अजहा

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार:** शनिवार को मुस्लिम समाज ने हर्षोल्लास और सादगी के साथ ईद उल अजहा का त्यौहार मनाया। शांतिपूर्ण माहौल में परंपरागत तरीके के साथ ईदगाहों व मस्जिदों पर नमाज अदा की गई। नमाज के एक दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद पेश की।

नमाज के बाद लोगों ने कुर्बानी की रस्म अदा की। नगर स्थित ईदगाह के मैदान में नमाज निर्धारित समय पर सुबह 7:30 बजे कारी अनीस रजा अजहरी ने पढ़ाई। खुत्बा पढ़ने के बाद दुआ कराई गई। नमाज अदा करने के बाद पेश इमाम कारी अनीस रज़ा अजहरी।काजी सोहेल अहमद, सज्जादा नशीन हाशिम मियां साबरी, चेयरमैन पति मेहंदी हसन, समाजसेवी कल्लू प्रधान ने गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। वहीं कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने भी अपनी आवास पर क्षेत्र के लोगों से ईद मिली और मुबारकबाद पेश की।

ब्लॉक प्रमुख पति गुलाम जिलानी ने आवास पर लोगों से ईद मिली। ग्राम डोंमघर के निकट सैफपुर.चित्तू की ईदगाह पर पूर्व विधायक हाजी मोहम्मद रिजवान ने ईद की मुबारकबाद दी।

ग्राम जलालपुर खास में पूर्व मंत्री हाजी अकबर हुसैन ने ग्राम स्थित ईदगाह पर समर्थकों सहित नमाज अदा की और लोगों को मुबारकबाद पेश की। हाजी शरीफुद्दीन पाशा, एडवोकेट आरिफ पाशा ने भी अपने आवास पर लोगों से ईद मिली और मुबारकबाद दी। जिला पंचायत सदस्य नावेद उर्फ बबलू ने मुबारकबाद पेश की।देहात क्षेत्र के ग्राम हाथीपुर चित्तू, महलोली, गजीपुर, बाखीपुर, पीतपुर, सौंदा, बाछल भूड़, जलालपुर खास, बगरउआ, चक फाजलपुर, सैफपुर चित्तू, रूपपुर, गदी पुरा, कमालपुर फतेहाबाद, भीकनपुर कुलवाड़ा, डोंमघर, इमरतपुर फखरुद्दीन, हरियाना, ढकिया जुम्मा, इमरतपुर सिरसी, डींगरपुर, ताहरपुर, नानकार, रसूलपुर, ललवारा, मेहमूदपुर माफी, डींगरपुर, ताहरपुर, हिसामपुर, पंडित नगला, असालत नगर बघा, मैनाठेर, नानकार आदि गांवों में शांतिपूर्ण तरीके से नमाज अदा की गई।



कुंदरकी ईदगाह पर ईद उल अजहा की नमाज अदा करते मुस्लिम समाज के लोग। ● अमृत विचार

### ईदगाह पर तैनात रही पुलिस

ईद की नमाज के दौरान ईदगाह पर थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप शेरावत चौकी इंचार्ज राजनाथ सिंह और इंटेलिजेंस की टीम भी उपस्थित रही। थाना मैनाठेर थाना प्रभारी निरीक्षक किरनपाल सिं, डींगरपुर चौकी अनिल कुमार ने क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को मुबारकबाद दीं।

# बकरीद पर दूसरों की मदद करने का दिया संदेश

कांठ/छजलैट

● **ईदगाहों में उमड़े नमाजी, निर्धारित स्थानों पर हुई कुर्बानी**

**अमृत विचार:** क्षेत्र की ईदगाहों में शनिवार को सुबह ही नमाजी पहुंच गए। नमाजियों ने नमाज अदा करने के बाद कौम, मुल्क, और अमन के लिए दुआ मांगी। शहर इमाम ने तकरीर में दूसरों की मदद करने का संदेश दिया। इसके बाद निर्धारित स्थानों पर कुर्बानी दी गई।

शनिवार सुबह 7:30 बजे कांठ की ईदगाह में शहर इमाम मौलाना मोहम्मद शोएब ने नमाज अदा कराई। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष इकबाल आलम अंसारी, समाज सेवी जुल्फिकार अहमद, डॉ मो. यूसुफ, डॉ सिराजुद्दीन अंसारी, शाकिर सैफी, वकील अहमद, रिजवान शकील, शरीफ अहमद, डॉक्टर नौशाद अहमद, रिजवान मौजूद रहे। सुरक्षा की दृष्टि से एसपी देहात कुंवर आकाश, एसडीएम संत दास पवार, तहसीलदार अंजली सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी गौरव त्रिपाठी, थाना प्रभारी निरीक्षक विवेक शर्मा, कस्बा चौकी इंचार्ज योगेश मलिक, वरिष्ठ उप निरीक्षक सुभाष धनगड़, उप निरीक्षक कमलदीप मौजूद रहे। उधर उमरी कलां में शहर इमाम मौलाना मुफ्ती शाहिद ने नमाज अदा कराई। चैयरमेन हाजी मोहम्मद उस्मान अली, युवा नेता मोअज्जम अली उर्फ़ आज़म, मोहम्मद शहजाद, पूर्व चैयरमेन जमशेद सईद, अजमल हुसैन फारुकी, फुरकान अली, मा.शमीम, अतीकुर्रहमान, सरबत हुसैन, मशरुर अहमद, अधिशासी अधिकारी अरविंद कुमार मौजूद रहे। छजलैट जामा मस्जिद में डॉ जहीर अहमद, अनीस अहमद, जुबैर आलम, शोएब मलिक, फुरकान, सादिक़ हुसैन, अकरम मौजूद रहे। सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी निरीक्षक संजय पांचाल मौजूद रहे। कांठ की जामा मस्जिद, ईदगाह वाली मस्जिद, मोती मस्जिद, मदीना मस्जिद, लाल मस्जिद, ठंडी मस्जिद, अंसारियांन मस्जिद, गुलशने कादरी मस्जिद, मस्जिद कादियान, छप्पर वाली मस्जिद, माहीग्रान मस्जिद, सहित सभी मस्जिदों में नमाज अदा की गई।




# एक दूसरे को गले मिलकर दी ईद की बधाई

संवाददाता, बिलारी

● **बिलारी नगर व देहात क्षेत्र में सौहार्द के साथ संपन्न हुई ईद उल अजहा की नमाज**

**अमृत विचार:** बिलारी नगर व देहात क्षेत्र में ईद उल अजहा की नमाज शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। लोगों ने एक दूसरे के गले लग कर लोगों ने ईद की बधाई दी। इस दौरान नगर में नगर पालिका द्वारा विशेष साफ सफाई कराई गई वहीं सुरक्षा व्यवस्था के लहजे से पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रहा।

शनिवार को नगर की ईदगाह में ईद उल अजहा की नमाज में मुसलमानों ने मुल्क और कौम की तरक्की खुशहाली के लिए विशेष दुआएं की। ईद की नमाज सुबह 7:30 बजे अदा की गई। मुफ्ती हमीद नईमी ने ईद की नमाज अदा कराई। इस दौरान उन्होंने तकरीर करते हुए कहा कि हम सभी को नेक रास्ते पर चलना चाहिए, कहा कि हम सभी ने अपने हिंदुस्तान के अमनों अमान के लिए दुआएं की हैं। नमाज अदा होने के बाद सभी ने एक दूसरे को गले मिलकर ईद की बधाई दी । जिसके बाद कुर्बानियों का दौर शुरू हुआ। कुर्बान गाह में कुर्बानियां दी गई । बिलारी नगर के अलावा मोहम्मद इब्राहिमपुर में सपा विधायक मोहम्मद फहीम इरफान ने भी नमाज अदा की। रुस्तम नगर सहसपुर की जामा मस्जिद , स्योंडारा, मुड़िया राजा शेरपुर माफी ईसापुर मुड़िया सफीलपुर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में भी ईद की नमाज सकुशल संपन्न हो गई। सुरक्षा व्यवस्था के मध्य नजर एसडीम विनय कुमार सिंह पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार तिवारी कोतवाली प्रभारी अमरनाथ वर्मा समेत मजिस्ट्रेट पूरे समय मुस्तैद रहे शाहाबाद रोड से लेकर मुख्य मार्गों पर भी पुलिस तैनात रही।



बिलारी ईदगाह में मौजूद मुफ्ती हामिद नईमी, ईदगाह कमेटी अध्यक्ष हाजी रफी राजू।

# बिल जमा फिर भी काट दी महाविद्यालय की बिजली

संवाददाता, कांठ

● **डीएसएम डिग्री कॉलेज के प्राचार्य ने एसडीओ पर लगाए आरोप**

**अमृत विचार:** डीएसएम डिग्री कॉलेज के प्राचार्य ने डीएम को पत्र प्रेषित कर विद्युत विभाग द्वारा महाविद्यालय की लाइन काटे जाने की शिकायत करते हुए एसडीओ पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

प्राचार्य ने बताया कि विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा गांव नवादड़ी से 11 केवी लाइन हटाकर महाविद्यालय परिसर में जबरन शिफ्ट करने का प्रयास मार्च में किया गया था। मना करने के बाद भी एसडीओ ने कर्मचारियों को जेल भिजवाने की धमकी दी थी। परेशान होकर महाविद्यालय प्रशासन ने 6 मार्च 2025 को डीएम, ऊर्जा मंत्री व अन्य अधिकारियों से शिकायत की। शिकायत के बाद लाइन तो शिफ्ट नहीं की गई परंतु उस दिन से बिना किसी पूर्व सूचना के महाविद्यालय का कई बार कनेक्शन काटा जा चुका है। एसडीओ को कई बार दूरभाष पर ऐसा न करने का अनुरोध किया। परंतु एसडीओ द्वारा बिना कारण बताएं नोटिस के और अप्रैल 2025 तक का बिल जमा होने के बावजूद कनेक्शन काट दिया गया है। जिस कारण छात्र-छात्राओं व स्टाफ को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। प्राचार्य ने डीएम को शिकायती पत्र देकर व्यवस्था में सुधार करने और एसडीओ के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### प्रेमिका के बुलाने पर पहुंचे प्रेमी की धुनाई

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** युवती के परिजन किसी काम से बाहर चले गए। युवती ने प्रेमी को फोन कर रात में घर बुला लिया। परिजनों ने दोनों को रंगे हाथों पकड़ा तो युवक की पिटाई कर डाली। बताया जाता है कि उत्तराखंड निवासी एक युवक व ठाकुरद्वारा के एक गांव की युवती एक कोचिंग सेंटर में नौकरी की तैयारी में जुटे थे। इसी बीच दोनों का प्रेम प्रसंग शुरू हो गया। गुरुवार को युवती के परिजन किसी काम से गए तो युवती ने रात को प्रेमी को फोन कर अपने घर बुला लिया। परिजन घर पहुंचे तो दोनों को कमरे में आपत्तिजनक हालत में पकड़ लिया और युवक की कर जमकर पिटाई कर दी। मामला पुलिस तक पहुंचा । सूचना पर युवक पक्ष के लोग भी मौके पर पहुंच गए। शुक्रवार की सुबह दोनों पक्षों की पंचायत में प्रेमी युगल की शादी करा दी।

### समाधि पर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा, आक्रोश

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा मुरादाबाद मार्ग पर स्थित प्राचीन शिव मंदिर के निकट बाबा राम गिरि महाराज की समाधि स्थल पर अराजक तत्वों का जमावड़ा रहता है। शनिवार को वह वहां बैठकर शराब एवं अन्य मादक पदार्थ सेवन कर रहे थे जिसकी सूचना सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर नही पहुंची। करीब 1 घंटे के बाद पुलिसकर्मी मंदिर परिसर पहुंचे तब तक असामाजिक तत्व मंदिर से भाग चुके थे। कमेटी के कार्यकर्ताओं व अन्य लोगों का कहना है कि इस प्रकार की लापरवाही से नगर हो या देहात कहीं पर भी कोई भी बड़ी वारदात हो सकती है। पुलिस के लापरवाह व्यवहार पर लोगों में आक्रोश व्याप्त है ।

# शंभू नाथ मंदिर में पूजन के बाद मूर्तियां स्थापित

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार:** नगर के मोहल्ला महाजनान में स्थित 114 साल पुराने मंदिर श्री शंभू नाथ में 2 वर्ष से सनातन धर्मार्थ ट्रस्ट के तत्वावधान में पुनरुद्धार कार्य चल रहा है। मुख्य मंदिर का निर्माण पूरा होने के बाद शिवलिंग समेत शिव परिवार की स्थापना की गई। शनिवार को संतोषी माता, राधा-कृष्ण, राम दरबार, शिव परिवार, लक्ष्मी नारायण, दुर्गा जी व हनुमान की मूर्तियों को जयकारों के साथ परंपरा अनुसार नगर भ्रमण कराया गया। पुजारी पंडित विकास वशिष्ठ ने प्राण प्रतिष्ठा के लिए हनुमत धाम विद्यालय नरवर बुलंदशहर से विद्वान आचार्यों की टीम बुलाई। इन सभी ने मंत्रोच्चारण के साथ वैदिक रीति से शिव परिवार के साथ अन्य सभी विग्रह की प्रतिष्ठा कराई। इस दौरान मंदिर श्रद्धालुओं से खचाखच भरा हुआ था। प्राण प्रतिष्ठा पूजन में सर्राफा कमेटी के अध्यक्ष सुरेश गुप्ता फाइन, संजीव सराफ, मोहित गुप्ता, शीलू गुप्ता, सचिन गुप्ता, सपन गुप्ता, राकेश गुप्ता, महेश गुप्ता, सनातन धर्मार्थ ट्रस्ट के अध्यक्ष पंकज चौहान शामिल रहे। प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत भंडारे का आयोजन किया। पंकज चौहान ने बताया कि पुनरुद्धार कार्य जारी है। मंदिर के बगल में शनि देव का मंदिर अलग से बनाया गया है।



मूर्ति स्थापना के दौरान पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

## एक नजर


सांसद से ईद मिलते लोग।

### सांसद ने कार्यालय पर मिली ईद

**रामपुर, अमृत विचार :** सपा सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी ने कैंप कार्यालय प्रानपुर रोड तोपखाने पर ईद उल अजहा की मुबारकबाद दी। लोगों से अमन चैन शांति रखने की अपील की। इस मौके पर साहब सिंह कठेरिया, शिवकुमार, बदन सिंह यादव, नरेश यादव, राम बहादुर दिवाकर, अनीता यादव, अयूब अली, नासिर शेख, जुबैर अहमद, हाफिज नूरी, आसिफ अली, मेहंदी हसन, सांसद मीडिया प्रभारी महबूब अली पाशा मौजूद रहे।

### ईद पर आपसी मोहब्बतें चढ़ती हैं परवान

**रामपुर, अमृत विचार :** ईद उल अजहा पर मस्जिद हाजी हैदर अली खां में नमाज के बाद गले मिल कर मुबारकबाद देते हुए सपा के वरिष्ठ नेता आसिम खां ने कहा कि ईद उल अजहा मोहब्बतों का पैगाम देता है। ईद का त्योहार नफरतों को मिटा कर सौहार्द और भाई चारे को बढ़ावा देने का काम करता है। ईद पर लोग तमाम गले शिकवे भुलाकर एक दूसरे के गले लग जाते हैं। जिससे आपसी मोहब्बतें परवान चढ़ती हैं।


मौलाना से गले मिलते आसिम खां।


शहर की ईदगाह में नमाज के बाद दुआ करते नमाजी। • अमृत विचार


ईदगाह में गले मिलते लोग। • अमृत विचार


ईदगाह में नमाज के बाद गले मिलते बच्चे। • अमृत विचार

# दीनी व दुनियावी तालीम से बच्चों को बनाएं काबिल

## ईद उल अजहा के मौके पर शहरकाजी ने की तकरीर, युवाओं को दिया बुरी आदतों से दूर रहने का संदेश

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** रामपुर जिले में शनिवार को भाईचारे और मुहब्बत के साथ ईद उल अजहा का त्योहार मनाया गया। शनिवार सुबह से ही शहर की ईदगाह सहित मुख्य मस्जिदों में रौनक देखने को मिली। शाहबाद गेट स्थित ईदगाह में शहरकाजी सैयद खुशनूद मियां ने सुबह 7 बजे ईद उल अजहा की नमाज अदा कराई। उन्होंने तकरीर में कहा कि मुस्लिमों को दीनी तालीम के साथ दुनियावी तालिम भी दें।

उन्होंने कहा कि अच्छी तालीम के साथ अपने बच्चों को खूब काबिल बनाएं, जिससे वो कौम और परिवार को मजबूत बना सके। उन्होंने युवाओं से अपील की कि नशा, जुआ, झूठ बोलना, मक्कारी और सभी गलत कामों से दूर रहना चाहिए। उन्होंने ईद उल अजहा पर कुर्बानी के सवाब को बयां किया। उन्होंने कहा कि कुर्बानी के समय जानवर की वीडियो न बनाएं, इससे कुर्बानी करने का सबाब चला जाएगा। क्योंकि कुर्बानी सिर्फ अल्लाह की रजा के लिए होती है, दिखावा करना बहुत गलत है। उन्होंने हजरत इब्राहीम और बेटे इस्माइल के किस्से को सुनाकर ईद उल अजहा पर कुर्बानी की फजीलत को बयां किया। हैसियतमंद लोगों को अल्लाह की रजा के लिए कुर्बानी करनी चाहिए। उन्होंने कुर्बानी के दौरान हज यात्रा की अहमियत के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि बड़े खुशनसीब हैं वो लोग जो हज कर चुके हैं और जो हज करने गए हैं। ईद उल अजहा के त्यौहार पर छोटे बच्चों से लेकर सभी वर्ग के लोग ईदगाह में पहुंचे और नमाज अदा की। शहरकाजी ने नमाज के बाद देश और दुनिया में अमनो अमान की दुआ मांगी। नमाज के बाद शहरवासियों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद उल अजहा की मुबारकबाद दी। जिले भर में करीब 180 ईदगाहों और 1400 मस्जिदों में ईद उल अजहा की नमाज अदा की गई, इसमें लाखों लोगों ने देश में अमनो अमान के लिए दुआ की।


नमाज के दौरान ईदगाह में तैनात पुलिस बल। • अमृत विचार


ईदगाह में खुतबा देते काजी-ए-शहर।

### पूर्व सांसद नकवी को गुलदस्ते देकर बधाई दी

**रामपुर, अमृत विचार :** पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी के दिल्ली स्थित कार्यालय पर पुष्प गुच्छ भेंट कर ईद की मुबारकबाद दी। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी, भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार और व्यापारी नेता कपिल आर्य सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने लिया जायजा

जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह और पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने ईदगाह पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। लोगों से बंदोबस्त की जानकारी ली और लोगों को ईद उल अजहा की मुबारकबाद दी। तो वहीं एएसपी अतुल श्रीवास्तव ईदगाह के बाहर ईद की नमाज खत्म होने तक पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे। नमाज के दौरान रूट डायवर्जन रहा, ईदगाह के सभी रास्तों पर बेरीकेडिंग लगा दी गईं थी। जिससे हल्के और चार पहिया वाहनों पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहा।

### मोहब्बत को बढ़ावा देता है ईद उल अजहा का त्योहार

**रामपुर, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला गुइया तालाब स्थित शिया जामा मस्जिद में ईद उल अजहा की नमाज सुबह 8 बजे मौलाना अली मोहम्मद नकवी ने पढ़ाई। खुतबे में मौलाना ने कहा कि ईद उल अजहा का त्योहार आपसी मेल मोहब्बत को बढ़ावा देता है। कहा कि अल्लाह ने दौलतमंदों पर कुर्बानी फर्ज की है और गरीब इंसान के लिए कुर्बानी फर्ज नहीं है। उन्होंने अल्लाह के नबी हजरत इब्राहीम व इस्माईल के किस्से को बयां किया। जिसके बाद कुर्बानी शुरू हुई। इसलिए इसे सुन्नते इब्राहीमी कहते हैं। नमाज के बाद मौलाना ने दुआ कराई।

### तीन दिन बाद सूर्यास्त से पहले बंद होगी कुर्बानी

**रामपुर, अमृत विचार :** सुन्नते इब्राहीमी यानि कुर्बानी का सिलसिला तुलू ए आफताब से शुरू हो गया। कुर्बानी का सिलसिला तीन दिन तक चलता रहेगा। शहर इमाम मौलाना मुफ्ती महबूब अली ने बताया कि कुर्बानी अल्लाह को खुश करने के लिए की जाए, जब कुर्बानी की पहली बूंद जमीन पर गिरती है तो कुर्बानी करने वाले के गुनाह माफ हो जाते हैं। ईद उल अजहा की खुशियां दूसरों के साथ साझा करें, यह इस्लाम का कानून है। जब जानवर की कुर्बानी करना शुरू करें तो वह किबला का सामना करे। फिर उसके गोश्त के तीन हिस्से करें एक गरीबों के लिए दूसरा रिश्तेदारों और हमसाया और तीसरा हिस्सा अपने लिए रखें।

**अभियुक्तगण व्यक्तियों को हाजरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 84 B.N.S.S. नाम 1. आरती लाल गौतम 2. राजकुमार गौतम पुत्रगण सोमपाल सिंह, 3. पिंकी पत्नी आरती लाल गौतम 4. अर्चना पत्नी राजकुमार गौतम निवासीगण ग्राम उकावली थाना रहरा तहसील हसनपुर जनपद अमरोहा ने थाना हसनपुर पर पंजीकृत अ.सं. 465/24 धारा 406, 420, 467, 468, 471, 506 भादवि के अधीन दण्डनीय अपराध किया है। अभियुक्तगण उपरोक्त ना मिल रहे हैं, और न ही हाजिर अदालत हो रहे है। समाधानप्रद रूप से उन्हें यह प्रदर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्तगण फरार हो गये है या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिये अपने को छिपा रहे हैं। इसलिए इनके विरूद्ध उद्घोषणा दिनांक 05.05.2025 को की जा चुकी है। उक्त अभियुक्तगण इस न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त अभियोग में जे.एम.कोर्ट हसनपुर (स्थान) नियत तारीख 13.06.2025 के हाजिर हो।

### सैफनी में अदा की नमाज

**सैफनी, अमृत विचार :** नगर सहित क्षेत्र के गांव में ईद उल अजहा की नमाज शांतिपूर्वक संपन्न हुई। हजारों लोगों ने नगर की ईदगाह में पहुंचकर ईद उल अजहा की नमाज अदा की। शनिवार सुबह नमाजी ईदगाह में नमाज अदा करने पहुंचे जहां शहर इमाम कारी अतीकुर्रहमान ने नमाज अदा कराई। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष फैजान खान ने लोगों से गले मिलकर मुबारकबाद दी। इस मौके पर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े प्रबंध देखने को मिले थाना प्रभारी हमबीर सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

### गले मिलकर ईद उल अजहा की मुबारकबाद दी

**टांडा, अमृत विचार :** ईदगाह में इमाम ए शहर मुफ्ती महमूद आलम के हज पर होने की वजह से जामा मस्जिद के खतीब मुफ्ती मोहम्मद वसीम ने ईद उल अजहा की नमाज अदा कराई। उन्होंने कहा कि जिन मुसलमानों पर कुर्बानी वाजिब है वह कुर्बानी जरूर करें। साफ सफाई का भी विशेष ध्यान रखें। जामा मस्जिद में ईद की नमाज मौलाना जलीस अहमद ने पढ़ाई। मस्जिद थाने वाली में ईद की नमाज मुफ्ती निजामुद्दीन द्वारा अदा कराई गयी। नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे को गले मिलकर ईद उल अजहा की मुबारकबाद दी। पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे।


टांडा में नमाज अदा करते नमाजी।

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Humanities & Journalism
UG Programs
- BA (Journalism/Mass Communication)
- BA (Hons.) in English
- BA (Hons.) in Political Science
- BA (Hons.) in Sociology
- BA (Hons.) in Economics
- BA (Hons.) in Psychology
- B. Lib.

PG Programs
- MA (Journalism/Mass Communication/ Public Relations/Electronic Media/Advertising)
- MA (English/Political Science/Sociology/ Economics/Hindi)
- MA (Translation Studies)
- MA (Applied & Clinical Psychology)
- M.Lib.

Contact Details
For Online Registration Visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biuchj2022@gmail.com
Ph : 9105500202, 9105500404, 8218622744, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

## नमाज के बाद की तरक्की की दुआ


दढ़ियाल में नूरी ईदगाह में नमाज के बाद दुआ मांगते नमाजी।

**संवाददाता, दढ़ियाल**

**अमृत विचार :** नगर में मुरादाबाद-बाजपुर मार्ग पर स्थित बड़ी ईदगाह में ईद उल अजहा की नमाज सुबह 7 बजे हुई। नायब शहर इमाम मौलाना हस्सान कासमी ने नमाज अदा कराई। उन्होंने बयान में कहा कि कुर्बानी इस्लाम में महत्वपूर्ण इबादत है। यह हजरत इब्राहिम की सुन्नत है। काशीपुर मार्ग पर स्थित नूरी ईदगाह में शहर इमाम मौलाना सलीम अंसारी ने नमाज अदा कराई। रामपुर धम्मन, अकबराबाद, सूरजपुर, जमालगंज, चौखंडी, लोदीपुर नायक, कुंडेसरा, भावपुरा, मुवाना, जटपुरा, मिलाक, सीटला, घोसीपुरा, महुआ खेड़ा में ईद उल अजहा की नमाज शांतिपूर्वक अदा की गई। नमाज के दौरान सीओ टांडा कीर्ति निधि आनंद, कोतवाल प्रमोद कुमार, चौकी प्रभारी प्रशांत कुमार, नायब तहसीलदार मौजूद रहे।

### ईदगाह में नमाज पढ़कर दी मुबारकबाद

**मिलक, अमृत विचार :** नगर स्थित ईदगाह में ईद-उल-अजहा पर ईद की नमाज कारी नजफ अली ने अदा कराई। खुतबा सुना और मुल्क और कौम की तरक्की के लिए दुआ की। इसके बाद लोगों ने एक दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। वहीं भाजपा नेता नरेंद्र गंगवार ने लोगों को फोन कर ईद की मुबारकबाद दी। नसीराबाद, खाता नगरिया, लोहा, जालिफ नगला धर्मपुरा, भैसोड़ी, नयागांव, इस्लामनगर परम क्रमचा, इस्लाम नगर, क्योरार,निस्वी आदि में भी शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुई लोगों ने एक दूसरे को गले मिलकर मुबारकबाद दी। उपजिलाधिकारी सुनील कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी राजवीर सिंह परिहार, प्रभारी निरीक्षक धनंजय सिंह, कस्बा इंचार्ज मुकेश कुमार मौजूद रहे।

## मस्जिद में कारी ने नमाज अदा कराई

**संवाददाता, बिलासपुर**

**अमृत विचार :** शहर इमाम मौलाना नासिर खां ने ईद उल अजहा की नमाज अदा कराई। इसके बाद शहर इमाम ने मुल्क एवं कौम की तरक्की के लिए दुआ कराई। गांव खौंदलपुर में खेड़ा शरीफ ईदगाह में मौलाना फरमान मियां और मोहल्ला कायस्थान स्थित जामा मस्जिद में कारी अफरोज आलम ने ईद उल अजहा की नमाज अदा कराई।

जिला पंचायत सदस्य अमरजीत सिंह, रालोद किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलजीत सिंह बिट्टू, हरपाल सिंह, रवि टंडन ने ईदगाह गेट के बाहर लोगों से गले मिलकर उन्हें ईद की बधाइयां दी। ईदगाह गेट के बाहर सुरक्षा की दृष्टि से उपजिलाधिकारी अरुण कुमार, सीओ रविंद्र प्रताप सिंह, अधिशासी अधिकारी डॉ. नितिन कुमार गंगवार, प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। समाजसेवी शुजाअत खां, जिला कारागार समन्वय के जिला सचिव गजाली खां आदि ने लोगों से गले मिलकर ईद की बधाईयां दी। गांव पंजाबनगर में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हाफिज अब्दुल सलाम के आवास पर ईद मिलन समारोह का आयोजन किया। इस मौके पर अनवार हुसैन, सद्दाम हुसैन, शकील अहमद मौजूद रहे। पूर्व पालिकाध्यक्ष मोहम्मद हसन खां के आवास पर ईद मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर मुराद हसन खां, जफर सुखनैन खां, जमील खां, जैद खां रहे। उधर खजुरिया में थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच ईदुल अजहा की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।


ईद की नमाज के बाद मौजूद लोग।

## सार संक्षेप



### अमन और भाईचारे की कराई दुआ

रामपुर, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन भानु के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी ने बिलासपुर की जामा मस्जिद में ईद की नमाज के बाद लोगों को ईद की बधाई दी। इससे पहले मौलाना कय्यूम साहब ने नमाज के बाद देश दुनिया में अमन, भाईचारा और देश की तरक्की के लिए दुआ कराई। इस मौके पर काफी तादाद में नमाजी मौजूद रहे।



### अकीदत के साथ मनाई ईद-उल-अजहा

**भोट, अमृत विचार :** भोट कस्बा स्थित ईदगाह में ईद की नमाज हाफिज मोहम्मद अकरम सकलैनी ने अदा कराई। ईद की नमाज के बाद सभी ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। इसके बाद घर-घर में त्याग और कुर्बानी का पैगाम दिया गया। वहीं क्षेत्र के अन्य गांवों में बनी ईदगाह व मस्जिदों में भी ईद की नमाज अदा की गयी। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर दिन भर क्षेत्र में भ्रमण पर रहे।



### कांग्रेसियों ने गले मिलकर दी मुबारकबाद

**रामपुर, अमृत विचार :** कांग्रेस नेताओं ने ईद उल अजहा कि मुबारकबाद दी। कांग्रेस नेता नोमान खां के आवास पर सभी कांग्रेस नेताओं ने पहुंचे। नोमान खां ने कहा कि ईद-अल-अजहा का पवित्र त्यौहार आपके और आपके प्रियजनों के लिए ढेर सारी खुशियां, समृद्धि और अच्छा स्वास्थ्य लेकर आए। इस मौके पर जगमोहन मोना, आरिफ अल्वी, सचिव मनी कपूर, अकरम सुलतान, शाहवेज खां, लल्लन खां, सुहैल खां, जीशान रजा, पप्पू यादव, फरीद खां, रहमान शाह खां, फैजयाब खां, शाहनावाज आलम, सफी खां, फुरकान मियां, नूर मोहम्मद आदि मौजूद रहे।



### हर्षोल्लास के साथ मनाई ईद-उल-अजहा

**शाहबाद, अमृत विचार :** ईद-उल-अजहा की मुख्य नमाज ईदगाह में शहर इमाम मुफ्ती मोहम्मद सलमान ने नमाज अदा कराई। नगर पंचायत अध्यक्ष के पति वसीम खां ने ईदगाह के बाद नमाजियों और अधिकारियों को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद पेश की। वहीं, उपजिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय भी ईदगाह पहुंचे और लोगों को ईद की मुबारकबाद दी। नमाज के दौरान कोतवाल पंकज पंत पुलिस टीम के साथ सुरक्षा की दृष्टि से मौजूद रहे। इधर, मेले में बच्चों ने जमकर लुत्फ उठाया। इस दौरान ईदगाह इंतजामिया कमेटी के अध्यक्ष साजिद मियां, इंतिखाब अली, सय्यद सरफराज अली, शाजमान आर्यन, नईम मलिक, अनफाल मियां, नाजिम खां रहे।



### शांतिपूर्ण ढंग से हुई ईद उल अजहा की नमाज

**स्वार, अमृत विचार :** शनिवार को ईदगाह में शहर इमाम मोहम्मद अहमद खतीबी ने ईद उज अजहा की नमाज अदा कराई। उन्होंने लोगों से रोजे व नमाज के पाबंद होने की अपील की। बाद में कुर्बानी का सिलसिला शुरु हुआ। ईद की मुबारक बाद देने का सिलसिला देर तक चलता रहा। उधर नरपतनगर, दूंदावाला, मिर्जापुर मीरगंज, रजानगर, रसूलपुर फरीदपुर, जालफ नगला, रतनपुरा आदि गांव में नमाज अदा की। ईदगाह पर सुरक्षा की दृष्टि से सीओ अतुल कुमार पांडे, कोतवाल प्रदीप मलिक, कस्बा इंचार्ज मनोज कुमार पांडे, अभिसूचना इकाई प्रभारी सुमित राजपूत समेत पुलिस बल मौजूद रहा।



### शरबत बांटकर लोगों को गर्मी से दिलाई राहत

**रामपुर, अमृत विचार :** कायस्थ चेतना मंच द्वारा सिविल लाइंस क्षेत्र में बैंक ऑफ महाराष्ट्र के पास मंच महासचिव अशोक करोरी ने गंगा दशहरा व ईद-उल-अजहा की बधाई दी। कायस्थ चेतना मंच के स्वयंसेवक प्रात: कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे और शरबत का वितरण किया। राजेंद्र स्वरूप भटनागर, विनोद गुप्ता, अवनीश भटनागर, गोपाल कृष्ण श्रीवास्तव, कमल किशोर सक्सेना, पंकज राय, पंकज भटनागर, मुकेश गुप्ता, पंडित नवनीत विश्वास, शोभित किशोर सक्सेना, सोनू, योगेंद्र, परसोती लाल वर्मा, दिनेश सक्सेना, मुकेश सक्सेना, सुरेंद्र जौहरी, अजय सक्सेना, अखिलेश बिसारिया, अशोक कुमार रहे।

## एक नजर

### किशोरी का अपहरण कर युवक फरार

**रामपुर, अमृत विचार** : किशोरी का अपहरण करके युवक लेकर फरार हो गया। पीड़िता की दादी की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी युवक पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सिविल लाइन थाना क्षेत्र की मोहल्ला निवासी महिला का कहना है कि उसकी पौत्री उम्र 15 साल है। उसी के पास रह रही है। 25 मई को वह अचानक से लापता हो गई। ढूंढने पर पता चला कि उसको अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव भोट वक्काल निवासी आशीष यादव उसका अपहरण करके ले गया। पुलिस ने मामले में युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### मामूली बात में ग्रामीण को पीटकर किया घायल

**रामपुर, अमृत विचार** : अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव इमरता निवासी इरशाद का कहना है। 6 जून को उवेश और मशरुफ के बीच कहासुनी हो गई थी। दोनों बच्चों को गांव के ही लोगों ने बुझाकर दिया था। लेकिन कुछ देर के बाद मसरूफ, वारिश, अर्श, उवेश इरशाद के घर में घुस गए। उसके बाद इरशाद से गाली गलौज करते हुए उसके ऊपर लाठी-डंडों से हमला कर घायल कर दिया। उसके शोर मचाने पर आसपास के लोगों को आता देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी। जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### समिति ने एक मामले में कराया समझौता

**रामपुर, अमृत विचार** : प्रभारी महिला परामर्श प्रकोष्ठ की अध्यक्ष व अवतार सिंह, नीना साहनी, मीना सिंह व शबाब खान के माध्यम से पति-पत्नी संबंधित पारिवारिक विवादों की काउंसलिंग के दौरान 7 प्रकरणों को समिति के द्वारा सुना गया। जिसमें 1 प्रकरण में दोनों पक्षों की सहमति से सुलह समझौता कराया गया। दोनों पक्षों द्वारा विश्वास दिलाया कि जीवन की नई शुरुआत करते हुए हंसी-खुशी अपना जीवन यापन करेंगे।

### राहगीरों को पिलाया शरबत

**ढकिया, अमृत विचार** : गर्मी के मद्देनजर ढकिया निवासी सेवानिवृत्त अध्यापक फकीरचंद सिंह, रुस्तम सिंह और रवि ने शुक्रवार वाली बाजार के समीप छबील लगाकर पैदल चलने वाले राहगीरों, बाइक सवारों व ई रिक्शा चालकों को रास्ते में रो रोकर शरबत पिलाकर उनकी प्यास बुझाई। इस पुण्य कार्य की शरबत पीने वाले राहगीरों ने भी सराहना की।

# नैनीताल, कैंची धाम और रुद्रपुर के लिए वाहन बाईपास से जाएंगे

## जिलाधिकारी ने सौंदर्यीकरण के कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


हाईवे पर निरीक्षण करते एसपी और डीएम साथ में नगर पालिका के ईओ। ● अमृत विचार

**अमृत विचार** : जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र के साथ शहर से बरेली और मुरादाबाद हाईवे को जोड़ने वाले मार्गों का निरीक्षण किया।

शहर से मुरादाबाद की तरफ जाने वाले मार्ग पर जीरो प्वाइंट रिवर साइट इन के निकट और बरेली को जाने वाले जीरो प्वाइंट मोदी जेरॉक्स के निकट हाईवे पर लगवाए संकेतकों का जायजा लिया। जिलाधिकारी के निर्देश पर नैनीताल, कैंची धाम और रुद्रपुर को जाने वाले वाहनों को बाईपास मार्ग से जाना होगा। उत्तराखंड के इन शहरों को जाने वाले वाहनों का शहर में प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। शहर में जाम की समस्या के समाधान और निर्बाध यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए जिलाधिकारी ने निर्णय लिया। उन्होंने मोदी जीरॉक्स के निकट हाईवे पर बनवाए जा रहे ओवरब्रिज की प्रगति को लेकर भी जिलाधिकारी ने एनएचएआई के अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के लिए निर्देशित किया। ओवरब्रिज का निर्माण होने के बाद यातायात व्यवस्था दुरुस्त हो जाएगी, वहीं दूसरी ओर सड़क दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी। शहर के विभिन्न स्थलों के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिया कि सौंदर्यीकरण के लिए प्रस्तावित कार्यों को धरातल पर लाने में तेजी लाएं। सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। मानसून के दौरान पौधरोपण के लिए भी उन्होंने अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया। जिलाधिकारी के नेतृत्व में शहर को जाम मुक्त बनाने तथा आकर्षक स्वरूप प्रदान करने के उद्देश्य से प्रभावी कदम उठाएं। इस दौरान अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### अतिक्रमण को तत्काल हटाने की कार्रवाई करें

**रामपुर, अमृत विचार** : जिलाधिकारी ने शनिवार को कई स्थानों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने जाम से निजात दिलाने के लिए शहर का भ्रमण किया। उसके बाद ईओ नगर पालिका दुर्गेश्वर त्रिपाठी को सख्त आदेश दिए कि शहर में अवैध अतिक्रमण एवं अवैध कब्जे के विरुद्ध भी अभियान लगातार जारी रहे। अवैध अतिक्रमण हटवाकर सड़कों का चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण के विभिन्न कार्यों को कराया जाए ताकि शहर में रहने वाले लोगों को बेहतरीन माहौल मिल सके। जिसके बाद अब और तेजी से अतिक्रमण हटेगा।

## कैंटर से 11 कटरे पुलिस ने किए बरामद

**रामपुर, अमृत विचार** : गंज पुलिस ने कैंटर से 11 कटरे बरामद किए हैं, कटरों को बिना लाइसेंस काटने के लिए लाया गया था। हालांकि कैंटर के साथ आए तीनों आरोपी मौका पाकर फरार हो गए। इस मामले में पुलिस ने गंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

गंज थाने में तैनात दरोगा अमित कुमार अपनी टीम के साथ मौलवी साहब की जियारत के पास चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान सूचना मिली कि कुछ लोग कैंटर में पशुओं के पैर बांधकर ला रहे हैं। उसके बाद पुलिसकर्मी बाइक से बरेली गेट की तरफ चले गए। इस बीच सामने से एक कैंटर आता हुआ दिखाई दिया। जिसके बाद पुलिस ने उसको रोकने का प्रयास, तो चालक ने कैंटर को दौड़ा दिया। जिसके बाद पुलिस ने पीछा किया तो वह पहाड़ीगेट की तरफ जंगल में छोड़कर फरार हो गए। पुलिस को उसमें से तलाशी लेने पर 11 कटरे मिले। जिसके पैर बंधे हुए थे। दरोगा अमित कुमार ने भूरा, नाजिम और अज्ञात सहित तीन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस आरोपियों को तलाश रही है।

## सार संक्षेप



### एएसपी ने प्रशिक्षण की तैयारियों का लिया जायजा

**रामपुर, अमृत विचार** : अपर पुलिस अधीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस लाइन में भ्रमण कर आगामी आरक्षी प्रशिक्षुओं के प्रशिक्षण के लिए आरटीसी की तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान नवनिर्मित, निर्माणाधीन आवासीय भवनों, बैरकों, क्लास रूम आदि का निरीक्षण कर कार्य की समीक्षा की और दिशा-निर्देश दिए।

### दहेज को लेकर महिला को घर से निकाला, रिपोर्ट दर्ज

**टांडा, अमृत विचार** : क्षेत्र के ग्राम ढक्का नगलिया लक्ष्मीनगर निवासी महिला ने आरोप लगाया है कि उसकी शादी 2021 में विजय पुत्र चरन सिंह निवासी ग्राम रतनपुरा थाना बाजपुर के साथ हुई थी। ससुराल के लोग उससे अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे। जब महिला ने मांग पूरी नहीं की तो उसे 25 जनवरी को मारपीट कर घर से निकाल दिया। जब से वह मायके में रह रही है और गर्भवती है। महिला का आरोप है कि पति व ससुरालियों ने उसकी एक वर्ष की बच्ची को भी उससे छीन लिया है। वह घटना की रिपोर्ट लिखवाने थाने गयी, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई। एसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने पति विजय, सास रीना, चचेरा ससुर मनफूल, चचेरी सास मिथलेश, चचेरी सास कविता, ननदोई विनोद व ननद सुरमेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महिला ने अपनी जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

### महिलाओं को पढ़ाया कानून का पाठ

**रामपुर, अमृत विचार** : पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिए जागरूक किया जा रहा है। उसी के चलते मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सुरक्षा दल थाना स्वार द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत महिलाओं, बालिकाओं को साइबर क्राइम से बचने के उपाय, महिला सम्बन्धी अपराध, हेल्पलाइन नंबरों 1930 साइबर क्राइम, 1090 वीमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा के बारे में बताया। इसके अलावा 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा की विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया।

### ईद उल अजहा पर पार्क में किया पौधरोपण



**रामपुर, अमृत विचार** : मुस्लिम महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष फरहत अली खां के नेतृत्व में लोगों ने अजीमुद्दीन खां पार्क में शनिवार को ईद उल अजहा के मौके पर पौधरोपण किया। मोहल्ला बाजोड़ी टोला स्थित पार्क में शनिवार को पौधरोपण किया। उन्होंने कहा कि नबी-ए-करीम ने खजूर के पेड़ों को मेहमानों और हमारे बीच बांटने का आदेश दिया। कहा कि पृथ्वी सुंदर और हरी-भरी है और मनुष्य को इसका संरक्षक बनाया गया है। इसलिए पृथ्वी की देखभाल करना हमारा दायित्व है।

### ढकिया में गले मिलकर दी ईद की बधाई

**ढकिया, अमृत विचार** : कस्बा व क्षेत्र में बकरीद शनिवार को मना। ढकिया कस्बे की मस्जिद में सुबह साढ़े 7 बजे बकरीद की नमाज अदा की। भगवतीपुर, ओसी, पस्तोर, चतरपुर गांवों के ईदगाहों में भी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुबह आठ बजे इमामों ने बकरीद की नमाज अदा कराई। नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। उसके बाद घर पहुंचकर लोगों ने कुर्बानी का सिलसिला शुरू कर दिया जो देर रात तक चलता रहा।

### ईदगाह में अदा की लोगों ने नमाज

**रामपुर, अमृत विचार** : राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश महासचिव मोहम्मद उस्मान बबलू ने पैतृक गांव जुठिया की ईदगाह में गांव वासियों के साथ ईदगाह में ईद की नमाज अदा की। उसके बाद ग्राम पंचायत वासियों से ईद की गले मिलकर मुबारकबाद दी। राष्ट्रीय लोकदल प्रदेश महासचिव मोहम्मद उस्मान बबलू ने कहा कि हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई का हर त्यौहार मोहब्बत का पैगाम लेकर आता है। इस मौके पर ग्राम डॉ. जाकिर हुसैन, नवेद अली, रिजवान कुरैशी, शमीम अहमद, मोहम्मद अयान मोहम्मद फरहान मौजूद रहे।

### आज होगी कांग्रेसियों की बैठक

**रामपुर, अमृत विचार** : शहर के मोहल्ला मोरी गेट के निकट स्थित शहनाज गार्डन में 8 मई को पूर्वाह्न 11 बजे जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक होगी। कार्यवाहक जिलाध्यक्ष नुसरत अली खां उर्फ साहिर रजा खां ने बताया कि बैठक में जिलेभर के सभी कांग्रेसी शामिल होंगे। बैठक में कांग्रेस के 36 प्रकोष्ठों के जिला, विधानसभा एवं ब्लॉक स्तर के अध्यक्ष पद के लिए तीन-तीन नामों के पैनल की सूची तैयार कर प्रांतीय नेतृत्व को भेजी जाएगी।

### योग्य प्रशिक्षक के निर्देशन में करना चाहिए योग

**रामपुर, अमृत विचार** : भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा परिसर में हो रही योग कक्षा में भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी मुनीश चंद्र शर्मा ने साधकों से संवाद किया। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रोटोकॉल के अनुसार योग कराया। उन्होंने बताया कि योग शांत और खुले वातावरण में करना चाहिए, जहां ऑक्सीजन और रोशनी भरपूर मात्रा में हो। योग करते समय ढीले वस्त्र पहनने चाहिए और अपने नीचे कोई कंबल या योगा मैट बिछा लेनी चाहिए। योग करते समय मन शांत और तनाव रहित होना चाहिए। योग की क्रियाओं को करने में संयम रखना बहुत आवश्यक है। योग हमेशा खाली पेट या भोजन करने के 5 घंटे पश्चात करना चाहिए। योग से ब्लड प्रेशर, शुगर, माइग्रेन जैसे रोगों से सहज ही छुटकारा मिल जाता है। मुख्य योग प्रशिक्षक रविंद्र कपूर ने बताया कि वह पेंशनर्स के लिए नियमित योग कराते हैं। इस अवसर पर अभिलाष मिश्रा, हरिओम, पतराम सिंह, केहर सिंह ने विचार व्यक्त किए।

### निर्जला एकादशी पर युवाओं ने बांटा शरबत

**शाहबाद, अमृत विचार** : भीषण गर्मी से निजात दिलाने के लिए युवाओं ने शरबत का वितरण किया। उमस भरी गर्मी में शरबत पीकर राहगीरों ने राहत की सांस ली। निर्जला एकादशी पर युवाओं ने शाहबाद के गांव गहने में राहगीरों को पानी व शरबत पिलाया। इस अवसर सहयोगी विवेक यादव, माधव शर्मा, संजीव पाल, हर्ष गुप्ता, विवेक शर्मा, आशीष यादव, अतुल यादव रहे।

### टाइल्स लगाने वाले मजदूर ने घर से बर्तन चोरी किए

**टांडा, अमृत विचार** : दढ़ियाल के बगिया वाला मोहल्ला निवासी रिफाकत अली के घर में टाइल्स लगाने का काम कर रहे मजदूर ताहिर ने 5 जून को मौका पाकर तांबे और पीतल के 20 कीमती बर्तन चोरी कर लिए। गृहस्वामी और उसके परिजन आरोपी की गतिविधियों पर नजर रखे हुए थे। ताहिर जब शुक्रवार को चोरी के बर्तन बेचने जा रहा था, तो गृहस्वामी ने मोहल्ले वालों की मदद से आरोपी को फत्तावाला रोड के पास से पकड़ लिया। पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर उसका चालान कर दिया।

### रसराज महाराज सुनाएंगे हनुमंत कथा

**रामपुर, अमृत विचार** : रविवार को आदर्श रामलीला मैदान में हनुमन्त कथा का पाठ होगा। 10 जून को बाहर से आ रहे कलाकार श्याम बाबा का भजन गाएंगे। श्याम बाबा भक्त परिवार की ओर से रजत जयंती पर श्री श्याम बाबा संकीर्तन महोत्सव का आयोजन रामलीला मैदान में होगा। जिसमें रविवार को 8 बजे से हनुमंत कथा का आयोजन होगा। जोकि कथा व्यास रसराज महाराज सुनाएंगे। उसके बाद 10 जून को भजन कीर्तन का कार्यक्रम होगा। जिसमें श्रीधाम वृन्दावन से भजन सम्राट हेमंत बृजवासी आ रहे हैं। इसके अलावा मंदसौर से भजन गायिका अधिष्टा अनुष्का और फतेहाबाद से परविंदर पलक आ रही है।

# चैंबर में घुसकर अधिवक्ता से मारपीट में रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● सिविल लाइन थाने में रिपोर्ट हुई दर्ज, जांच शुरू

**अमृत विचार** : केस लड़ने के रुपये वापस नहीं मिलने पर आरोपी ने 28 अप्रैल को अधिवक्ता के चैंबर में घुसकर मारपीट की थी। इस मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। आरोपी ने चैंबर में रखी फाइलों को भी फाड़ दिया था। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सिविल लाइन निवासी सूरजपाल पेशे से अधिवक्ता हैं। 14 अक्टूबर 2024 को उसके चैंबर में अमीरूद्दीन और एक अज्ञात व्यक्ति उसके साथ आया था। जहां उसने सद्दीक नाम के युवक के खिलाफ केस बनवाया था। उसके बाद 3 अन्य केस भी सूरजपाल से करवाए थे। उसके बाद आरोपी अमरीरूद्दीन के खिलाफ केमरी में एफआईआर दर्ज हो गई थी। वह और उसकी पत्नी जेल चले गए थे। जेल से छूटने के बाद 28 अप्रैल 2025 को अमीरुद्दीन अधिवक्ता के चेंबर पर पहुंच गया। उसके बाद केस लड़ने के लिए दिए रुपयों को आरोपी वापस मांगने लगा। रुपये न देने पर अधिवक्ता के साथ गाली-गलौज की और मुकदमे की फाइल मांगी। अधिवक्ता का आरोप है कि आरोपी ने चैंबर में रखी फाइलों को फाड़ दिया। उसके बाद अधिवक्ता से हाथापाई कर दी। मामले में आरोपी के खिलाफ थाने में तहरीर दी गई थी। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# मेलबर्न क्लब ने 8 विकेट से जीता मैच

संवाददाता, टांडा


विजयी टीम को पुरस्कार देते मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार

**अमृत विचार** : जफर इकबाल, मोहम्मद आलम, मंसूर अख्तर, मास्टर सगीर मेमोरियल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में मेलबर्न क्रिकेट क्लब टांडा व एचआर रॉयल क्रिकेट क्लब के बीच मैच खेला। जिसमें मेलबर्न क्रिकेट क्लब ने 8 विकेट से मैच जीतकर क्वार्टर राउंड में प्रवेश किया।

मंसब अली स्पोर्ट स्टेडियम में खेले जा रहे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में एचआर रॉयल के कप्तान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। एचआर रॉयल क्लब ने 16 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 114 रन बनाए। असजद ने 42 रन, नासिर पीटरसन ने 22 रन और अंश भाटिया ने 14 रन बनाए। मेलबर्न क्लब के गेंदबाज सरफराज ने 2 विकेट तथा गुड्डू प्रिंस, उबैद और शहजाद ने एक-एक विकेट लिए। 115 रनों के लक्ष्य का पीछा कर मेलबॉर्न क्लब ने 12.2 ओवर में दो खिलाड़ियों के नुकसान पर 118 रन बनाए। गौरव डागर ने नाबाद 72 रन, अलकमा अमान ने 28 रन, मोहम्मद उस्मान ने 8 बनाए। एचआर रॉयल क्लब की तरफ से गेंदबाज मोहम्मद नौमान ने 2 विकेट लिए। मेलबर्न क्लब ने 8 विकेट से मैच जीतकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। मैन ऑफ द मैच मेलबर्न क्लब के गौरव डागर को और गेंदबाजी के लिए सरफराज को सरफराज आलम ने पुरस्कार दिया। कमेंटेटर सईद सागर, मोहम्मद इरफान, जहीर जिया और अब्दुल रज्जाक रहे। स्कोरर नदीम गोरे तथा मौलाना जुनैद व आकिब गुल रहे। अंपायरिंग अब्दुल और राहत अली ने की। यूट्यूब पर प्रसारण नाजिम अली ने किया। टूर्नामेंट कमेटी संयोजक सरफराज, अध्यक्ष हाजी जुल्फिकार, हाजी मुबीन, अलकमा अमान, गुड्डू रहमान, शादाब कुरैशी, इफ्तिखार शेखू, सगीर माया, निजाम फरीदी, हाजी फुरकान, मोहम्मद इरफान, नूरुल हुदा, मुनीर बादशाह रहे।

# भगवान श्रीकृष्ण के जन्म से बृजभूमि हुई धन्य : मुमुक्षु

संवाददाता, भोट


प्रवचन करते आचार्य मुमुक्षु कृष्ण महाराज।

**अमृत विचार** : मंगलधाम में चल रही गोपी गीत कथा के दूसरे दिन गोपी गीत प्रवचन हुआ। वृंदावन से पधारे आचार्य पंडित मुमुक्षु कृष्ण महाराज ने कहा कि गोपियां भी कहती हैं कि श्रीकृष्ण के जन्म से ही बृज की भूमि धन्य हो गई है। भगवान श्रीकृष्ण की संगीतमय लीला सुन श्रद्धालु भावविभोर हो गए और देर रात तक भक्ति में लीन रहे।

गुजरैला गांव स्थित मंगलधाम में शुक्रवार देर शाम प्रवचन करते हुए महाराज ने बताया कि गोपियां कहती हैं कि हे प्रियतम तुम्हारे जन्म से बृजभूमि धन्य हो गई है। गोपियां कहती है कि शरद ऋतु की उस संध्या बेला में, जब तुम तुलसी की माला और चंदन से सुशोभित होकर मुरली बजाते थे, तुम्हारा स्वर, रूप और सुगंध सभी हमारे हृदय को कामदेव की तरह आंदोलित कर देते थे। वे मधुर स्मृतियां आज भी हमारे मन को चुराती हैं। गोपियां श्रीकृष्ण की मधुर रासलीला की स्मृति में तन्मय हो रही हैं। कृष्ण का सौंदर्य, उनका मुरली वादन, उनकी चंदन-तुलसी युक्त महक सब कुछ उन्हें भावविभोर कर देता है। यह स्मरण ही उनकी चेतना को चुराकर श्रीकृष्ण में ही विलीन कर देता है। रात 12 बजे प्रसाद वितरण के बाद कथा को विराम दिया गया।

# आहुतियां देकर देवताओं का आह्वान किया

संवाददाता, भोट


प्राण प्रतिष्ठा समारोह में यज्ञ के दौरान आहुतियां डालते यजमान। ● अमृत विचार

**अमृत विचार** : मंगलधाम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के तीसरे दिन प्रयागराज व वृंदावन से आए आचार्यों ने विशेष अनुष्ठान कर यज्ञ में आहुतियां डालकर देवताओं का आह्वान किया। श्री राम की जयकार और हर-हर महादेव के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो गया।

भोट के गुजरैला गांव स्थित मंगलधाम में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के तीसरे दिन प्रयागराज व वृन्दावन से पधारे विद्वान आचार्य दीपक वशिष्ठ, अभिषेक पाठक, मानस पाठक, पंडित अतुल मिश्र, पुजारी रमेश मिश्र व मुरारी लाल द्वारा विधि विधान व वेद मंत्रोच्चार के साथ हवन व पूजन किया। एकादशी व्रत पूर्ण होने पर ब्राह्मण पूजन कर यजमान परिवार ने ब्राह्मणों की परिक्रमा कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। देवताओं एवं वेदियों का पूजन हुआ, यज्ञ के दौरान हवन कुंड में आहुतियां डालकर देवताओं का आह्वान किया। मूर्तियों का शर्कराधिवाश, घृताधिवाश कर अंत में शय्याधिवाश किया। प्रधान सेवक व पूर्व विधायक संजय कपूर ने बताया कि मंगलधाम में गुरुवार सुबह ही माता महाकाली, महासरस्वती एवं खाटू श्याम बाबा की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान का आरंभ कर दिया था। रविवार को पूर्णाहुति के बाद जगदगुरू शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती द्वारा मंगलधाम में ही माता महाकाली, महासरस्वती एवं खाटू श्याम बाबा की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा, लोकार्पण कर आशीर्वचन प्रदान किया जाएगा। रविवार शाम को भंडारा व प्रसाद वितरण होगा। व्यवस्था में संजय कपूर, संतोष कपूर, अनिल टंडन, लीना कपूर, रेनू टंडन, ज्ञान प्रकाश गुप्ता, नीरे गुप्ता, नरेंद्र सक्सेना, अमन सक्सेना आदि मौजूद रहे।

## प्रेमी के संग जाने की जिद पर अड़ी युवती

**शाहबाद, अमृत विचार** : बिजनौर निवासी युवती अपने मामा के रहने के लिए रुद्रपुर आई थी। लेकिन प्रेमी संग फरार हो गई। युवती को खोजते हुए परिजन शाहबाद पहुंचे। जिसके चलते मामला थाने पहुंच गया। वहां युवती प्रेमी संग जान की जिद पर अड़ गई।

बिजनौर निवासी युवती के मामा रुद्रपुर में रहते हैं। रुद्रपुर में युवती का शाहबाद के युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। कुछ रोज पहले वह मामा के यहां रहने आई, लेकिन शुक्रवार रात वह वहां से फरार हो गई। परिजनों ने खोजबीन शुरू की, तो पता चला कि युवती प्रेमी संग शाहबाद चली गई है। युवती को खोजते हुए परिजन शाहबाद पहुंचे।उनकी युवक से मारपीट हो गई। इस पर मामला कोतवाली पहुंच गया। कोतवाली में भी युवती प्रेमी संग शादी कर लेने और उसके साथ जाने की जिद पर अड़ गई। परिजनों ने युवती को उसकी इच्छानुसार प्रेमी संग रहने के लिए भेज दिया।

## मसवासी में भाईचारे से मनाया ईद उल अजहा

**मसवासी, अमृत विचार**: शनिवार को मसवासी क्षेत्र में ईद उल अजहा का त्यौहार भाईचारे के साथ मनाई। सुबह 7 बजे से मस्जिदों और ईदगाहों में ईद उल अजहा अदा की गई। इस मौके पर लोगों नगर में सफाई का विशेष रूप से ध्यान रखने को कहा गया।

मस्जिदों और ईदगाहों पर नमाज और कुरबान की फजीलत बयान की गई। नमाज के बाद कौम और मुल्क की तरक्की के लिए दुआएं मांगी। इसके बाद गले मिलकर एक दूसरे से ईद की बधाई दी। कुर्बानी का सिलसिला शुरू हो गया जो देर शाम तक जारी रहा। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस क्षेत्र में गश्त करती रही। मसवासी नगर के साथ बिजारखाता, अलीगंज खानपुर, उत्तरी शिकारपुर, किशनपुर, मौलागढ़, धर्मपुर उत्तरी, मजरा खुशहालपुर, बब्बरपुरी लोहार, खानपुर उत्तरी आदि गांव में ईद उल अजहा का त्योहार शांतिपूर्वक ढंग से मनाया।

# बब्बरपुरी के जंगल में तेंदुए ने किया कुत्ते का शिकार

संवाददाता, मसवासी

● कुत्ते का अधखाया शव मिलने से ग्रामीणों में दहशत

● ग्रामीणों की मांग पर वन रेंजर ने कही पिंजरा लगाने की बात

**अमृत विचार** : बब्बरपुरी के जंगल मे तेंदुए ने फार्म हाउस के कुत्ते को अपना निवाला बना लिया। ग्रामीणों ने कुत्ते का खाया हुआ शव देखा तो उनमें दहशत फैल गई। इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन दरोगा शील कुमार मौके पर पहुंचे। तेंदुए के पदचिह्न तलाश किए, लेकिन कोई भी तेंदुए के पद चिह्न नहीं मिले।

शनिवार सुबह बब्बरपुरी के जंगल में अब्दुल मन्नान के फार्म हाउस के निकट खेत में क्षतविक्षत कुत्ते का शव देख गांव वालो में दहशत फैल गई। गांव वालों को शंका है कि कुत्ते का शिकार तेंदुए ने किया है। जंगल में कुत्ते का अधखाया शव पड़ा होने की सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलने पर वन दरोगा शील कुमार मौके पर पहुंचे और जानकारी ली। साथ ही तेंदुए के पद चिह्न तलाश किए, लेकिन जंगल में तेंदुए के पद चिह्न नहीं मिले। वन विभाग के दरोगा शील कुमार ने बताया कि बब्बरपुरी के जंगल में कुत्ते का शव पड़ा मिला है। जिसका मुंह पर वार किया गया है। जंगल में कहीं भी तेंदुए के पद चिह्न नहीं मिले हैं। ग्रामीणों से सावधान रहने की अपील की। उधर, जंगल में कुत्ते के शिकार के बाद ग्रामीणों में दहशत बढ़ गई, लेकिन वन विभाग तेंदुए होने की आमद से पल्ला झाड़ने में लगा हुआ है। वन रेंजर मुजाहिद हुसैन ने बताया की जांच कराई जा रही है यदि पदचिह्न मिलते हैं तो पिंजरा लगा दिया जाएगा।

## 3 दिनों में 40 डिग्री तक पहुंच सकता है तापमान

**रामपुर, अमृत विचार** : शनिवार को सुबह से तपिश बढ़ गई थी, जिसके चलते लोग गर्मी से बेहाल हो गए। मौसम वैज्ञानिकों की माने तो तीन दिन में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। शनिवार को दोपहर बाद तेज गर्मी से लोग व्याकुल हो गए।

शनिवार को अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। मौसम वैज्ञानिक अगले तीन दिन में पारा 40 डिग्री तक पहुंचने का अनुमान जता रहे हैं। जिला अस्पताल के फिजीशियन डॉ. दशरथ सिंह ने लू से बचने की सलाह दी है साथ ही कहा है कि बच्चों और बुजुर्गों को धूप में बाहर निकलने से बचना चाहिए। घर से बाहर निकलने से पहले सिर को ढकना चाहिए। उन्होंने बताया कि हीट स्ट्रोक होने पर सिर में तेजी से दर्द होता है। आंखों से धुंधला दिखाई देता है। बुखार की तरह शरीर तपने लगता है साथ ही पीड़ित का रक्तचाप कम हो जाता है।


नूर महल में राजदूतों का स्वागत करते पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां।

# 3 देशों के राजनयिकों ने गांधी समाधि पर पुष्प अर्पित किए

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार** : लक्समबर्ग, एस्टोनिया और चेक गणराज्य देशों की महिला राजनयिक शनिवार को नूरमहल पहुंचीं। राजनयिकों ने ऐतिहासिक धरोहरें देखीं और गांधी समाधि पर पहुंचकर पुष्प अर्पित किए।

पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां के आमंत्रण पर भारत में लक्समबर्ग की राजदूत पैगी फ्रांत्जेन, चेक गणराज्य की राजनयिक एलिस्का जिगोवा और रिपब्लिक ऑफ एस्टोनिया की राजदूत मार्जे लूप के शनिवार को नूर महल पहुंचने पर स्वागत किया। ईद पर राजदूतों ने नवेद मियां, पूर्व सांसद बेगम नूरबानो, हैदर अली खां और शाही परिवार के अन्य सदस्यों को मुबारकबाद दी।

साथ ही सिवइयों समेत शाही दस्तरख्वान के सभी पारंपरिक पकवानों का स्वाद लिया। तीनों देशों की राजनयिकों ने गांधी समाधि के दर्शन किए और पुष्प अर्पित किए। काशिफ खां ने बताया कि राजदूत रविवार को रजा लाइब्रेरी देखेंगी।

## एक नजर

### एक पेड़ मां के नाम मुहिम के तहत लगाए पौधे

**बहजोई,अमृत विचार :** राजकीय इंटर कॉलेज लहरावन में समर कैंप के 18 वें दिन योग का अभ्यास कराया गया। वहीं एक पेड़ मां के नाम मुहिम के तहत छात्र-छात्राओं ने पौधे लगाए। राजीव सिंह राणा द्वारा योग एवं व्यायाम कराया गया। इसके बाद शिक्षक गोपाल बाबू वार्ष्णेय ने कचरा प्रबंधन के बारे में बताया। अंशुल, कृष्णा, माधुरी, नव्या, राखी, निशा और द्रोपा ने वृक्षारोपण किया। प्रधानाचार्य सीपी सिंह ने भी संबोधित किया। राकेश कुमार, राजीव सिंह राणा एवं कृष्णकांत आदि ने सहयोग किया।

### ग्रामीण की सर्पदंश से मौत

**बहजोई, अमृत विचार :** बहजोई के गांव शेरुआ ग्रामीण धर्मवीर अपने घर पर रात में सो रहा था। सांप ने उसके पैर में काट लिया। परिजन गांव किसौली में झाड़ फूंक के चक्कर में पड़ गए। किसान की हालत बिगड़ गई। सुबह परिजन बहजोई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले आए। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

### हादसे में घायल ग्रामीण की उपचार के दौरान मौत

**संभल/सौंधन, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के लधनपुर गांव निवासी शेर सिंह और जयनारायण शुक्रवार को किसी काम से बाइक से संभल जा रहे थे। गांव रायपुर के पास अचानक बाइक के आगे घोड़ी आ गई थी। घोड़ी से बाइक टकराने पर शेर सिंह और जयनारायण घायल हो गए थे। गंभीर हालत में शेर सिंह को हायर सेंटर रेफर किया गया था। मुरादाबाद के अस्पताल में शनिवार को उपचार के दौरान शेर सिंह ने दम तोड़ दिया।


# ईद की नमाज अदा कर खुशहाली-तरक्की की मांगी दुआ

## संभल शहर के अलावा जिले के कस्बों और देहात क्षेत्र में परंपरागत तरीके से मनाई गई बकरीद, गले मिलकर एक-दूसरे को दी मुबारकबाद

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** संभल जिले में बकरीद का पर्व अकीदत के साथ मनाया गया। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईदगाहों और मस्जिदों में नमाज अदा कर कौम की तरक्की और खुशहाली के लिए दुआ मांगी। संभल ईदगाह में डीएम और एसपी ने भी सुरक्षा आदि इंतजामों का जायजा लिया। नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक-दूसरे को मुबारकबाद दी। इसके बाद पशुओं की कुर्बानी का सिलसिला शुरू हो गया।

जिला प्रशासन ने बकरीद को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए अधिकारियों की मजिस्ट्रीयल ड्यूटी लगाई थी। सुरक्षा से लेकर सफाई, बिजली और पानी के बेहतर इंतजाम किए गए थे। शनिवार को दिन निकलते ही शहर, कस्बा और देहात क्षेत्र में लोगों ने तैयार होने के बाद ईदगाहों एवं मस्जिदों का रुख कर लिया। संभल में आदमपुर मार्ग पर स्थित ईदगाह पर बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। यहां मौलाना जहीरुल इस्लाम ने निर्धारित समय पर नमाज अदा कराई।संभल के अलावा सरायतरीन, हयातनगर, असमोली, सौंधन, पंवासा, बहजोई, धनारी, गुन्नौर, बबराला, रजपुरा और गवां क्षेत्र में ईदगाहों और मस्जिदों में लोगों ने नमाज अदा की।


संभल ईदगाह पर नमाज के बाद दुआ करते नमाजी। ● अमृत विचार

### बकरीद पर करनी चाहिए गरीबों की मदद

सपा नेता सईद अख्तर इसराईली ने साथियों के साथ ईदगाह संभल में बकरीद की नमाज अदा की। लोगों के गले मिलकर मुबारकबाद दी। उन्होंने कहा कि बकरीद कुर्बानी का त्योहार है। इस्लाम कहता है कि इस दिन किसी भी गरीब, मिसकीन की मदद करनी चाहिए। कुर्बानी करके हमें उसमें तकसीम करना चाहिए। इस दौरान रमीज राजा, मुहम्मद कामिल, वसीम खां, मोहम्मद नवील, फरजंद वारसी, मोहम्मद शहजाद, आसिफ, अनीस आदि रहे।

एक-दूसरे को बकरीद की मुबारक दी। जिसके बाद पशुओं की कुर्बानी का सिलसिला शुरू हो गया।


लोगों से मिलते मौलाना जहीरुल इस्लाम। ● अमृत विचार

### बकरीद पर बेहतर रहे सफाई के इंतजाम

नगर पालिका ने बकरीद को लेकर सफाई के पुख्ता इंतजाम किए। 37 वार्डों में कुर्बानी के बाद ओज आदि उठाने के लिए सफाई नायकों, वाहन चालकों को लगाया गया। 737 सफाई कर्मियों और 67 वाहन चालकों ने काम किया। पशुओं की कुर्बानी के बाद ओज आदि को मुरादाबाद मार्ग पर वाजिदपुरम के पास और तुर्तीपुर इल्हा में डंपिंग ग्राउंड में डलवाया गया। संभल और सरायतरीन में कंट्रोल रूम की व्यवस्था की गई ।ईओ डॉ.मणिभूषण तिवारी ने बताया कि बकरीद पर व्यवस्था दुरुस्त रही।

## गुन्नौर में उत्साह से मनाई बकरीद

**गुन्नौर, अमृत विचार :** शनिवार को ईद-उल-जुहा का त्योहार पुरखुलूस माहौल में भाईचारे और उत्साह के साथ मनाया गया। ईदगाह में हजारों लोगों ने अमन-चैन की दुआएं मांगीं। टंकी मोहल्ला स्थित बड़ी ईदगाह में मौलाना तारिक उल कादरी बदायूंनी ने नमाज अदा कराई। एक-दूसरे के गले मिल कर मुबारकबाद दी और हजरत इब्राहिम की परंपरा के अनुसार कुर्बानी दी गई। कुर्बानी के मांस को तीन हिस्सों में बांटा गया। एक हिस्सा घर के लिए, दूसरा रिश्तेदारों के लिए और तीसरा गरीबों में वितरित किया गया। लोगों ने अपनी हैसियत के मुताबिक सदका और खैरात भी बांटा। उपजिलाधिकारी दीपक चौधरी, क्षेत्राधिकारी दीपक तिवारी और थाना प्रभारी अखिलेश प्रधान पुलिस बल के साथ सुबह से ही ईदगाहों और मस्जिदों पर मौजूद रहे।


गुन्नौर की ईदगाह में नमाज अदा करते मुस्लिम समुदाय के लोग। ● अमृत विचार

### असमोली क्षेत्र में नमाज अदा कर की दुआ

**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** असमोली क्षेत्र में ईदगाहों और मस्जिदों में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अकीदत के साथ नमाज अदा की। कौम और मुल्क की खुशहाली, आपसी प्रेम और भाईचारे के लिए दुआ मांगी। गांव ओबरी में स्थित ईदगाह पर जामा मस्जिद के इमाम सैयद रिजवान मियां ने बकरीद की अहमियत पर रोशनी डाली। कहा कि इंसान को जो चीज दुनिया में सबसे प्यारी है उसे अल्लाह की राह में कुर्बान करनी चाहिए। उन्होंने लोगों से अपील की कि कोई भी खुले में पशु की कुर्बानी नहीं करेगा और कुर्बानी का वीडियो भी नहीं बनाएगा।


ओबरी की ईदगाह में नमाज अदा करते लोग।

### दुआओं के लिए उठे हाथ

**बहजोई,अमृत विचार :** नगर व ग्रामीण अंचलों में बकरीद का त्योहार परंपरागत तरीके से मनाया गया। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने चंदौसी मार्ग स्थित ईदगाह पर पर पहुंचकर नमाज अदा की नमाज अदा कर मुल्क व कौम की तरक्की के लिए हाथ उठाकर दुआ की। इमाम अली नबी ने कहा कि सभी को मुल्क की तरक्की के लिए अपनी भागीदारी करनी चाहिए। लोगों ने एक दूसरे को मुबारकबाद दी। ग्रामीण अंचलों में भी ईद परंपरागत तरीके से मनाई गई। रईस अहमद कुरेशी, हाजी जब्बार सैफी, अकील अहमद निसार अहमद, शोभित कुमार काका, कृष्ण मुरारी शंखधार सहित आदि मौजूद रहे।

## बकरीद पर रही कड़ी सुरक्षा डीएम-एसपी ने लिया जायजा


ईदगाह के निकट सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते डीएम व एसपी। ● अमृत विचार

● **ईदगाह, मस्जिदों और अन्य स्थानों पर तैनात रहा पुलिस बल**

**संभल, अमृत विचार :** संभल में बकरीद के मौके पर कड़े सुरक्षा प्रबंध रहे। डीएम और एसपी ने ईदगाह पर पहुंचकर सुरक्षा और अन्य इंतजामों का जायजा लेकर निर्देश दिए।

संभल में आदमपुर मार्ग पर स्थित ईदगाह पर शनिवार को सुबह डीएम डॉ.राजेंद्र पैंसिया, एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई सरकारी अमले के साथ पहुंचे। डीएम और एसपी ने सुरक्षा, सफाई इंतजामों का जायजा लेते हुए निर्देश दिए।

इस दौरान एडीएम प्रदीप वर्मा, सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार, आईपीएस सीओ संभल आलोक भाटी, एसडीएम डॉ.वंदना मिश्रा सहित कई अधिकारी रहे। संभल के अलावा दूसरी ईदगाहों, मस्जिदों के साथ-साथ कई प्वाइंटों पर पुलिस मुस्तैद रही। मजिस्ट्रेट के रूप में लगे अधिकारियों ने भी शांति व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाली।

## चोरों ने आजाद रोड पर चार स्थानों पर तोड़े ताले

**चन्दौसी, अमृत विचार:** शुक्रवार की रात चोरों ने आजाद रोड पर कई स्थानों पर ताले तोड़े।

आवास विकास निवासी अमित कुमार की आजाद रोड स्थित रोडवेज परिसर में कंफेक्शनरी की दुकान है। वह शुक्रवार की रात 10 बजे दुकान बंद करके अपने घर चले गए। शनिवार की सुबह 5 बजे किसी परिचित ने सूचना दी कि उनके दुकान के ताले टूटे पड़े हैं। उन्होंने बताया कि चोरों ने दुकान में लगे 2 ताले तोड़ दिए मगर चोर ताला नहीं तोड़ सके। जिससे चोर अपने मकसद में सफल नहीं हो सके। इसके अलावा रोडवेज परिसर में बने मंदिर में रखे दानपात्र का ताले तोड़ उसमें रखी नकदी साफ कर ले गए। चोरों ने रोडवेज परिसर में ही बंद खोखे के ताले तोड़े लेकिन उसमें कोई सामान नहीं था। पास ही बने सफाई कर्मचारी के कमरे के तोले भी तोड़ लिए। मगर वहां कुछ नहीं मिला। आजाद रोड पर एक रात में 4 स्थानों के ताले तोड़ने से दुकानदारों में दहशत व्याप्त है।

# बहन की शादी के कुछ घंटे बाद सड़क दुर्घटना में भाई की मौत

संवाददाता, गुन्नौर

**अमृत विचार:** नेशनल हाईवे पर शनिवार सुबह एक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। बहन की शादी के कुछ ही घंटे बाद भाई की मौत से परिजन बेहाल हो गए।

धनारी थाना क्षेत्र के गांव जियानगला निवासी सोनू बाल्मीकि (23) पुत्र वीरपाल शनिवार सुबह बाइक से अपने मामा धर्मपाल और अशोक को अपनी ननिहाल जुनावई क्षेत्र में गांव छिद्दू की मढ़ैइयां छोड़ने गया था। लौटते वक्त सुबह नौ बजे गुन्नौर के नेहरू चौक से आगे बबराला रोड पर पेट्रोल पंप के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक को रौंद दिया। इस हादसे में बाइक सवार सोनू की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने सोनू के क्षत विक्षत शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। शुक्रवार शाम को सोनू की बहन गौरी की बरात आई थी। देर रात गौरी की विदाई के बाद शनिवार सुबह घर आए मेहमान लौटने की तैयारी कर रहे थे। सोनू के मामा धर्मपाल व अशोक ने बाइक से उनके गांव छोड़ आने को कहा तो सुबह छह बजे वह दोनों मामा को बाइक से ननिहाल छोड़ने गया। लौटते समय रास्ते में हादसा हो गया।


हादसे में युवक की मौत के बाद बिलखतीं मृतक की परिजन। ● अमृत विचार

### सोनू की मौत से घर में पसरा मातम

अविवाहित सोनू मेहनत-मजदूरी करता था। उसकी शादी की बात चल रही थी। शादी के घर से अभी रिश्तेदार लौट भी नहीं सके थे कि सोनू की मौत की मनहूस खबर आ गई। खुशी का माहौल दुख में घिर गया। शादी की खुशियों में शामिल होने आए नाते रिश्तेदारों में शोक का माहौल है। थाना प्रभारी अखिलेश प्रधान ने बताया कि दुर्घटना की जिम्मेदार पिकअप का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

## सार संक्षेप



### सिरसी में अकीदत से मनाई बकरीद

**संभल/सिरसी, अमृत विचार :** नगर पंचायत सिरसी में बकरीद का पर्व अकीदत और एहतराम के साथ मनाया गया। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा। शनिवार को ईदगाह और मस्जिदों में बकरीद की नमाज अदा की गई। ईदगाह मोहल्ला गर्बी में मौलाना एहतेशाम अली नकवी, इमामे जुमा शिया जमा मस्जिद ईदगाह मोहल्ला शर्की सादात में मौलाना मीसम अब्बास, ईदगाह बिलारी रोड पर मौलाना सादिक ने नमाज अदा कराई। सुन्नी जामा मस्जिद, मस्जिद काबा ए सानी, मस्जिद इमाम रजा, मोहम्मदी मस्जिद, मस्जिद जहरा समेत दूसरी मस्जिदों में भी नमाज हुई। लोगों ने मुल्क और कौम की तरक्की के लिए दुआ की। जिसके बाद एक-दूसरे को मुबारकबाद देने का सिलसिला शुरू हो गया।

### खाना खाते समय हार्ट अटैक से बुजुर्ग की मौत

**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव राजा गालबपुर में शनिवार की दोपहर बकरीद के मौके पर एक-दूसरे के यहां दावत चल रही थी। गांव राजा गालबपुर के जाकिर हुसैन सूफी (62 वर्ष) पूर्व जिला पंचायत सदस्य डॉ.अब्दुल रऊफ के बुलावे पर उनके घर दावत खाने पहुंचे। खाते ही जाकिर हुसैन सूफी की अचानक हार्ट अटैक से हालत बिगड़ गई। परिजन आनन फानन उन्हें उपचार के लिए मुरादाबाद के निजी अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने देखते ही जाकिर हुसैन को मृत घोषित कर दिया। जिससे परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने गमगीन माहौल में देर शाम शव को सुपुर्देखाक कर दिया।

### वृद्धाश्रम व अनाथालयों को दिये 105 पंखे

**बबराला,अमृत विचार :** रोटरी क्लब बबराला गंगा और सुरेश चंद मंजू देवी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में वृद्धाश्रम, अनाथालय और मंदिरों आदि स्थानों के लिए पांच सोलर चालित पंखे और 100 सामान्य पंखे दिए गए। शनिवार शाम चार बजे बगीचा वेंकटहाल में आयोजित पंखा वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नायब तहसीलदार उदयवीर सिंह, डॉ . कैलाश वार्ष्णेय, डॉ. राहुल यादव, सुरेश गुप्ता, योगेंद्र यादव, चुन्नीलाल, कपिल गोयल, उमेश वार्ष्णेय, एनपी यादव और पुष्पेन्द्र शर्मा आदि मौजूद रहे। फाउण्डेशन निदेशक कार्तिक गोयल ने बताया कि वृद्धाश्रम रामबाग चंदौसी, अनाथालय बदायूं, प्राइमरी स्कूल बाघऊ, अंबेडकर पार्क और गंगा घाट को सोलर पंखे और पर्याप्त संख्या में हाथ वाले पंखे जबकि संतोषी माता मंदिर, हनुमान मंदिर और सीताराम मंदिर को हाथ वाले पंखे भेजे जा रहे हैं।



### डीएम और एसपी ने देखा चतुर्मुख कूप का जीर्णोद्धार कार्य

**संभल, अमृत विचार :** डीएम डॉ.राजेंद्र पैंसिया, एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने आलम सराय में स्थित प्राचीन चतुर्मुख कूप के सौंदर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार के कार्य का निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने चंदौसी चौराहे पर चल रहे चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्य को देखा। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार श्रीवास्तव, सहायक पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी संभल आलोक भाटी, सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार, उपजिलाधिकारी डॉ.वंदना मिश्रा, अधिशासी अधिकारी डॉ.मणिभूषण तिवारी रहे।

### छुट्टा गोवंश के हमले में दो बच्चे घायल

**संभल/कैला देवी, अमृत विचार :** कैला देवी थाना क्षेत्र में छुट्टा गोवंश पशु ने हमला करते हुए दो बच्चों को दौड़ा लिया जिससे बच्चे घायल हो गए। शनिवार को थाना क्षेत्र के गांव शकरपुर चौराहे पर छुट्टा गोवंश पशु ने 8 वर्षीय उपेंद्र तथा 10 वर्षीय पंकज पर हमला कर दिया। छुट्टा गोवंश पशु ने दोनों को दौड़ाया जिससे दोनों बच्चे घायल हो गए। छुट्टा गोवंश पशु ने अजब सिंह सहित अन्य ग्रामीणों को भी दौड़ा लिया। ग्रामीणों ने छुट्टा गोवंश पशुओं को पकड़वाने की मांग उठाई। घायल बच्चों का उपचार कराया गया।

### छोटे हाथी की टक्कर से बाइक सवार दंपती घायल

**चन्दौसी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के मुरादाबाद रोड पर बाइक में छोटे हाथी वाहन ने टक्करसे दंपती घायल हो गए। पत्नी को मामूली चोट आई जबकि गंभीर घायल होने पर पति को हायर सेंटर रेफर कर दिया। मुरादाबाद के थाना मझोला के जयंतीपुर निवासी प्रमोद पुत्र जसवंत सिंह अपनी पत्नी नीतू के साथ शनिवार सुबह बाइक पर सवार से रिश्तेदार में बजीरगंज जनपद बदायूं जा रहा था। कोतवाली क्षेत्र के मुरादाबाद रोड स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के सामने छोटा हाथी ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। दंपती घायल हो गए। यातायात आरक्षी सोनू अहलावत ने नागरिकों की मदद से घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। प्रमोद की हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया।

# संदिग्ध परिस्थिति में मक्का के खेत में मिला युवक का शव

कार्यालय संवाददाता, संभल

● **पुलिस अधिकारियों ने किया मौका मुआयना, शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

**अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थिति में युवक का शव मक्का के खेत में मिला। एएसपी और सीओ ने मुआजना किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी।

थाना क्षेत्र के गांव मौअज्जमपुर बिशनपुर निवासी सतेंद्र सैनी (25) पुत्र नौबत सैनी गुरुवार को शाम को घर से अमरोहा जिले के गांव शकतपुर में खेत में धान की पौध भरने के लिए गया था। वहां से धान की पौध भरकर वापस घर नहीं पहुंचा तो परिजनों को तलाश किया मगर सतेंद्र सैनी का कहीं पता नहीं चला। उसका मोबाइल भी स्विच ऑफ आने लगा। शनिवार को सतेंद्र सैनी का शव गांव मौअज्जमपुर बिशनपुर में ही मक्का के खेत में पड़ा मिला। जिसकी सूचना मिलने पर पहुंचे परिजन बिलखने लगे। सूचना पर एएसपी राजेश कुमार श्रीवास्तव, सीओ असमोली कुलदीप सिंह, थाना प्रभारी नखासा रजनीश कुमार, देहपा चौकी प्रभारी नितिन गौतम मौके पर पहुंचे। पुलिस ने जांच पड़ताल की। थाना प्रभारी रजनीश कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। पोस्टमार्टम से मौत का कारण हो सकेगा। जांच पड़ताल की जा रही है।

**बेहाल अन्नदाता** | किसानों को मिल रहा 2050 रुपये का भाव जबकि उम्मीद थी 2400 रुपये की

# मक्का के अच्छे दाम नहीं मिलने से किसानों में मायूसी

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** मक्का के भाव को लेकर किसानों की उम्मीद पूरी नहीं हो रही है। संभल मंडी में ही सूखी मक्का का भाव 2050 रुपये प्रति क्विंटल मिल रहा है जबकि उम्मीद 2400 रुपये की थी। मजबूरी में किसान औने पौने दाम पर ही मक्का बेच रहे हैं।

संभल में तमाम किसानों ने इस बार मक्का फसल की बुआई की। जब फसल तैयार हो गई तो किसान बाजारों का रुख कर रहे हैं। संभल मंडी समिति में रोजाना दर्जनों ट्रैक्टर ट्राली मक्का पहुंच रही है। गीली मक्का प्रति क्विंटल 1200 से 1400 रुपये में जबकि सूखी मक्का का दाम 2050 रुपये से ज्यादा नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में किसानों है क्योंकि किसानों को उम्मीद थी कि भाव 2400 रुपये मिलेगा। औने पौने दाम पर मक्का बेच रहे हैं। किसानों ने सरकारी स्तर पर मक्का की खरीद कराने की मांग भी उठाई है। उनका कहना है कि अगर सरकारी अच्छा दाम तय करके सरकारी क्रय केंद्र खुलवाए तो उन्हें राहत मिल सकती है।


संभल मंडी समिति में मक्का बेचते किसान। ● अमृत विचार


अगर मक्का का भाव 2400 रुपये मिला तो काफी राहत मिलती लेकिन यहां दाम काफी कम मिल रहा है। मजबूरी में मक्का बेच रहे हैं। -जगपाल


मक्का का भाव प्रति क्विंटल 2050 रुपये चल रहा है। वह भी सूखी मक्का होगी तब मिलेगा। भाव 2400 रुपये होनी चाहिए। -सुभाष


मैंने 10 बीघा भूमि में मक्का की फसल की है। भाव ज्यादा अच्छा नहीं मिल रहा है। मजबूरी में मक्का बेच रहे हैं क्योंकि दूसरी फसल की तैयारी करनी है। -नरेश


15 बीघा जमीन में मक्का तैयार की है। मक्का को लेकर मंडी समिति आए हैं तो यहां भाव 2050 रुपये मिल रहा है, जो ठीक नहीं है। -नवाब हसन


25 बीघा भूमि में मक्का की पैदावार की है। भाव को लेकर संतुष्ट नहीं हैं। भाव अच्छा मिल जाता तो राहत का माहौल भी बनता। -राजेंद्र

# डॉक्टर को सांप दिखाकर बोला इसी ने काटा है, मुझे बचा लो

संवाददाता, बबराला

● **सांप को डिब्बे में बंद कर सीएचसी ले गया युवक**
● **चारपाई से युवक ने पैर नीचे उतारा तभी सांप ने डस लिया**

**अमृत विचार:** युवक को सांप ने काट लिया तो वह सांप को डिब्बे में बंद कर सीएचसी पहुंचा। डॉक्टर से बोला- इसी ने काटा है, बचा लीजिए। डिब्बे में सांप की सुनकर स्टाफ सहम गया। इसके बाद तत्काल युवक को एंटी वेनम इंजेक्शन लगाया और हालत सामान्य होने पर घर भेज दिया।

रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव मेहुआ हसनगंज निवासी प्रेमपाल (25 वर्ष) शुक्रवार देर शाम को अपने घर में चारपाई पर बैठा था। जैसे ही जमीन पर पैर रखा, मध्यम आकार का सांप उसके पैर से लिपट गया और प्रेमपाल के पैर में डस लिया। प्रेमपाल घबराया नहीं, बल्कि सांप को पकड़ कर एक डिब्बे में बंद कर लिया। इसके बाद वह सांप वाले डिब्बे सहित गुन्नौर सीएचसी पहुंच गया। इसके बाद डाक्टर को सांप दिखाकर कहा कि इसी ने मुझे काटा है अब मुझे बचा लीजिए। सीएचसी अधीक्षक डॉ. राजकिशोर ने बताया कि शुक्रवार देर शाम एक युवक आया था। उसका उपचार किया गया। गनीमत रही कि सांप काटने के कुछ ही देर बाद युवक अस्पताल आ गया। सांप अक्सर घरों में पाए जाने वाला मध्यम आकार का और कम जहरीली प्रजाति का था। इलाज के बाद हालात सामान्य होने पर युवक घर लौट गया।

# राष्ट्रीय एकता का सूत्र अद्वैत


हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

आचार्य शंकर ने सनातन धर्म के सभी संप्रदायों का वैदिक दृष्टि से शुद्धिकरण किया। हिन्दू धर्म की कथित विभाजित प्रवृत्तियों को समन्वित रूप दिया। एक नया इतिहास गढ़ा। वे प्रयाग भी गए और वाराणसी भी। आचार्य शंकर प्रयाग से वाराणसी तक 7 दिन में पहुंचे थे।

जीवन संघर्ष नहीं है। संघर्षपूर्ण जीवन तनाव देता है। पूरे जीवन को संघर्ष मानने का मूल द्वैतवाद है। द्वैतवाद का अर्थ है कि यहां इस जगत में दो प्रमुख पक्ष हैं। एक मैं हूं और दूसरा यह संसार। मैं हूं और दूसरे आप। मैं और तुम दो हैं। आध्यात्मिक तल पर ईश्वर एक है, दूसरा मैं हूं। भक्त और भगवान दो हैं। प्रकृति में प्रकाश और अंधकार का द्वैत है। शीत और ताप का द्वैत है। सब तरफ दो का दर्शन। सृष्टि में अनेक जीव हैं। वनस्पतियां हैं। सबके रूप भिन्न-भिन्न हैं। जैव विविधता खूबसूरत है। सामाजिक क्षेत्र में पंथिक विभाजन हैं। आर्थिक आधार पर गरीब और धनी में द्वैत है। जाति विभाजन में द्वैत है ही। लेकिन भारत में इस द्वैत के भीतर अद्वैत के दर्शन का विकास हुआ। अद्वैत का अर्थ है दो नहीं। दसों दिशाओं में व्याप्त एक ही परम तत्व भिन्न-भिन्न रूपों में रूप प्रतिरूप हो रहा है। पूरे अस्तित्व को एक जानने की अनुभूति ऋग्वेद के रचनाकाल में प्रकट हुई। उपनिषदों में व्यापक हुई। ब्रह्मसूत्रों में सिद्धांत बनी। बादरायण ने व्यवस्था दी। शंकराचार्य ने अद्वैत दर्शन का अभियान बनाया। रूप, लिंग, कुल, वंश, विश्वास, पंथ के आधार पर विभक्त समाज को अविभक्त देखने की दृष्टि अद्वैत कही गई। यह दर्शन निर्विकल्प है।

शंकर के अद्वैत का मूल अर्थ है इस अस्तित्व का प्रत्येक रूप और अंश उस एक ब्रह्म का ही रूप है। बृहदारण्यक उपनिषद में बहुत खूबसूरत ढंग से पूर्ण का अर्थ समझाया गया है। ऋषि कहते हैं, "यह पूर्ण है। वह पूर्ण है। यह पूर्ण उस पूर्ण का विकास है। पूर्ण में पूर्ण घटाओ तो पूर्ण ही बचता है। पूर्ण से पूर्ण का गुणा करने पर भी पूर्ण पूर्ण ही रहता है।" बहुत आश्चर्यजनक है यह पूर्ण। इसी पूर्ण के बोध में आनंद ही आनंद है। आचार्य शंकर के शब्दों में कहें तो उपनिषदों का आनंद सत् चित् आनंद है। यही सच्चिदानंद है। आनंद का अपना आनंद है। तैत्तिरीय उपनिषद के ऋषि ने आनंद की मीमांसा की है और बताया है कि मनुष्य की तरुणाई, श्रेष्ठ आचरण, शील और बल संवृद्धि और धरती पर अधिकार यहां आनंद देता है। यहां आनंद के सारे स्रोत भौतिक हैं। ऋषि आगे जोड़ते हैं कि, "लेकिन इच्छारहित ज्ञानी को यह आनंद स्वाभाविक रूप से प्राप्त है।" फिर कहते हैं, इस आनंद का 100 गुना आनंद गंधर्व आनंद है। गंधर्व आनंद संस्कृति का पर्यायवाची है। संस्कृति से जुड़े लोग साधारण मनुष्य की तुलना में 100 गुना आनंद पाते हैं। लेकिन यह आनंद भी इच्छाशून्य ज्ञानी को स्वाभाविक रूप से प्राप्त है। आनंद के अनेक तल हैं। फिर पूर्वजों और पितरों के स्मरण को आनंदपूर्ण बताया गया है। यह भी अभिलाषाशून्य ज्ञानी को सहज प्राप्त है। आनंद अभीप्सु है। आनंद सब की प्यास है।

कठोपनिषद के ऋषि ने ठीक कहा है कि यह आत्मतत्व प्रवचन से नहीं मिलता और बुद्धि से भी नहीं। शंकराचार्य इसी ज्ञान को भारत के कोने-कोने तक पहुंचाने में संलग्न थे। उन्होंने अपने शिष्यों के साथ देश के प्रसिद्ध तीर्थों का दर्शन किया। तीर्थ केन्द्रों पर भी वेदांत विषय पर उन्होंने आमजनों का प्रबोधन किया और कड़ाई के साथ वैदिक परंपरा के विरोधियों की बातों का खंडन किया। उनके दिग्विजय अभियान में दक्षिण में सेतुबंध पहला पड़ाव था। मार्ग में उन्हें अनेक संतों विद्वानों से मिलने का अवसर मिला। उन्होंने विद्वानों के प्रश्नों के उत्तर दिए। शंकर ने रामेश्वरम में पूजा की। फिर वह पांड्य और चोल क्षेत्रों की ओर बढ़े। जगह-जगह पर शास्त्रार्थ होते थे और वह सदाचरण व वेदांत को श्रेष्ठ बताते रहे। हस्तगिरि पर्वत पर अवस्थित कांचीनगर में आचार्य ने देवी के मंदिर की स्थापना की। फिर वे विदर्भ पहुंचे। राजा ने उनका स्वागत किया। वहां भैरवमातावनुयायियों की संख्या ज्यादा थी। आचार्य ने उन सबके बीच भी वेदांत दर्शन का विचार रखा। कर्नाटक प्रवास में आचार्य का सामना कापालिक मतानुयायियों से हुआ। इस मत का मुखिया आचार्य का विरोधी था। 'आदि शंकराचार्य जीवन और दर्शन' नामक पुस्तक में जयराम मिश्र ने लिखा है कि, कापालिकों की पराजय हुई। आचार्य शंकर ने स्वयं भी महाकापाली भैरव की स्तुति की। फिर आचार्य पश्चिमी समुद्र के प्रसिद्ध तीर्थ गोकरना पहुंचे। शंकर और नीलकंठ का शास्त्रार्थ हुआ।

नीलकंठ और आचार्य के मध्य हुआ प्रश्नोत्तर दर्शन की अमूल्य निधि है। अंततः नीलकंठ ने आचार्य का शिष्यत्व स्वीकार कर लिया। आचार्य शंकर ने शिष्यों के साथ सौराष्ट्र क्षेत्र का भी भ्रमण किया। अनेक स्थानों पर उन्होंने अद्वैत का प्रचार किया। विद्वानों ने उनकी प्रशंसा की। उन्होंने प्रसिद्ध नगरी द्वारिका में प्रवेश किया। यह वैष्णवों का गढ़ था। शंकर के तर्क स्वीकार्य योग्य माने गए। उन्होंने उज्जैनी की यात्रा में भी संवाद बनाया। वे शिष्यों को लेकर महाकाल मंदिर में पूजा अर्चना के लिए भी गए। भट्ट भास्कर उस क्षेत्र के प्रतिष्ठित विद्वान थे। उन्होंने अनेक ग्रंथों की रचना की थी। शास्त्रार्थ के दौरान भट्ट भास्कर ने शंकर से सहमति व्यक्त की। परम पूर्ण तत्व को अलग-अलग विभाजित देखना भ्रम है और एकात्म देखना सत्य है। आचार्य का जैन मतावलंबियों से भी शास्त्रार्थ हुआ और उन्होंने उनको भी अद्वैत से सहमत कराया। बौद्ध मतावलंबियों का प्रभुत्व अभी कम नहीं था। अनेक बौद्ध विद्वानों ने वैदिक धर्म स्वीकार कर लिया। वह जगन्नाथ पुरी भी गए। मगध मार्ग से जाते मगधपुर, यमस्तपुर आदि अनेक नगरों में बौद्धों का बहुमत रहा है। मगध में अनेक मत प्रचलित थे। उस समय कुबेर के उपासक, इंद्र के उपासक और यम उपासक आदि अनेक मत थे। वह सब अपने को वेद का अनुयायी मानते थे। शंकराचार्य की अद्भुत प्रतिभा ने उनके अंधविश्वास दूर कर दिए।

आचार्य शंकर ने सनातन धर्म के सभी संप्रदायों का वैदिक दृष्टि से शुद्धिकरण किया। हिन्दू धर्म की कथित विभाजित प्रवृत्तियों को समन्वित रूप दिया। एक नया इतिहास गढ़ा। वे प्रयाग भी गए और वाराणसी भी। आचार्य शंकर प्रयाग से वाराणसी तक 7 दिन में पहुंचे थे। काशी में उन्होंने महादेव विश्वनाथ के दर्शन किए। पूजा की। पूरब पश्चिम उत्तर दक्षिण आचार्य शंकर की धूम थी। वह उत्तर प्रदेश के नैमिषारण्य तीर्थ भी गए। यह प्राचीन काल से ही प्रतिष्ठित स्थान है। यह एक समय वैदिक संस्कृति का महत्वपूर्ण केन्द्र था। यहां कर्मकाण्ड की प्रधानता थी। वहां पहुंचने पर आचार्य को प्राचीन संस्कृति के कोई लक्षण नहीं दिखलायी पड़े। इससे वे बहुत दुखी हुए। वहां बौद्ध तांत्रिकों की प्रधानता थी। आचार्य ने वहां कुछ दिनों तक निवास कर वेदान्त सिद्धान्त का प्रचार किया। उन्होंने इस बात को सप्रमाण सिद्ध किया कि गौतम बुद्ध के सारे सिद्धान्त अद्वैत-सिद्धान्त पर ही आश्रित हैं। इसका परिणाम यह हुआ कि वहां के लोग वेदोक्त रीति से धर्म-कर्म में प्रवृत्त होकर उपासना में अनुरक्त हुए। इसी प्रकार अयोध्या में भी उनका प्रवास हुआ। उन्होंने बंगाल का भी भ्रमण किया था। राष्ट्र की सांस्कृतिक एकता की नींव वैदिक ऋषियों ने रखी थी। शंकराचार्य ने आगे बढ़कर सांस्कृतिक एकता का विशाल भवन खड़ा किया। एक बार फिर जातिभेद, सांप्रदायिकता, आर्थिक गैरबराबरी, राष्ट्र की आंतरिक सुरक्षा और आतंकवाद जैसे मुद्दों पर आचार्य शंकर जैसे राष्ट्रव्यापी अभियान की आवश्यकता है।

# हितों का गठजोड़ जो टूट चुका है


डॉ. शिवम भारद्वाज
असिस्टेंट प्रोफेसर, मथुरा

अमेरिकी राजनीति के विशाल और जटिल मंच पर कुछ समय से चल रहा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और टेस्ला-एक्स-स्पेसएक्स साम्राज्य के मालिक एलन मस्क का रिश्ते कभी सामरिक गठजोड़ और सार्वजनिक समर्थन का प्रतीक था। अब रिश्तों में टकराहट के निशान वॉल स्ट्रीट से लेकर अंतरिक्ष तक जा पहुंचे हैं। ट्रंप ने मस्क की कंपनियों को मिलने वाली सरकारी सब्सिडी और ठेके बंद करने की धमकी दी, तो मस्क ने जवाबी कार्रवाई में राष्ट्रपति के खिलाफ महाभियोग की संभावना तक को हवा दे दी। जुलाई 2024 में जब पेंसिल्वेनिया में ट्रंप की चुनावी रैली पर हुई गोलीबारी ने पूरी दुनिया को हिला दिया तब मस्क ने ट्रंप को अपना समर्थन देने का ऐलान किया, और यह मात्र शब्दों तक सीमित नहीं रहा। इस तरह यह टकराव केवल दो व्यक्तियों के बीच नहीं, बल्कि अमेरिकी सत्ता, आर्थिक हितों और राजनीतिक विचारधाराओं के जटिल जाल का प्रतीक बन गया है। विभिन्न मौकों पर ट्रंप और मस्क ने एक-दूसरे की तारीफ़ों के पुल बांधे और उनके इस भाव को मीडिया हलकों में "ब्रोमांस" का नाम तक दे दिया गया।

यह टकराव केवल दो व्यक्तियों के अहंकार की लड़ाई नहीं है, बल्कि अमेरिकी राजनीति में गहराते विभाजन और बदलती सत्ता संरचनाओं का संकेत भी है। ट्रंप का 'अमेरिका फर्स्ट' राष्ट्रवादी एजेंडा सुरक्षा, पारंपरिक उद्योग और सीमाओं पर केंद्रित है, जबकि मस्क जैसे टेक उद्योगपति नवाचार और वैश्विक व्यापार को प्राथमिकता देते हैं। पिछले दिनों जब ट्रंप ने नासा के प्रमुख पद के लिए मस्क के भरोसेमंद जेरेड इसाकमैन के नामांकन को वापस लिया तो साफ हो गया कि यह गठजोड़ हितों का सौदा था जो टूट चुका है। इस विवाद का सबसे बड़ा आर्थिक असर टेस्ला के शेयरधारकों पर पड़ा। कंपनी के शेयरों में 14 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई, जिससे बाजार पूंजीकरण में 150 अरब डॉलर से अधिक का नुकसान हुआ, जो टेस्ला के इतिहास की सबसे बड़ी एक दिवसीय गिरावट थी। इससे मस्क की व्यक्तिगत संपत्ति में भी लगभग 26 अरब डॉलर की कमी आई।

इस राजनीतिक प्रेम कहानी के टूटने ने अमेरिकी लोकतंत्र के लिए गंभीर सवाल उठाए हैं। क्या सरकारी नीतियां व्यक्तिगत रिश्तों या आर्थिक ताकतों से प्रभावित होनी चाहिए? क्या कोई अरबपति चुनावी नतीजों को खरीद सकता है? और क्या सत्ता के नशे में राजनेता अपने सहयोगियों को धमकी दे सकते हैं? मस्क ने पहले ही एक नए राजनीतिक दल की संभावनाओं का संकेत दिया है, जबकि ट्रंप उनके व्यापार साम्राज्य को निशाना बना रहे हैं।

इस विवाद ने अमेरिकी राजनीति की छवि को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावित किया है। पोलैंड के विदेश मंत्री राडोस्लाव सिकोरस्की ने व्यंग्य करते हुए कहा, 'देखा, बड़े आदमी? राजनीति उतनी आसान नहीं, जितनी तुम्हें लगती थी। 'यह टकराव अब केवल घरेलू मुद्दा नहीं रह गया, यह एक वैश्विक राजनीतिक संस्कृति का प्रतिबिंब बन गया है, जहां सिद्धांतों की जगह व्यक्तिगत नाराजगी और आर्थिक हितों ने ले ली है। जब दो सबसे शक्तिशाली व्यक्ति एक-दूसरे के खिलाफ हो जाते हैं, तो न सिर्फ उनका बल्कि उस लोकतंत्र का भी नुकसान होता है, जिसकी वे रक्षा का दावा करते हैं। ऐसे में एक पुरानी सीख फिर याद आती हैः सत्ता के नशे में अक्सर दोस्ती दुश्मनी में बदल जाती है, और जिसकी बुनियाद निजी स्वार्थ पर टिकी हो, उसका अंत निश्चित है।

# महासागरीय जीवन पर गहराता संकट


अरविंद जयतिलक
वरिष्ठ पत्रकार

1972 के स्टॉकहोम में मानव पर्यावरण पर हुए संयुक्त राष्ट्र के सम्मेलन में भी समुद्री प्रदूषण पर चर्चा हुई। तब समुद्री प्रदूषण रोकने के लिए कचरे व अन्य पदार्थों के समुद्र में फेंके जाने को लेकर संधि पत्र पर हस्ताक्षर हुए।

यह सुखद रहा कि अभी गत वर्ष पहले ही 20 वर्षों की लंबी बातचीत के उपरांत एक सैकड़ा से अधिक देश समुद्री जीवन को बचाने की अहम संधि पर मुहर लगाने को तैयार हुए। उन्होंने न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में हाई सीज ट्रीटी के तहत 2030 तक दुनिया के 30 फीसदी महासागरों को संरक्षित किए जाने का संकल्प व्यक्त किया। अच्छी बात है कि बीते एक वर्ष में इस संकल्प को लागू करने के लिए सभी देश एक सार्थक प्रयास में जुट गए हैं। गौर करें तो इस संधि में प्रावधान है कि समुद्री जलीय जीवन को संरक्षित करने के लिए निकाय बनेगा और जलीय जीवों को हो रहे नुकसान के आंकलन के लिए नियम बनेंगे। यह संधि इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि अभी तक इस मकसद के लिए फंडिंग और मछली पकड़ने जैसे अधिकारों पर बात बन नहीं पा रही थी। इसलिए कि समुद्र तट से 200 नॉटिकल मील तक के समुद्र पर ही देशों का अधिकार होता है और उसके आगे का हिस्सा खुला समुद्र कहलाता है। अभी तक इसका 1.2 फीसदी हिस्सा ही संरक्षित है। लेकिन इस संधि के तहत अब तय किया गया है कि खुले समुद्र के कौन से इलाके संरक्षित माने जाएंगे। चूंकि अब इस संधि को मूर्त रुप देने की कवायद तेज हो गई है लिहाजा महासागरों में वास कर रहे समुद्री जल जीव-जंतुओं और खनिजों की रक्षा होनी तय है। उल्लेखनीय है कि 1950 के दशक के शुरुआत में समुद्र के कानून को लेकर हुए संयुक्त राष्ट्र के कई सम्मेलनों में समुद्री प्रदूषण पर चिंता व्यक्त की गई।

1972 के स्टॉकहोम में मानव पर्यावरण पर हुए संयुक्त राष्ट्र के सम्मेलन में भी समुद्री प्रदूषण पर चर्चा हुई। तब समुद्री प्रदूषण रोकने के लिए कचरे व अन्य पदार्थों के समुद्र में फेंके जाने को लेकर संधि पत्र पर हस्ताक्षर हुए। इस समझौते को लंदन समझौता कहा जाता है। लेकिन सच यहीं है कि समुद्री प्रदूषण रोकने के अभी तक सभी कानून नाकाफी ही साबित हुए हैं। नतीजतन समुद्री जैव विविधता खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है।

उदाहरण के तौर पर वर्ष 1970 से देखें तो खुले समुद्र में शार्क की तादाद 70 फीसदी तक घट गयी है। विचार करें तो समुद्री जीवन में प्रदूषण के तीन रास्ते हैं। एक, महासागरों में कचरे का सीधा छोड़ा जाना, दूसरा वर्षा के कारण नदी-नालों में अपवाह से और तीसरा वातावरण में छोड़े गए प्रदूषकों से। समुद्र में प्रदूषण के लिए सबसे आम रास्ता नदियां हैं। समुद्र में पानी का वाष्पीकरण सर्वाधिक होता है। संतुलन की बहाली महाद्वीपों पर बारिश के नदियों में प्रवेश और फिर समुद्र में वापस मिलने से होती है।

उदाहरण के लिए न्यूयॉर्क में हडसन और न्यूजर्सी में रैरीटेन जो स्टेटन द्वीप के उत्तरी और दक्षिणी सिरों में समुद्र में मिलती है जिससे समुद्र में प्राणी मंदप्लवक यानी कोपपॉड के पारा प्रदूषण का मुख्य स्रोत है। फिल्टर-फीडिंग कोपपॉड में सबसे ज्यादा मात्रा इन नदियों के मुखों में नहीं बल्कि 70 मील दक्षिण में एटलांटिक सिटी के नजदीक है क्योंकि पानी के तट के बिल्कुल नजदीक बहता है। अमूमन तय प्वाइंट प्रदूषण तब होता है जब प्रदूषण का इकलौता, स्पष्ट और स्थानीय स्रोत मौजूद हो। अंदरुनी भागों में तांबे, सोने इत्यादि का खनन भी समुद्री प्रदूषण का एक बड़ा स्रोत है। ज्यादतर प्रदूषण महज मिट्टी से होता है जो नदियों के साथ बहते हुए समुद्र में प्रवेश करती है। हालांकि खनन के दौरान खनिजों के निस्सरण से कई समस्याएं उभरकर सामने आती हैं। गौर करें तो खनन का बहुत घटिया ट्रैक रिकार्ड है।

उदाहरण के लिए अमेरिकी पर्यावरण संरक्षण एजेंसी की मानें तो खनन ने पश्चिमी महाद्वीपीय अमेरिका में 40 फीसद से ज्यादा जलोत्सारण क्षेत्रों के नदी उद्गमों के हिस्से को प्रदूषित किया है और इस प्रदूषण का सर्वाधिक हिस्सा समुद्र में मिलता है। वातावरण में छोड़े गए प्रदूषकों से भी समुद्र प्रदूषित हो रहा है। मसलन कृषि से सतह का अपवाह, साथ शहरी अपवाह और सड़कों, इमारतों, बंदरगाहों और खाड़ियों के निर्माण से हुआ अपवाह कार्बन, नाइट्रोजन, फास्फोरस और खनिजों से लदे कणों और मिट्टी को अपने साथ ले जाता है। सड़कों और राजमार्गों से दूषित अपवाह तटीय इलाकों में जल प्रदूषण का सबसे बड़ा स्रोत है।

इसमें प्रवेश करने वाले 75 फीसद जहरीले रसायन, सड़कों, छतों, खेतों और अन्य विकसित भूमि से तूफानों के दौरान पहुंचते हैं। वैज्ञानिकों की मानें तो जीवाश्म ईंधन का उपयोग, औद्योगिक कार्बन उत्सर्जन और जंगल की आग इत्यादि से समुद्री जीवन जहरीला बन रहा है। इन वैज्ञानिकों का कहना है कि इनसे उत्सर्जित पॉलीसाइक्लिक एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन्स (पीएएचएस) नामक घातक रसायन की मात्रा समुद्र में लगातार बढ़ रही है और समुद्री जीवों का अस्तित्व संकट में पड़ गया है। वैज्ञानिकों का यह भी कहना है कि इसके पीछे 90,000 टन पीएएचएस का उत्सर्जित होना है। उल्लेखनीय है कि पीएएचएस सौ से अधिक घातक रसायनों का समूह होता है, जो कि जीवाश्म ईंधन और लकड़ी के जलने से वातावरण में उत्सर्जित होता है। इन्हें जानलेवा प्रदूषक तत्वों की श्रेणी में रखा गया है।

स्पेन के वैज्ञानिकों ने बायो हेस्पिराइट्स नाम समुद्री शोध जहाज से ब्राजील, अफ्रीका, आस्टेलिया और हवाई द्वीप समेत कई देशों की समुद्री यात्रा कर इन्हें आंकड़ों में सहेजा है। जांच में टीम को 64 पॉलीसाइक्लिक एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन्स मिले हैं जो अटलांटिक, प्रशांत और हिंद महासागर में पाए गए। इनमें से कुछ अत्यंत विषैले हैं जो समुद्र को जहरीला बनाने का काम कर रहे हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि पीएएचएस की प्रति महीने उत्सर्जन की मात्रा इतिहास के सबसे बड़े तेल रिसाव की घटना से चार गुना अधिक खतरनाक है। तेल रिसाव के घातक परिणाम समुद्री जीवों के लिए बेहद नुकसानदायक है।

# तकनीक पर निर्भरता और बच्चों की रचनात्मकता


प्रवीण त्रिवेदी
फतेहपुर

एक शिक्षक के नजरिए से अगर विद्यालयों में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की पिछले 25 वर्षों की यात्रा का आंकलन करें तो बदलाव साफ़ दिखाई देता है। एक समय था जब स्कूलों में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की तैयारी केवल मंच तक सीमित नहीं होती थी, वह बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण की एक समग्र प्रक्रिया होती थी। शिक्षक और छात्र मिलकर एक गीत की धुन निकालते थे, शब्दों का उच्चारण सुधारते थे, हारमोनियम, ढोलक, तबला जैसे वाद्य यंत्रों से अभ्यास करते थे। नृत्य की मुद्राएं स्थानीय लोक परंपराओं से आती थीं और हर प्रस्तुति के पीछे अभ्यास, समझ और रचनात्मकता की एक परत होती थी।

आज जब तकनीक हर हाथ में है और स्कूलों में माइक, स्पीकर और यूट्यूब की पहुंच ने तैयारी के श्रम को आसान बना दिया है, तो कला की वह गहराई भी धीरे-धीरे खोती जा रही है। अब अक्सर होता यह है कि शिक्षक शिक्षिकाएं यूट्यूब पर गाना चला देते हैं, बच्चों को उसी पर थिरकने को या डायलॉग मारने को कहा जाता है, और पूरी प्रस्तुति एक तयशुदा 'कॉपी-पेस्ट' प्रारूप में बदल जाती है। बच्चे न तो गीत का अर्थ समझते हैं, न उसकी धुन में अपना स्वर खोजते हैं, और न ही प्रस्तुति में अपनी मौलिकता जोड़ते हैं।

यह बदलाव केवल मंचीय प्रदर्शन की दिशा नहीं बदलता, यह बच्चों के रचनात्मक विकास पर भी असर डालता है। पहले जहां एक गीत या नृत्य की तैयारी के बहाने बच्चों में समर्पण, अनुशासन, टीमवर्क, आत्म-अभिव्यक्ति और सौंदर्य-बोध जैसे गुण विकसित होते थे, अब वे केवल दिखावे और प्रदर्शन तक सीमित हो गए हैं।

शिक्षक होने के नाते यह चिंता स्वाभाविक है कि यदि हम तकनीक को केवल सहारा बनाकर रखें तो वह एक वरदान है, लेकिन अगर उसी पर निर्भर हो जाएं, तो यह बच्चों की रचनात्मकता को कुंठित कर सकती है। हमें यह याद रखना होगा कि मंच पर चमकते हुए रंगीन परिधान और ऊंचे वॉल्यूम में बजता संगीत ही सांस्कृतिक शिक्षा नहीं है, बल्कि यह वह प्रक्रिया है जो बच्चे को भीतर से गढ़ती है। अगर हम इस प्रक्रिया को ही छोड़ देंगे, तो हमारी प्रस्तुतियां खोखली और सतही हो जाएंगी।

समय के साथ सुविधाएं बदली हैं, लेकिन मूल उद्देश्य अब भी वही होना चाहिए-बच्चों को संस्कृति से जोड़ना, न कि उन्हें सिर्फ किसी वीडियो की नकल करना सिखाना। शिक्षकों का दायित्व है कि हम बच्चों को मंच पर लाने से पहले आत्मा के स्तर पर कला को समझने का अवसर दें। यही शिक्षा की सच्ची सांस्कृतिक भूमिका है।

# सनातन संस्कृति में प्रकृति संरक्षण


प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

अग्नि ऊर्जा, प्राण, समृद्धि के प्राकृतिक तत्वों की अपरिहार्य महिमा का निरूपण वेदों की प्रकृति-उपासना सार-वान् बनाता है। भारतीय संस्कृति व चिन्तन में पर्यावरण का वह महत्व है जो मानवीय शरीर में आत्मा का होता है। प्रकृति ने ही भारतीय संस्कृति को नया आयाम दिया है। वैदिक बहुदेववाद विभिन्न प्राकृतिक तत्त्वों के सापेक्षित महत्व के पर्यावरणीय तथ्य का प्रकारान्तर से प्रतिपादन करता है। पर्यावरण ही मानव-जीवन का मूल। भारत की सनातन संस्कृति जो वेदों से विकसित हुई, उन वैदिक ऋचाओं का मूल कथ्य ही प्रकृति के साथ सन्तुलन से जुड़ा है। वेदों में पंच महाभूतों को ही देवतुल्य स्थान दिया गया है और इन्हीं को सन्तुलित करना चराचर जगत के लिए कल्याणकारी बताया गया है। वायु को वेदों में प्राण कहा गया है, वायु जीवमात्र के जीवन का आधार है। इसी वायु को शुद्धीकरण के लिए जहां सनातन संस्कृति में होम-यज्ञ की विधि बताई है, वहीं प्राणवायु के मूल स्रोत वनस्पतियों के संरक्षण की बात कही गई है। सनातन संस्कृति में किसी भी मांगलिक कार्य से पहले कलश स्थापन का विधान है। कलश वस्तुतः हमारे ब्रह्माण्ड का प्रतीक है। कलश के नीचे रखे जाने वाले जौ आदि धान्य पृथ्वी के, उसमें भरा जाने वाला जल, जल तत्व का, उसके समीप जलाया जाने वाला दीपक अग्नि तत्व का प्रतीक है। कलश के मुंह पर पंच पल्लव तथा इसमें डाली जाने वाली औषधीय वनस्पतियां हमारे पारिस्थितकीय तंत्र की ओर ईशारा करते हैं। इस प्रकार कलश में सभी देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा कर एक प्रकार से प्रकृति को ही नमन करते हैं।

मानव समष्टि कल्याण की भावना के साथ पर्यावरण से मित्रवत् व्यवहार करें। यजुर्वेद में चर-अचर सभी को मित्र की दृष्टि से देखने का संदेश दिया गया है-मित्रस्याहं चक्षुषा सर्वाणि भूतानि समीक्षे मित्रस्य चक्षुष समीक्षा महे।/ यजुर्वेद मे ही एक और उदाहरण दृष्टव्य है- सुमित्रिया न आप ओषधयः संतु दुर्भित्रियास्तस्मै संतु योस्मान दृष्टि यं च वयं द्विष्मः।

जब पर्यावरण के प्रति मानव में मित्रता का भाव रहेगा, तभी वह पर्यावरण सुरक्षित रख सकेगा। अथर्ववेद में 'माता भूतिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः' की भव्य-भावना से पृथ्वी की स्तुति की गई है- जिस भूमि पर समुद्र-नदी और नाना प्रकार के जल हैं। जिस पर अन्न आदि नाना प्रकार की खेती होती है, जिस पर यह जीता-जागता, चलता-फिरता संसार अन्न-जल-ग्रहण कर तृप्त होता है और प्राण-धारण करता है, वह भूमि हमें पूर्व-पुरूषों द्वारा प्राप्त करने योग्य उत्तम स्थान पर प्रतिष्ठित करे। जिसमें वृक्ष और विविध वनस्पतियां सदा स्थिर रूप से विराजती हैं, समस्त विश्व को धारण करने वाली उस स्थिर पृथ्वी की हम स्तुति करते है।

मानव के समान पशु-पक्षी भी ईश्वरीय कृति है, अतः समान सम्मान के अधिकारी है। प्रकृति के पंचमहाभूत-क्षिति, जल, पावक, गगन, समीर-भौतिक एवं जैविक पर्यावरण का निर्माण करते हैं। वेदों में मूलतः इन पंचमहाभूतों को ही दैवीय शक्ति के रूप में स्वीकार किया गया है। आधुनिक विज्ञान भी प्रकृति के उन रहस्यों तक बहुत बाद में पहुंच सका है जिसे वैदिक ऋषियों ने हजारों वर्ष पूर्व अनुभूत कर लिया था। इतना ही नहीं, वेदों में प्राकृतिक तत्वों से अनावश्यक और अमर्यादित छेड़छाड़ करने के दुष्परिणामों की ओर भी संकेत किया गया है तथा मानव को सीख भी दी गई है कि पर्यावरण सन्तुलन को नष्ट करने के दुष्परिणाम समस्त सृष्टि के लिए हानिकारक होंगे।

# बाल श्रम की समाप्ति बड़ी चुनौती


डॉ. रिपुदमन सिंह
पूर्व क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, कानपुर

यह स्थिति विकास की चमकदार तस्वीर के पीछे उस अंधकार को उजागर करता है, जिसे हम अनदेखा कर देते हैं। बाल श्रम एक ऐसा कार्य है, जो बच्चों से उनका बचपन, सम्मान और संभावनाएं छीन लेता है।

बाल श्रम एक ऐसी समस्या है जो बच्चों से उनका बचपन, सम्मान और संभावनाएं छीन लेती है तथा उनके शारीरिक, मानसिक एवं लैंगिक विकास को बाधित करती है। हमें एक ऐसे विश्व का निर्माण करना है जहां काम नहीं किताबें बच्चों का अधिकार हों। प्रत्येक वर्ष 12 जून को मनाया जाने वाला बाल श्रम के विरुद्ध विश्व दिवस दुनिया भर में बाल श्रम की समाप्ति के लिए चलाए जा रहे सतत संघर्ष की एक सशक्त स्मृति है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) द्वारा 2002 में स्थापित यह दिवस, बाल श्रम के सभी रूपों को समाप्त करने के लिए वैश्विक प्रयासों को सुदृढ़ करने का आह्वान करता है। यह हमको सोचने पर भी मजबूर करता है कि तकनीक विकास और वैश्वीकरण के इस युग में भी करोड़ों बच्चे आज भी श्रम करने को विवश क्यों हैं? आईएलओ के अनुसार आज भी 16 करोड़ से अधिक बच्चे विश्व भर में बाल श्रमिक के रूप में कार्यरत हैं और इनका एक बड़ा हिस्सा खतरनाक परिस्थितियों में काम कर रहा है। यह स्थिति विकास की चमकदार तस्वीर के पीछे उस अंधकार को उजागर करता है, जिसे हम अनदेखा कर देते हैं। बाल श्रम एक ऐसा कार्य है, जो बच्चों से उनका बचपन, सम्मान और संभावनाएं छीन लेता है तथा उनके शारीरिक, मानसिक एवं लैंगिक विकास को बाधित करता है। बाल श्रम बच्चों की शिक्षा में बाधा डालता है तथा जो बच्चे पढ़-लिख कर अपना उज्ज्वल भविष्य बना सकते हैं उन्हें अंतहीन, अंधकारमय भविष्य की ओर ढकेलता है। बाल श्रम के मूल में गरीबी, शिक्षा की कमी, सामाजिक असमानता, बेरोजगारी और कानूनों का शिथिल क्रियान्वयन है। जब एक परिवार की रोजी-रोटी की बुनियादी जरूरतें पूरी नहीं होती हैं, तब उनके सामने सबसे आसान विकल्प बच्चों को काम पर भेजना बन जाता है। यही कारण है कि खेतों, कारखानों, ईंट-भट्टों, घरेलू कामकाज और निर्माण स्थलों पर मासूम बच्चे काम करते नजर आते हैं।

कोविड-19 महामारी के बाद यह संकट और भी गहराया है। स्कूल बंद होने से लाखों बच्चे शिक्षा से वंचित हो गए तथा बेरोजगार हुए परिवारों में बच्चों की पढ़ाई की अपेक्षा उनको काम पर भेज कर पैसा कमवाना अधिक उचित समझा। सन 2000 से सन 2019 के बीच वैश्विक स्तर पर बाल श्रम में 8.55 करोड़ बच्चों की कमी दर्ज की गई थी जो एक सकारात्मक संकेत था परन्तु कोविड-19 और आर्थिक असमानताओं ने इस प्रवृत्ति को उलट दिया और बाल श्रमिकों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी होती चली गई। ग्रामीण क्षेत्रों, शहरी झुग्गियों तथा प्रवासी मजदूर परिवारों में यह समस्या अत्यन्त गंभीर बनी हुई है। यह स्थिति इस बात पर जोर देती है कि इस गंभीर सामाजिक चुनौती से निपटने हेतु नवीन, समग्र, सामूहिक और ठोस प्रतिबद्धता की महती आवश्यकता है। बाल श्रम भारत के साथ-साथ सभी देशों में गैर कानूनी है। अब समय आ गया है कि हम इस विषय पर सिर्फ बात न करके अपनी नैतिक जिम्मेदारी भी समझें। बाल श्रम को जड़ से उखाड़ना हमारे लिए एक चुनौती है, जिस पर खरा उतरना हमारी प्रमुख प्राथमिकता होनी चाहिए।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आईएलओ द्वारा वर्ष 1992 से शुरू किया गया उपक्रम आईपीईसी बाल श्रम के क्रमिक उन्मूलन की दिशा में राष्ट्रीय क्षमताओं को सशक्त करने और वैश्विक जागरूकता बढ़ाने के लिए कार्य कर रहा है, तथा संयुक्त राष्ट्र के सतत् विकास लक्ष्यों (सीडीजीएस) में लक्ष्य 8.7 विशेष रूप से 2025 तक बाल श्रम के सभी रूपों को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। किन्तु इस अभियान में अपेक्षित सफलता अभी तक नहीं मिली है। भारत में बाल श्रम की समस्या बहुआयामी है। इस समस्या से निपटने के लिए शिक्षा एक माध्यम हो सकती है, जो किसी भी बच्चे को श्रम के कुचक्र से बाहर निकाल सकती है। सरकार की सर्व शिक्षा अभियान, राष्ट्रीय बाल श्रमिक परियोजना जैसे प्रयास सराहनीय हैं पर इन्हें और व्यापक बनाकर समाज के अन्तिम छोर तक पहुंचाना, बालश्रम को खत्म करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। कुछ एनजीओ गैर-सरकारी संगठन और नागरिक समाज भी बाल श्रम उन्मूलन हेतु प्रयासरत हैं। नोबल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी द्वारा स्थापित संगठन बचपन बचाओ आन्दोलन (बीबीए) ने अब तक हजारों बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराया है। बीबीए द्वारा बच्चों को कानून के माध्यम से, समुदायों में जागरूकता फैलाकर शिक्षा और सामाजिक समर्थन प्राप्त किया गया है तथा बच्चों को पुनर्वासित कराया है।

उप्र सरकार द्वारा बाल श्रम उन्मूलन के लिए 12 जून 2025 से एक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू करने की योजना बनाई है, जिसका लक्ष्य 2027 तक बाल श्रम मुक्त प्रदेश बनाना है। यह अभियान शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, श्रम आदि विभागों की समन्वित भागीदारी से संचालित होगा। किन्तु 2011 की जनगणना के बाद से अब तक बाल श्रमिकों का कोई भी ताजा आंकड़ा उपलब्ध न होने से योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में बाधा आ रही है। इस स्थिति से निपटने के लिए पंचायती राज विभाग को गांव स्तर पर बाल श्रमिकों की पहचान कर डाटा एकत्र करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसके अतिरिक्त सरकार यूनिसेफ के साथ मिलकर स्कीम बुकलेट तैयार कर रही है जिसमें उन योजनाओं का विवरण होगा, जो बाल श्रमिकों और उनके परिवारों की मदद के लिए उपलब्ध है। बाल श्रम के विरुद्ध विश्व दिवस एक जनजागरण का आवाह्न बनना चाहिए, क्योंकि यह केवल बच्चों की भलाई का मुद्दा नहीं है, बल्कि संपूर्ण मानवता की जिम्मेदारी है कि प्रत्येक बच्चे को सुरक्षित, स्वस्थ और गरिमापूर्ण बचपन मिले।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

## एक नजर

### घर में घुसकर मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**गजरौला, अमृत विचार :** घर में घुसकर मारपीट मामले में पुलिस एक नामजद समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। शहर के मोहल्ला गोविंद नगर निवासी सुरेंद्र सिंह पुत्र श्याम सिंह से दो जून को घर में घुसकर उसके ही मोहल्ला निवासी कमल सिंह ने अपने साथियों के साथ गाली-गलौज करनी की थी। विरोध किया तो सुरेंद्र उसकी मां व उसकी पत्नी के साथ मारपीट की। शोर-शराबा होने पर आसपास के लोग दौड़े तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### खेत में पानी चलाने को लेकर महिला को पीटा

**गजरौला, अमृत विचार :** खेत में पानी चलने को लेकर दो महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई करने की मांग की है। क्षेत्र के गांव फिरोजपुर गढ़वली निवासी कन्हैया की पत्नी घनवती शनिवार की सुबह अपने खेत पर पानी चलाने के लिए गई थी। आरोप है कि उनके ही परिवार के विनोद ने खेत में पानी चलने को लेकर महिला के साथ गाली-गलौज करनी शुरू कर दी। विरोध करने पर विनोद ने अपने साथियों के साथ मिलकर महिला को पीटकर घायल कर दिया। लोगों ने किसी तरह दोनों को समझाकर शांत कराया। घायल महिला को सीएचसी में भर्ती कराया। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि मामले में जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस ने वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार

**हसनपुर, अमृत विचार :** पुलिस ने मुठभेड़ के मुकदमे में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। कोतवाल वरुण कुमार ने बताया कि नगर के मोहल्ला पूठ रोड निवास मनोज सैनी पुत्र बाबू सैनी 2024 में मुठभेड़ के मुकदमे में वांछित चल रहा था। उसे शनिवार को गिरफ्तार करके न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

### मारपीट में 11 नामजद व अज्ञात पर रिपोर्ट

**सैदनगली, अमृत विचार :** सैदनगली थाना इलाके के गांव ढक्का में दो पक्षों के बीच जमकर लाठी डंडे एवं बेल्ट चलने के मामले में पुलिस ने 11 लोगों को नामजद करते हुए कुछ अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थाना अध्यक्ष दिनेश कुमार शर्मा ने बताया दोनों पक्षों की तरफ से वजाहत, आकिल, शबाहत, आलिम, जिया उर्फ जिया उल, अनस, आकिब, इंजमाम, मोहिल, अनस, हमजा, एवं कुछ अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

### नकली नोट मामले में तीन दोस्त गिरफ्तार, कलर प्रिंटर, करीब 1100 रुपये की नकली करेंसी बरामद की

# पैथोलॉजी लैब में छापते थे नकली नोट, ताकि किसी को शक न हो

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- सफेद कागज पर असली नोट चिपकाकर फोटो स्टेट निकालते थे
- यूट्यूब पर वीडियो देख आया नकली नोट बनाने का आइडिया

**अमृत विचार :** आपने शाहिद कपूर की फर्जी वेब सीरीज तो देखी होगी। जिसमें आर्थिक तंगी से निकलने के लिए दोस्त नकली करेंसी बनाकर मार्किट में चलाते हैं। वैसा ही मामला आदमपरु थाना क्षेत्र में सामने आया। जहां तीन दोस्त नकली करेंसी बनाकर उन्हें बाजार में चला रहे थे। नकली करेंसी को बनाने का काम पैथोलॉजी लैब में किया जा रहा था। ताकि किसी कोई शक न हो। यूट्यूब पर वीडियो देख उन्हें नकली नोट बनाने का आइडिया आया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर कलर प्रिंटर, 50-50 रुपए के नकली नोट, करीब 1100 रुपये बरामद किए।

शनिवार को पुलिस कार्यालय पर एसपी अमित कुमार आनंद ने इस गिरोह पर्दाफाश किया। एसपी के मुताबिक शुक्रवार देर शाम आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव ढबारसी में साप्ताहिक बाजार में एक सब्जी विक्रेता को पवन और अजय ने 50 का नकली नोट दिया। सब्जी विक्रेता ने शक होने पर दोनों को को



नकली नोट मामले का खुलासा करते एसपी अमित कुमार आनंद। ● अमृत विचार

पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। दोनों के पास से 50-50 रुपये के कई नकली नोट बरामद हुए। पुलिस ने जांच शुरू कर दी जिसके बाद मामले का पर्दाफाश हुआ। एसपी ने बताया कि संभल जनपद के एचोंड़ा कम्बोह में अनुज पुत्र रमेश की इंडियन पैथालॉजी के नाम लैब है जिस पर गांव चंदपुरा थाना एचौड़ा कंबोह निवासी अजय पुत्र होमपाल व पवन पुत्र सतवीर निवासी गांव गोजनी मिलक थाना ऐचोड़ा कंबोह काम करते थे। करीब एक माह पहले अनुज कलर प्रिंटर खरीद कर लाया।

तीनों ने रुपये कमाने के चक्कर में नकली करेंसी छापने की योजना बनाई। यूट्यूब के जरिए कुछ वीडियो देखीं और इनके दिमाग ये आइडिया आया। इसके बाद सफेद कागज पर असली नोट पारदर्शी टेप से चिपकाकर 50-50 रुपये के नोट फोटो स्टेट करके तैयार किये थे। जो अजय और पवन ने असमौली में चार-पांच नोट परचून की दुकान पर चलाये थे।

एसपी ने बताया कि नोट चलने के बाद फिर 50-50 के नोट तैयार किये थे। दोबारा नोट चलाने के लिये शुक्रवार की शाम को अजय व पवन ढवारसी आये थे जहां पकड़ लिया गया। एसपी ने बताया कि तीनों दोस्त मिलकर 50,50 के नोट तैयार करते थे तथा अजय व पवन दोनो बाजार में चला देते थे। लैब का फायदा उठाकर तीनों यह काम करते थे। इनके पास से 1150 रुपए की नकली करेंसी 50-50 के 23 नोट, एक प्रिंटर, 5 सादा सफेद पेपर, तीन मोबाइल, एक बाइक बरामद की गई है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

## लापता किसान का संदिग्ध अवस्था में खेत में मिला शव

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी लापता किसान का उसी के खेत में संदिग्ध अवस्था में शव मिला। परिजनों द्वारा बिना किसी कानूनी कार्रवाई के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के हल्का नंबर पांच के एक गांव में गुरुवार को एक किसान लापता हो गया था। जिसकी परिजनों ने काफी तलाश की। शुक्रवार को किसान का संदिग्ध परिस्थितियों में शव उसी के खेत में पड़ा मिला। शव मिलने की सूचना पर परिजन एवं ग्रामीण मौके पर पहुंचे और कोहराम मच गया। परिजनों ने बिना किसी कानूनी कार्रवाई के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक वरुण कुमार ने घटना की जानकारी से इनकार किया।

# खुशनुमा माहौल में मनी बकरीद, खुदा की इबादत में उठे हजारों हाथ

### ईदगाह समेत मस्जिदों में जुटे बड़ी संख्या में नमाजी, एक-दूसरे के गले मिलकर दी मुबारकबाद, सुरक्षा रही कड़ी

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** जिले भर में बकरीद पर ईदगाह समेत मस्जिदों में शांतिपूर्ण तरीके से नमाज अदा की गई। अल्लाह की बारगाह में उठे हाथों ने अमन-चैन और कौम की सलामती के लिए दुआ मांगी। लोगों ने एक दूसरे को गले मिलकर ईद की बधाई दी। इस दौरान ईदगाह के बाहर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। काफी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात रही। एसपी ने खुद सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाली। नमाज के बाद कुर्बानी का सिलसिला चला। संवेदनशील व मिश्रित आबादी से जुड़े इलाकों में पुलिस ने सतर्कता बरती।

बलिदान का पर्व ईद-उल अजहा शनिवार को हर्षाल्लास के साथ मनाया गया। ईदगाह पर मुफ्ती आसिम ने नमाज अदा कराई। सुबह 6:30 बजे तक नमाज अदा करने के लिए मुस्लिम बंधु पहुंचने लगे थे। 7 बजे नमाज अदा की गई। नमाज से पहले मुफ्ती ने उन्होंने कुर्बानी से जुड़ी इस्लामी तारीख भी बयान की। बताया कि ईद-उल-अजहा के दिन हजरत इब्राहिम अल्लाह के हुक्म पर अल्लाह के प्रति अपनी वफादारी दिखाने के लिए अपने बेटे हजरत इस्माइल की कुर्बानी करने पर राजी हुए थे। तभी से यह त्योहार कुर्बानी के



बुरावली की ईदगाह पर दुआ करते बड़ी संख्या में नमाजी। ● अमृत विचार

तौर मनाया जाता है। कहा कि कुर्बानी से किसी अन्य व्यक्ति को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए। तभी कुर्बानी का असली मकसद पूरा होगा।

शिया जामा मस्जिद में मौलाना डॉ एहसान अख्तर ने नमाजे ईद-उल-अजहा अदा कराई। मदरसा शाही चबूतरा में मुफ्ती शाहिद हुसैन ने नमाज अदा कराकर लोगों से भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की। नौगावां सादात स्थित ईदगाह पर नमाज हुईं, वहीं शिया जामा मस्जिद पर मौलाना मसरूर अब्बास ने नमाज की इमामत की।

### मुल्क में अमन चैन के लिए दुआ को उठे हाथ

**बुरावली, अमृत विचार :** ग्रामीण क्षेत्र में ईद उल अजहा का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। सुबह ईद की नमाज हुई। नमाज के बाद कुर्बानी का सिलसिला शुरू हुआ। लोगों ने गले मिलकर एक दूसरे को मुबारकबाद दी। बुरावली की ईदगाह पर सात बजे हाफिज सुहेल ने नमाज़ अदा कराई। गंगवार में कारी वकील उर रहमान ने नमाज अदा कराई। बांसका कला में मौलाना अब्दुल मजीद ने नमाज अदा कराई मदारीपुर में कारी गयास और सुतावली में कारी खलील ने नमाज अदा कराई। इसके अलावा बुरावली की बिलाल मस्जिद में नजरे आलम ने और आयशा मस्जिद में हाफिज सारिम ने नमाज अदा कराई। साथ ही क्षेत्र के गांव छपना, शकरगड़ी, जयतोली, चंदनपुर, रहरा आदि गांव में भी ईद उल अजहा की नमाज अदा हुई।

नमाज को लेकर पुलिस-प्रशासन अलर्ट मोड़ पर रहा। सुबह से ही भारी संख्या में ईदगाह पर पुलिस तैनात रही। सुरक्षा के लिहाज से डीएम निधि गुप्ता, एसपी अमित कुमार आनंद, एएसपी एके भदौरिया, सीओ सिटी शक्ति सिंह और ईओ डॉ ब्रजेश सिंह ईदगाह के बाहर मौजूद रहे। नमाज के बाद जिलेभर में कुर्बानी का सिलसिला रहा। मिश्रित आबादी वाले इलाके में पुलिस लगातार भ्रमण पर रही। कुर्बानी के बाद जानवरों के अवशेष उठाने के लिए पालिका टीमें मुस्तैदी के साथ डटी रहीं।



ईदगाह पर सुरक्षा व्यवस्था देखते एएसपी एके भदौरिया। ● अमृत विचार

### गले मिलकर दी ईद की मुबारकबाद

शनिवार को बकरीद का पर्व अकीदत और पाकीजगी से मनाया गया। सुबह मुस्लिम समाज के लोगों ने नमाज अदा किया और गले मिलकर एक-दूसरे को बधाई दी। पूर्व कैबिनेट मंत्री सदर विधायक महबूब अली व पूर्व एमएलसी परवेज अली ने भी ईदगाह पर नमाज अदा की। नमाज के बाद निकले लोगों से महबूब अली और परवेज अली ने गले मिलकर एक दूसरे को पर्व की बधाई दी। विधायक महबूब अली ने कहा कि यह त्योहार कुर्बानी और आपसी भाईचारे का पैगाम देता है। कहा कि कोई ऐसा कार्य न करें जिससे दूसरों को परेशानी हो। पर्व को लेकर दिनभर मुबारकबाद देने का सिलसिला जारी रहा।



बधाई देते पूर्व एमएलसी परवेज अली। ● अमृत विचार



मुबारकबाद देते विधायक महबूब अली। ● अमृत विचार

### ये प्यास है बड़ी



गर्मी से इंसान के साथ-साथ पशु पक्षी भी बेहाल हैं। बीते कई दिनों से उमस भरी गर्मी के कारण लोगों की हालत खराब है। हसनपुर में रोडवेज बस स्टैंड के पास बंदरों का झुंड रहता है। शनिवार को तेज गर्मी के कारण इनका हाल भी बेहाल हो गया था। तेज धूप में इनका गला सूखने लगा तो पानी की टंकी खोलकर अपनी प्यास बुझाई। ● अमृत विचार

## श्री अयोध्या धाम की तर्ज पर बनेगा स्वागत द्वार

संवाददाता सैदनगली

**अमृत विचार :** नगर पंचायत सैदनगली में संभल-हसनपुर रोड पर श्री अयोध्या धाम की तर्ज पर बनाए जा रहे स्वागत द्वार का नगर पंचायत अध्यक्षा अनुकृति चौधरी व नगर स्वच्छता प्रेरक अभिनव कौशिक ने फीता काटकर शिलान्यास किया।

अभिनव कौशिक ने बताया कि नगर पंचायत सैदनगली में अयोध्या की तर्ज पर स्वागत द्वार बनाया जा रहा है। स्वागत द्वार की ऊंचाई 25 फिट रहेगी। नगर पंचायत अध्यक्षा डॉ अनुकृति चौधरी ने बताया कि ये स्वागत द्वार सैदनगली को



स्वागत द्वार का शिलान्यास करतीं चेयरमैन डा अनुकृति चौधरी, अभिनव कौशिक व ईओ।

- स्वागत द्वार की ऊंचाई 25 फिट होगी, कस्बे को मिलेगी पहचान

एक नई पहचान प्रदान करेगा। इस दौरान अधिशासी अधिकारी सलिल भारद्वाज, सभासद रविंद्र सिंह, सभासद धारा सिंह, सभासद निकेश कुमार राघव, सभासद भगवत खड़गवंशी, सभासद नीरज कुमार कश्यप, सभासद अमित भाटी, सभासद फजले अब्बास, सभासद नईम अहमद, सभासद, सभासद राशिद अली आदि लोग उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### विद्युत आपूर्ति को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



**हसनपुर, अमृत विचार :** एक सप्ताह से गांव चकोरी एवं महमूदपुर में विद्युत आपूर्ति ठीक न मिलने के कारण नाराज ग्रामीणों ने बिजली घर पर पहुंच कर प्रदर्शन किया। शासन के निर्देश अनुसार विद्युत आपूर्ति देने की मांग की। तहसील क्षेत्र के गांव चकोरी एवं महमूदपुर के ग्रामीणों के अनुसार गांव में मात्र 1 घंटे विद्युत आपूर्ति मिल पा रही है जिसके कारण बहुत परेशानी उठानी पड़ रही है। गन्ने की फसल सिंचाई न होने के कारण सूखने की कगार पर है। दोनों गांव के ग्रामीण शनिवार को बिजली घर पर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना था कि विद्युत विभाग शासन की मंशा के अनुरूप कार्य नहीं कर रहा, लाइनमैन पैसे लेकर गांव की लाइन जोड़ रहे हैं जो गांव पैसे नहीं देता उसकी आपूर्ति नहीं देते हैं। मदन स्वरूप, कुलवंत सिंह ,देवेंद्र, राजू,सतपाल,भुवनेश, कृपाल, रामलाल, सुशील कुमार, छत्रपाल ,रामपाल, महेश, गजेंद्र, पप्पू ,सतपाल ,पवन, चरन सिंह, महेश आदि मौजूद रहे।

### डोमखेड़ा में गंदगी एवं जल भराव से ग्रामीण परेशान



**हसनपुर, अमृत विचार :** ग्रामीणों ने मार्ग में हो रही गंदगी एवं जल भराव का विरोध जताते हुए ग्राम प्रधान पर विकास कार्य न कराने का आरोप लगाते हुए मार्ग बनवाए जाने की मांग की है। हसनपुर ब्लॉक क्षेत्र के गांव अहरौला अहमद यार खां ग्राम पंचायत के गांव डोमखेड़ा निवासी ग्रामीण मुख्य मार्ग पर जल भराव एवं गंदगी से परेशान है। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम प्रधान विकास कार्य नहीं करा पा रहे हैं। बच्चों से लेकर ग्रामीणों को मार्ग में आने जाने में भारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। आए दिन लोग पानी में फिसल कर गिर जाते हैं। राजवीर, हरिओम, रवि, कौशल, अमरपाल, रामपाल, चंद्रपाल, प्रमोद, बनी सिंह, लेखराज, लोकेश, सतीश, संजय, सुभाष, पंकज, कुलदीप, खेम सिंह, मेघराज समेत ग्रामीणों ने मार्ग पक्का कराने की मांग की है।

### उत्साह के साथ मनाया बकरीद का पर्व

**गजरौला, अमृत विचार :** शहर व देहात क्षेत्रों में ईदगाह व मस्जिदों में ईद-उल-अजहा की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी गई। इसके बाद कुर्बानी का सिलसिला शुरू हुआ। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मस्जिदों के बाहर पुलिस तैनात रही। शनिवार को चौपला स्थित जामा मस्जिद में मौलाना गुलफाम ने नमाज अदा कराई। सात बजे से ही नमाजियों का मस्जिद में आना शुरू हो गया था। चौहानपुरी मोहल्ले में मस्जिद में मौलाना सदाकत अली ने नमाज पढ़ाई। दोनों ही मस्जिदों में नमाज का एक ही समय था। सैकड़ों की संख्या में लोगों ने नमाज अदा की। इसके बाद तकरीर हुई। जिसमें नियमानुसार कुर्बानी किए जाने पर जोर दिया गया। अन्य मस्जिदों में भी ईद की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। क्षेत्र के मोहरकापट्टी गांव में स्थित ईदगाह में सुबह आठ बजे नमाज हुई। नमाज के समय पुलिस मस्जिदों के आसपास तैनात रही।

# शांतिपूर्ण ढंग से मनाई गई ईद-उल-अजहा



नमाज अदा करते लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, सैदनगली

**अमृत विचार :** नगर मे ईद-उल-अज़हा का त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाया गया। सुबह से जानवरों की कुर्बानी का सिलसिला शुरू हो गया जो शाम तक जारी रहा।

शनिवार की सुबह 7:30 बजे शिया समुदाय ने महल वाली मस्जिद मे ईद की नमाज़ अदा की जिसे मौलाना क़म्बर अली ने अदा कराया। मौलाना ने ख़ुत्बे में बताया कि क़ुर्बानी करना हज़रत इब्राहीम की सुन्नत है। अल्लाह के पैगम्बर हज़रत इब्राहीम ने अपने बेटे हज़रत इस्माइल को ज़िबह किया था तो अल्लाह ने उनके बेटे को बचा लिया था। दुम्बा ज़िबह हो गया था। जब से ही मुस्लिम समाज मे ईद उल अज़हा पर जानवरों की क़ुर्बानी दी जाती है। नमाज़ के बाद शिया समाज ने आपस मे गले मिलकर एक दूसरे को बधाई दी। उधर सुन्नी समुदाय ने ईदगाह पर नमाज़ अदा की। जिसे मौलाना फहीम रज़ा ने अदा कराया। उसके बाद सभी ने आपस मे गले मिलकर एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद पेश की।

# बकरीद: एक साथ झुके हजारों सिर, दुआ की

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र में त्याग और बलिदान की प्रेरणा देने वाला ईद उल अजहा का त्यौहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाया गया। सुबह के वक्त ईदगाह व मस्जिदों में नमाज पढ़ी गई।

शनिवार को ईद उल अजहा का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने सुबह ईदगाह एवं मस्जिदों की ओर रुख किया। निर्धारित समय पर सुबह 6:45 पर नमाज पढ़ी गई। नगर की जामा मस्जिद तथा ईदगाह पर शहर इमाम मुफ्ती मेहराज ने नमाज पढ़ाई। नमाज के दौरान देश में अमन शांति की दुआ की गई। इसके बाद लोगों ने एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। शहर इमाम ने अपील करते हुए कहा कि कुर्बानी के दौरान दूसरे धर्म के लोगों की भावनाओं का ख्याल रखें। खुले में कुर्बानी न करें। प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी न करें। जिंदगी का हर लम्हा एक कुर्बानी है। बाल-बच्चों



ईदगाह पर नमाज अदा करते बड़ी संख्या में लोग। ● अमृत विचार

- एक-दूसरे को दी ईद की मुबारकबाद नमाज के बाद दी कुर्बानी

की परवरिश करना भी एक कुर्बानी है। गरीबों की मदद करना, अपने पड़ोसियों का ख्याल रखना, अपने वतन के लिए भी जान देना भी एक कुर्बानी है। नमाजों का हर बंदा अल्लाह के प्रति अपने समर्पण और इबादत का इजहार करता है। ऐसे में साल भर बकरीद की नमाज अदा करने का अपना अलग ही महत्व है। बकरीद की विशेष नमाज के लिए



शहर इमाम से गले मिलते लोग। ● अमृत विचार

नगर की जामा मस्जिद एवं ईदगाह में काफी भीड़ रही।

इस दौरान एसडीएम विभा श्रीवास्तव, पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत, कोतवाल वरुण कुमार, नगर पालिका ईओ विजयपाल सिंह समेत भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

## एक नजर

### पुलिस ने मुठभेड़ में दो शातिर चोर पकड़े

**बिजनौर, अमृत विचार :** थाना नगीना पुलिस ने शुक्रवार देर रात मठैरी रोड पर मुठभेड़ के बाद दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया। गोली लगने से एक चोर घायल हुआ, जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस के अनुसार, 05 जून की रात चोरों ने रविदास मंदिर से एक इन्वर्टर बैटरी और ग्राम कालखेड़ी में एक घर से दो मोबाइल फोन चुराए थे। जांच में अजीम उर्फ अज्जू और नफीस नाम के दो अपराधियों के शामिल होने की पुष्टि हुई, जिनका पुराना आपराधिक इतिहास भी है। शुक्रवार रात मठैरी रोड पर दोनों संदिग्ध ई-रिक्शा से जाते दिखाई दिए। पुलिस ने जब उन्हें रोका तो उन्होंने फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में अजीम घायल हो गया और नफीस को मौके पर गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों के कब्जे से चोरी किया गया सामान और एक अवैध तमंचा बरामद हुआ है।

### चोरों ने बिजली कैश काउंटर के ताले तोड़

**चन्दौसी, अमृत विचार :** गांव कैथल निवासी प्रमोद कुमार ने कोतवाली में दी तहरीर दी कि वह सुभाष रोड स्थित बिजली बिल काउंटर पर कार्यरत है। शुक्रवार को वह काउंटर बंद कर चला गया। शनिवार की सुबह सफाई कर्मचारी ने कॉल की। कुछ देर बाद पहुंचा और कार्यालय के अंदर जाकर देखा ते ताले टूटे थे। चोर कार्यालय से कोई सामान नहीं ले जा पाए। रुपये नहीं मिले तो चोर बैरंग लौट गए।

### चित्रण में माही प्रथम

**चन्दौसी, अमृत विचार :** सबरंग आर्ट एकेडमी की ओर से रघुनाथ आश्रम मंदिर में समर कैंप के पहले दिन गिलास में शरबत का चित्रण कराया गया। प्रथम स्थान पर माही, दूसरे पर नित्य जायसवाल, तृतीय स्थान पर सुरभि मिश्रा रही। अवलेश कुमार अन्नी,अध्यापक विनेश शर्मा व धर्मपाल सिंह, हीरा लाल, ज्ञान प्रकाश सिंह, मनोज कुमार, दिनेश कुमार, पारुल वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

# लोगों में छाया ईद-उल-अजहा का उल्लास

## बड़ी ईदगाह पर नमाज अदा कर कौम की खुशहाली की मांगी दुआ, कुर्बानी का चला सिलसिला

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** ईद-उल-अजहा (बकरीद) का त्योहार नगर व देहात क्षेत्रों में परंपरागत तरीके से मनाया गया। शनिवार की सुबह ईदगाह व मस्जिदों में देश व कौम की तरक्की की नमाज अदा की गई। इसके बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर मुबारकबाद दी। इसके बाद कुर्बानी का सिलसिला शुरू हुआ। बकरीद पर पुलिस व प्रशासन ईदगाह पर मौजूद रहा।

ईद-उल-अजहा का त्योहार पर ईदगाह व मस्जिदों पर मुस्लिम समाज के लोगों ने नमाज अदा की। शनिवार की सुबह 7 बजे खुर्जा गेट स्थित बड़ी ईदगाह पर शहर इमाम मोहम्मद नाजिम ने ईद की नमाज अदा कराई। जिसमें देश व कौम की सलामती व खुशहाली की दुआ मांगी गई। इससे पहले संभल गेट स्थित छोटी ईदगाह पर सुबह 6 बजे अदा की गई। इसके उपरांत जारई गेट स्थित बड़ी मस्जिद सहित अन्य मस्जिदों में ईद का नमाज अदा हुई। नमाज के मुस्लिम समाज के लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर मुबारकबाद दी। इसके बाद कुर्बानी का सिलसिला शुरू हुआ। वहीं दोनों ही ईदगाह पर सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन व पुलिस बल तैनात रहा। देर शाम तक एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद देने का दौर चलता रहा। इस दौरान शहर काजी मरगूब, फईमुद्दीन, बसीमुद्दीन, अशफाक भारती, इश्त्याग बेग, शाह आलम मंसूरी, पप्पू शैरी, शाहनवाज खान सहित मुस्लिम समाज के लोग व राजनीतिक दल के नेता मौजूद रहे।



बड़ी ईदगाह पर नमाज अदा करते मुस्लिम समाज के लोग। ● अमृत विचार

● एक-दूसरे के गले मिलकर दी ईद की मुबारकबाद

## वन कर्मियों ने पकड़ा 15 फिट लंबा अजगर

**बिजनौर, अमृत विचार:** गांव नवादा के निकट स्थित नहर से एक 15 फिट व लगभग 80 किलो बजनी बताये जा रहे अजगर को वन विभाग की टीम पकड़ने में सफल हुई है। अजगर को पकड़ने में टीम को खासी मशक्कत करनी पड़ी ।र

स्थानीय लोगों ने बताया कि अजगर कुछ दिनों से इसी क्षेत्र में देखा जा रहा था, गर्मियां होने के कारण नहर में नहाने वाले लोगों के लिए यह खतरा बना हुआ था। कुछ समय पहले अजगर ने एक बकरी को निगल लिया था।

वन विभाग की टीम भी कई दिनों से इस अजगर की तलाश में थी पर नहर में पानी अधिक होने के कारण अजगर को पकड़ना मुश्किल हो रहा था। नहर का पानी कम कराया तब जाकर अजगर को पकड़ने में सफलता मिली। अजगर को पकड़ने के बाद वन विभाग की टीम ने रामपुर ठकरा के सुरक्षित वन क्षेत्र में छोड़ दिया।

# एसएनसीयू में चार नवजातों की मौत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● वेंटीलेटर न मिलने के चलते गई बच्चों की जान, डॉक्टरों ने किया था रेफर

● आर्थिक स्थिति खराब होने की वजह से हायर सेंटर नहीं ले जा सके परिजन

**अमृत विचार :** वेंटीलेटर की सुविधा न मिलने की वजह से शनिवार को जिला महिला अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड (विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई) में भर्ती चार नवजातों की मौत हो गई। चिकित्सकों के अनुसार प्री मेच्योर होने की वजह से नवजातों का वजन कम था। इससे उन्हें सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। हालत गंभीर होने पर रेफर किया था, लेकिन परिजन आर्थिक समस्या होने की वजह से बच्चों को नहीं ले जा पाए।

कोतवाली दातागंज क्षेत्र के गांव समरेर निवासी रेनू देवी को प्रसव पीड़ा होने पर उनके पति विपिन ने पांच जून को समरेर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया था। यहां सामान्य प्रसव से रेनू के जुड़वा बच्चे हुए थे। बच्चों की हालत खराब होने पर एसएनसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया। प्री मेच्योर डिलीवरी की वजह से बच्चों का वजन कम था। महिला की साढ़े सात महीने में डिलीवरी हुई थी। एक नवजात का वजन 1100 ग्राम और दूसरे का 1300 ग्राम था। उन्हें सांस लेने में परेशान हो रही थी। वहीं दातागंज क्षेत्र के गांव जयपालपुर निवासी प्रेमलता देवी को प्रसव पीड़ा होने पर उनके पति धर्मपाल ने उन्हें जिला महिला अस्पताल में भर्ती कराया था। उन्होंने बेटी को जन्म दिया। नवजात का वजन 780 ग्राम था। उसकी हालत गंभीर थी। उसे भी सांस लेने में परेशानी हो रही थी और इंफेक्शन भी था। उसे एसएनसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया था। इसके अलावा थाना कादरचौक क्षेत्र के गांव कादरबाड़ी निवासी तराना पत्नी इम्तियाज के नवजात को भी सांस लेने में दिक्कत होने पर वार्ड में भर्ती किया गया। शनिवार को धीरे-धीरे चारों बच्चों ने दम तोड़ दिया। महिला अस्पताल के चिकित्सक डॉ. संदीप वार्ष्णेय ने बताया कि बच्चे प्री मेच्योर्ड थे। सभी का जन्म समय से पहले हुआ था। बच्चों का वजन भी कम था।

> शासन से कई बार वेंटीलेटर की मांग की गई है। अस्पताल में वेंटीलेटर के अलावा तीन एनेस्थेटिक्स के साथ कम से कम आठ लोगों का स्टाफ जरूरी है। फिर से शासन से पत्राचार किया जाएगा।
> – डॉ. इंदुकांत वर्मा, सीएमएस, जिला महिला अस्पताल

# झुलसे युवक की 10वें दिन उपचार के दौरान मौत

● 29 मई को भोजन बनाते समय लगी आग बुझाने में झुलसा था

**चन्दौसी, अमृत विचार:** मंडप की दावत में बन रहे भोजन के दौरान लगी आग बुझाने में गंभीर रूप से झुलसे युवक की 10वें दिन मेरठ के अस्पताल में मौत हो गई। शाम को शव घर पहुंचा तो परिजन विलाप करने लगे।



मृतक विवेक।

29 मई की सुबह 9.30 बजे मौलागढ़ शिव मंदिर मार्ग पर राजेश गौतम के पुत्र कुलदीप की शादी के मंडप का भोजन पकाया जा रहा था।अचानक सिलेंडर से गैस लीक होने से आग लग गई। कमरे में रखे पेट्रोल के ड्रमों ने आग पकड़ ली। आग बुझाने में राजेश का बड़ा पुत्र विवेक (34) गंभीर रूप से झुलस गया। उसे उपचार मेरठ के हास्पिटल में गर्ती कराया गया। शनिवार को 10वें दिन अस्पताल में विवेक ने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। बहरहाल आग की घटना को लेकर पड़ोसी विनीत सैनी पुत्र तेजपाल सिंह की तहरीर पुलिस ने 4 नामजद सहित 8 से 10 अज्ञात के विरुद्ध 3/7 आवश्यक वस्तु अधिनियम व अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया था।

## इन्वर्टर गोदाम में लगी भीषण आग, लाखों का नुकसान

**अमरोहा, अमृत विचार :** शहर कोतवाली क्षेत्र में इन्वर्टर गोदाम में भीषण आग लग गई। शॉर्ट सर्किट से लगी आग ने देखते ही देखते पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। बकरा ईद की तैयारियों के बीच यह हादसा होने से हड़कंप मच गया।

मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के तहसील के पास का है। दरअसल यहां पर मोज्जम का एम के इन्वर्टर गोदाम है। शनिवार सुबह अचानक गोदाम में आग लग गई। शॉर्ट सर्किट से लगी आग ने देखते ही देखते पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। आबादी के बीच आग लगने से लोगों में हड़कंप मच गया। मोहल्ले के लोग और गोदाम मालिक आग बुझाने में जुट गए। धुएं का गुब्बार देख इलाके में अफरा-तफरी मच गई। दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने की कोशिशें की। वहीं आग लगने से लाखों रुपये के इन्वर्टर, बैटरी, फ्रिज और एसी जलकर राख हो गए। पुलिस ने जांच पड़ताल की।

## डिडौली में युवक के साथ मारपीट, दो पर रिपोर्ट

**अमरोहा,अमृत विचार :** पतेई खसला गांव निवासी अंकित पुत्र राजवीर शनिवार सुबह करीब 7 बजे खेत सिंचाई करने खेत पर गया था। आरोप है योगेश पुत्र राजकुमार और सचिन पुत्र बबली ने युवक के साथ गाली गलौच व लाठी डंडों से मारपीट की। मारपीट के दौरान युवक को खुली व गुम चोट आई है। पुलिस ने उक्त मुल्जिमों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# वाहन चोर गिरोह के 6 सदस्य दबोचे

कार्यालय संवाददाता,बिजनौर

● पुलिस ने 10 बाइकें और स्कूटी बरामद कीं

**अमृत विचार:** नहटौर पुलिस ने वाहन चोर गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके पास से 10 चोरी की गाड़ियां बरामद कीं।

पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम सादिकपुरी रोड स्थित एक आम के बाग में चोरी की गई गाड़ियां छिपाई गई हैं। तत्परता दिखाते हुए पुलिस ने मौके पर दबिश दी और सबसे पहले दिनेश व राजा कुमार को दो चोरी की बाइकों सहित पकड़ा। पूछताछ में उन्होंने गिरोह के अन्य चार सदस्यों दिनेश कुमार, नकुल कुमार, कृष्णा और अरुण कुमार के नाम उजागर किए। पुलिस ने इन चारों को भी मौके से दबोच लिया और उनके पास से आठ और दोपहिया वाहन बरामद कर लिए।

पुलिस के अनुसार, अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि वे हरिद्वार, दिल्ली और अन्य क्षेत्रों से वाहन चोरी करते थे। गाड़ियों की पहचान छिपाने के लिए चेचिस नंबर व इंजन नंबर घिस देते थे और फर्जी नंबर प्लेट लगाकर इन्हें सस्ते दामों में बेचते थे। स्प्लेंडर व एक्टिवा जैसी गाड़ियों की मांग के चलते वे खास तौर पर इन्हें निशाना बनाते थे। कुछ के चोरी की रिपोर्टें हरिद्वार के कनखल, दशदुकुल, व रानीपुर थाना क्षेत्रों तथा दिल्ली के न्यू उस्मानपुर थाने में दर्ज हैं। इसके अतिरिक्त, कुछ वाहनों के मामले अब भी ट्रेस किए जा रहे हैं, जिनकी जानकारी संबंधित थानों से जुटाई जा रही है। प्राथमिक जांच में यह भी स्पष्ट हुआ है कि इन अभियुक्तों पर पूर्व में हत्या, डकैती, अवैध हथियार, धोखाधड़ी और गैंगस्टर एक्ट जैसे गंभीर मामलों में भी मुकदमे दर्ज हैं।

## सार- संक्षेप

### डॉक्टर के नाम पर रख दिया नवजात का नाम



**गुन्नौर,अमृत विचार :** सीएचसी के चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजहर अली के सेवा भाव से प्रभावित होकर प्रसूता ने उनके नाम पर ही सरकारी अस्पताल में पैदा हुए नवजात शिशु का नाम भी मोहम्मद अजहर रख लिया।कस्बे के नई बस्ती मोहल्ला इटाली निवासी कामरान की बेगम शाजिया को प्रसव पीड़ा हुई तो सीएचसी के महिला विंग में लाया गया। शुक्रवार देर शाम उसने सामान्य डिलीवरी में बेटे को जन्म दिया। बकौल शाजिया, डिलीवरी से पहले कई अस्पतालों में गयी तो सबने सिजेरियन डिलीवरी की बात कही। ऐसे में सीएचसी गुन्नौर पर आकर सामान्य प्रसव का अनुरोध किया। सीएचसी पर डॉ. अजहर अली ने दिलासा देते हुए सामान्य प्रसव करवाया और हर संभव मदद की। इससे प्रभावित होकर शाजिया ने अपने नवजात पुत्र का नाम मोहम्मद अजहर रख लिया। शाजिया का कहना है कि वह अपने बेटे को खूब पढ़ा लिखा कर डॉक्टर बनाना चाहती है।

### कार की टक्कर से संभल के युवक की मौत

**बदायूं, अमृत विचार :** संभल के थाना रजपुरा क्षेत्र के गांव चंदू नगला निवासी जय किशन (35) पुत्र शिवनंदन गुन्नौर के आबिद खान के ट्रक के क्लीनर थे। वह और चालक गवेंद्र गुन्नौर से ट्रक में दाल लेकर बरेली जा रहे थे। शुक्रवार रात बरेली-मथुरा राजमार्ग पर कोतवाली उझानी क्षेत्र के गांव जजपुरा के पास होटल पर चाय पीने के लिए रुके। जय किशन सड़क पार जा रहे थे। इस दौरान उझानी की ओर से तेज रफ्तार से आई कार ने टक्कर मार दी। लोगों ने कार रोक ली, लेकिन चालक फरार हो गया। जय किशन ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। कार चालक की तलाश की जा रही है।

### खाटू श्याम सेवा मंडल ने लोगों को पिलाया शरबत



**अमरोहा,अमृत विचार :** श्री खाटू श्याम सेवा मंडल ने लोगों ने निर्जला एकादशी के उपलक्ष्य में पर शरबत वितरण किया। कमेटी के लोगों ने कहा कि भीषण गर्मी में लोगो को शरबत पानी पिलाते रहना चाहिए। कमेटी के अध्यक्ष छत्रपाल सिंह, खुशीराम शर्मा, वैभव गोयल, अर्जुन यादव, महेद्र सैनी, अरूण, पीयुष, पवन कुमार, दीपू, संतराम सिंह, दिनेश आदि रहे।

### निर्जला एकादशी पर किया शरबत वितरण

**अमरोहा,अमृत विचार :** निर्जला एकादशी के पावन पर्व पर विश्व हिन्दू परिषद सेवा विभाग द्वारा नये रोडवेज बस स्टैंड के सामने शरबत का वितरण किया। मुख्य अतिथि के रूप में राजकमल यादव रहे। उन्होंने श्री राम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर आरंभ किया। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत सेवा विभाग सदस्य राज कमल यादव मुख्य अतिथि रहे। इस दौरान संगठन के जिला उपाध्यक्ष हर्केश शर्मा, चिंटू शर्मा, ब्रज कुमार जिला सह सेवा प्रमुख, पंकज कुमार नगर प्रचार प्रमुख, नीशू शर्मा, नैतिक सैनी, विकास सैनी, यश कश्यप, गौरव चौहान ,पंकज सैनी, विशाल सैनी, किशन सैनी, राहुल सैनी आदि।

### श्री शिव शक्ति महायज्ञ में नौ कन्याओं का कराया विवाह



**गजरौला, अमृत विचार :** 11 दिवसीय चतुर्थ श्री शिव शक्ति महायज्ञ चतुर्वेद पारायण एवं श्री राम कथा का भव्य समापन हो गया। हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में कथावाचक काशी पीठाधीश्वर श्रीमद् जगदगुरू रामानंदाचार्य डा. रामकमलाचार्य वेदांती महाराज एवं महामंडलेश्वर स्वामी जलेश्वरानंद गिरि महाराज (जल वाले गुरु) ने अपने श्रीमुख से अमृतवर्षा की। इस दौरान नौ कन्याओं का विधि-विधान से विवाह भी कराया गया। मुख्य यजमान पूर्व सांसद देवेंद्र नागपाल एवं संयोजक चौधरी वेदपाल सिंह ने संतों को प्रतीक चिन्ह देकर आशीर्वाद लिया। सहसंयोजक सतेन्द्र सिंह भोला, देवेन्द्र सिंह, प्रदीप वर्मा, प्रमोद अलूना आदि भी मौजूद रहे।

### मुरादाबाद का कछुआ तस्कर गिरफ्तार, दो फरार

**विजय नगला, अमृत विचार :** गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बाइक से आ रहे तीन युवकों को रोका। पुलिस को देखते ही बाइक सवार दो युवक फरार हो गए, जबकि मुरादाबाद के एक युवक को पुलिस ने मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से दो बड़े कछुए बरामद हुए। पूछताछ में पता चला कि तीनों तस्कर है। मूसाझाग थाने के उपनिरीक्षक धर्मेंद्र कुमार, सिपाही देवेंद्र कुमार व अंकित तोमर शुक्रवार को गांव सराय पिपरिया क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। मुखबिर ने तीन बाइक सवारों के बोरी में कुछ संदिग्ध चीज ले जाने की जानकारी दी। पुलिस को बाइक सवार तीन युवक आते दिखे। पुलिसकर्मियों ने उन्हें रुकने का इशारा किया तो बाइक पर पीछे बैठे दो युवक कूदकर भाग गए। एक बाइक सवार को पकड़ लिया। उसने अपना नाम मुरादाबाद के थाना कटघर क्षेत्र के भोलानाथ निवासी सुमित बताया। उनके पास से बोरी में बड़े आकार के दो कछुआ बरामद हुए। पुलिसकर्मी उसे पकड़कर थाने ले गए और उनके साथियों के बारे में पूछा। तस्कर ने बताया कि उनके साथ बाइक पर चंदौसी के सिगरी गेट पर गली नंबर तीन निवासी विनेश और काशी थे। वह कछुओं की तस्करी करते हैं। उपनिरीक्षक की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज की गई है। फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### पुलिस ने गुमशुदा बच्ची को खोजकर मां को सौंपा

**हसनपुर,अमृत विचार :** पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत एक तीन वर्षीय बच्ची को उसके परिवार से मिलाया है। बच्ची अपनी मां के साथ वासुदेव कालोनी अमरोहा से मामा के घर मोहल्ला खैवान, हसनपुर आई थी। वहां से लापता हो गई थी। हसनपुर थाने को बच्ची के गायब होने की सूचना मिलते ही पुलिस टीम हरकत में आ गई। कोतवाल वरुण कुमार के नेतृत्व में लैपर्ड कर्मचारियों ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। साथ ही बीट प्रणाली के तहत क्षेत्र में तलाश अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन में चल रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस टीम ने महज तीन घंटे में बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया। बच्ची को उसकी मां के सुपुर्द कर दिया गया है।

### चड्डी गिरोह के सदस्य देख ग्रामीणों में दहशत

**गजरौला, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव खाद गुर्जर में ग्रामीणों को चड्डी गिरोह के सदस्य दिखाई देने से हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल में जुटी है। शुक्रवार रात फसल की सिंचाई करने जा रहे किसानों को चड्डी गिरोह के सदस्य खेतों में घूमते दिखाई दिए। किसानों ने इस बावत जानकारी भाजपा जिला उपाध्यक्ष चौधरी वीरेंद्र सिंह को दी। वह मौके पर पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी। पुलिस टीम ने ग्रामीणों के साथ चड्डी गिरोह की तलाश में खेतों में कांबिंग भी की लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि चड्डी गिरोह के सदस्यों की जांच की जा रही है।

### ईद के मौके पर राहगीरों को पिलाया शरबत

**बुरावली, अमृत विचार :** ईद के मौके पर गांव बुरावली में हसनपुर अलीगढ़ मार्ग पर बस स्टैंड के पास डॉक्टर सतवीर ने राहगीरों को ठंडा शरबत पिलाया। शिवम ,सतवीर ,चमन ,सचिन, जलन सिंह, शादान आदि लोग मौजूद रहे।

Admission Open
Session 2025-26
BIUCOP BAREILLY Towards Professional Excellence
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
• B. Pharma (4 Years) • M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
• M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)
ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
BIU College of Management
• M.H.A. (2 Years) • M.P.H. (2 Years)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

FOPS BAREILLY Towards Professional Excellence
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Courses
■ BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
■ BRIT (Intake-80 Seats)
■ BPT (Intake-40 Seats)
■ B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
■ BOTT (Intake-40 Seats)
■ M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
■ MPT (Intake-20 Seats)
■ MMLS (Intake-20 Seats)
Admission Open
Session 2025-26
FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
■ B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
■ M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
■ Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)
Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
■ Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
■ Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com,
bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

# लाभ के बाद भी बिजली कंपनियों का निजीकरण क्यों: उपभोक्ता परिषद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने सवाल उठाते हुए कहा कि लाभ के बाद भी आखिर बिजली कंपनियों का निजीकरण क्यों किया जा रहा है। परिषद ने कहा कि स्मार्ट मीटर से पावर कॉरपोरेशन को 1500 करोड़ का फायदा तय है।

परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि चंडीगढ़ में ऊर्जा मंत्रियों के सम्मेलन में ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने अगस्त 2025 तक सभी के घरों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लग जाने की बात कही है। बिजली कंपनियों ने नियामक आयोग को दिये गये प्रस्ताव में 40 रुपये प्रति उपभोक्ता से हर साल वसूलने की बात कही है। तीन करोड़ उपभोक्ताओं से बिजली कंपनियों को लगभग 120 करोड़ का लाभ हर महीने होगा। यह साल में लगभग 1500 करोड़ हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी बिजली कंपनियों पर आरडीएसएस योजना के तहत 43,454 करोड़ व बिजनेस प्लान के तहत लगभग 5000 करोड़ का खर्च हो रहा है।

# भीषण गर्मी में तय शेड्यूल से दी गई ज्यादा बिजली

**लखनऊ,अमृत विचार:** अप्रैल और मई 2025 में जब पूरा प्रदेश भीषण गर्मी और लू की चपेट में था, तब योगी सरकार ने बिजली आपूर्ति को लेकर मिसाल पेश की। जिला मुख्यालयों में लगभग 24 घंटे आपूर्ति सुनिश्चित की गई, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे से अधिक और तहसील मुख्यालयों में 21.30 घंटे से अधिक आपूर्ति हुई।

अप्रैल और मई में यूपी की चारों प्रमुख डिस्कॉम इकाइयों के साथ-साथ केस्को के तहत बिजली आपूर्ति के आंकड़े इस बात की गवाही देते हैं कि प्रदेश सरकार ने हर स्तर पर पूरी तैयारी कर रखी थी।

# निजीकरण : संघर्ष समिति ने पावर कार्पोरेशन प्रबंधन से पूछे सवाल

## 22 को होने वाली बिजली महापंचायत में किसानों व उपभोक्ताओं के राष्ट्रीय संगठन भी होंगे शामिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने शनिवार को निजीकरण को लेकर उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन प्रबंधन से पांच सवाल पूछे। इस बीच, समिति 22 जून को बिजली महापंचायत की तैयारी शुरू कर दी है। महापंचायत में किसानों व उपभोक्ताओं के राष्ट्रीय संगठन शामिल होंगे।

संघर्ष समिति ने कहा है कि प्रत्येक शनिवार व रविवार को प्रबंधन से पांच सवाल पूछे जाएंगे। समिति ने कहा कि ऊर्जा मंत्री



अरविंद कुमार शर्मा ने 6 जून को चंडीगढ़ में हुए बिजली मंत्रियों के सम्मेलन में प्रदेश की बिजली वितरण व्यवस्था को देश में श्रेष्ठतम बताया। जब सरकारी क्षेत्र में प्रदेश की बिजली व्यवस्था देश में श्रेष्ठतम हो गई है, तब पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम का निजीकरण क्यों किया जा रहा है। अगर घाटे के नाम पर निजीकरण किया जा रहा है तो चंडीगढ़ और दादरा नगर हवेली दमन व दीव जहां एटीएंडसी हानियां क्रमशः तीन प्रतिशत और 8 प्रतिशत थीं और इन दोनों स्थानों पर बिजली विभाग मुनाफे में था तो दादरा नगर हवेली दमन व दीव और चंडीगढ़ का बिजली का निजीकरण क्यों किया गया। दिल्ली में निजीकरण के 22 साल बाद भी दिल्ली विद्युत बोर्ड के कर्मचारियों को पेंशन देने के लिए उपभोक्ताओं के बिजली बिल में निजी कंपनियां सात प्रतिशत की दर से पेंशन का सरचार्ज वसूलती हैं तो सवाल है कि निजीकरण के बाद प्रदेश में पेंशन देने के एवज में निजी कंपनियां उपभोक्ताओं से कितने प्रतिशत सरचार्ज वसूलेंगी।

### आगरा में टोरंट पावर ने दो किलोवाट का कनेक्शन दिया 9 लाख में

निजीकरण के बाद बिजली कनेक्शन देने के लिए क्या निजी कंपनियों को उपभोक्ताओं से मनमाना बिल वसूलने का अधिकार मिल जाएगा। उन्होंने कहा कि 12 फरवरी 2025 को आगरा में टोरंट पावर ने दो किलोवाट का कनेक्शन देने के लिए उपभोक्ता से 9 लख रुपए वसूले। क्या निजीकरण के बाद प्रदेश में पूर्वांचल व दक्षिणांचल की गरीब जनता के साथ यही होने जा रहा है। समिति ने कहा कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम का निजीकरण होने के बाद गरीब किसानों, बुनकरों और गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले उपभोक्ताओं को प्रदेश सरकार की ओर से सब्सिडी दी जाएगी या नहीं? ग्रेटर नोएडा में निजीकरण के 34 साल बाद भी किसानों को सब्सिडी नहीं मिलती जबकि पूरे प्रदेश में किसानों को मुफ्त बिजली दी जा रही।

## एक नजर

### गरीबी मुक्त भारत का संकल्प हो रहा पूरा :ब्रजेश

**अमृत विचार लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में गरीबी मुक्त भारत का संकल्प पूरा हो रहा है। विश्व बैंक के ताजा आंकड़ों के अनुसार भारत में गरीबी तेजी से कम हुई है। उन्होंने बताया कि विश्व बैंक के ताजा आंकड़ों के अनुसार पिछले 11 वर्षों में असाधारण नीतियों से बढ़ती अर्थव्यवस्था व गरीबों को सीधा लाभ पहुंचने वाली योजनाओं से देश में गरीबी से मुक्ति की राह आसान हो रही है। उन्होंने कहा कि ताजा आंकड़ों के अनुसार 11 वर्षों में निरपेक्ष गरीबी 27.1 प्रतिशत से घटकर 5.3 फीसदी हो गई है।

### विधायक राजेश्वर सिंह का लंदन में सम्मान

**अमृत विचार लखनऊ।** लखनऊ के सरोजनीनगर से भाजपा विधायक राजेश्वर सिंह को यूके-इंडिया लीगल पार्टनरशिप की ओर से लंदन में 'एक्सीलेंस इन पॉलिटिकल एंड पब्लिक लाइफ' अवार्ड से सम्मानित किया गया। हाउस ऑफ लॉर्ड्स में आयोजित समारोह में उन्हें यह सम्मान मिला। राजेश्वर सिंह ने इसे सरोजनीनगर के विकास कार्यों की वैश्विक स्वीकृति बताया। राजेश्वर सिंह ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर पोस्ट के जरिये कहा कि हाउस ऑफ लॉर्ड्स का यह भव्य भवन न केवल ब्रिटिश विरासत की आत्मा, बल्कि लोकतंत्र की जड़ और संवैधानिक चेतना का प्रतीक भी है।

### महराजगंज में केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री ने किसानों से किया संवाद

**अमृत विचार लखनऊ:** विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 के तहत शनिवार को महराजगंज के विकास खंड पनियरा के ग्राम बैजूदेहरा में केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने किसानों से संवाद किया। वैज्ञानिकों ने किसानों को आधुनिक कृषि व अन्य फसलों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

# जल्द पूरे होंगे 20 विभागों के निर्माण कार्य

## मुख्यमंत्री के निर्देश पर 18 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत से पूरा किया जाएगा प्रोजेक्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी के निर्देश 20 विभागों से संबंधित बड़े निर्माण कार्यों को पूरा करने पर जोर दिया जा रहा है। लोकनिर्माण विभाग द्वारा इस विषय में एक खाका तैयार किया गया है जिसके अंतर्गत भवन सेल द्वारा 95 निर्माण कार्यों को 18767 करोड़ रुपये की लागत से पूरा किया जाएगा। इसमें विभागों के कार्यालयों समेत विभिन्न प्रकार के आवासीय-अनावासीय अवसंरचनाओं का निर्माण शामिल है।

कार्ययोजना के अनुसार गृह विभाग के सर्वाधिक 35 कार्यों को 6550 करोड़ की लागत से पूरा करने का लक्ष्य है। जबकि, चिकित्सा शिक्षा, कारागार व उच्च शिक्षा विभाग के भी कई



- गृह विभाग के सर्वाधिक 35 कार्य पर खर्च होंगे साढ़े छह हजार करोड़

बड़े निर्माण कार्य प्रस्तावित है। उल्लेखनीय है कि इन 95 निर्माण कार्यों में से 26 की प्रगति 76 से 99 प्रतिशत है, जबकि 10 कार्यों की प्रगति 51 से 75 प्रतिशत के बीच है। बड़ी बात यह है कि 17 कार्यों को रिकॉर्ड समय में पूरा भी कर लिया गया है।

गृह विभाग के बाद ईपीसी (इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट, कंस्ट्रक्शन) मोड पर दूसरे नंबर पर सबसे ज्यादा कार्य चिकित्सा शिक्षा विभाग के लिए पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित है। इसमें कुल 5357 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। वहीं, उच्च शिक्षा विभाग के 6 निर्माण कार्यों को 773 करोड़ की लागत से पूरा किया जाएगा। कारागार विभाग के कुल 7 निर्माण कार्यों को भी 1334 करोड़ रुपए से पूरा करने की तैयारी है। इसी प्रकार, न्याय विभाग के कुल 3 कार्यों को 1227 करोड़ की लागत से पूरा किया जाएगा।

चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के लिए 3 कार्यों को 312 करोड़ की लागत से पूरा करने का लक्ष्य है। वहीं, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग विभाग के लिए 324 करोड़ रुपए की लागत से 3 निर्माण कार्यों को पूरा किया जाएगा।

### राजस्व व आपदा विभाग के कार्य पर खर्च होंगे 350 करोड़

राजस्व एवं आपदा विभाग के लिए 350 करोड़ से 2 कार्य, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के लिए 229 करोड़ की लागत से 2 कार्य, श्रम विभाग के लिए 149 करोड़ की लागत से 2 कार्य तथा राज्य संपत्ति विभाग के लिए 2 निर्माण कार्यों को 182 करोड़ की लागत से पूरा किया जाएगा। इसी प्रकार, आयुष विभाग के लिए 267 करोड़ रुपए, माध्यमिक शिक्षा विभाग के लिए 153 करोड़ रुपए, खेल विभाग के लिए 388 करोड़, नागरिक उड्डयन विभाग के लिए 103 करोड़, नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग के लिए 95 करोड़, वित्त विभाग के लिए 187 करोड़, पशुधन विभाग के लिए 277 करोड़, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग के लिए 434 करोड़ तथा धर्मार्थ कार्य विभाग के लिए 65 करोड़ की लागत से एक-एक कार्य को पूरा किया जाना प्रस्तावित है।

# बीएनए में 22 राज्यों के अभ्यर्थियों की प्रवेश परीक्षा दस से

**अमृत विचार, लखनऊ।** भारतेंदु नाट्य अकादमी (बीएनए) में शैक्षिक सत्र 2025-27 में परास्नातक में प्रवेश के लिए पहली बार 22 राज्यों के अभ्यर्थियों की प्रवेश परीक्षा 10 जून से शुरू हो रही है। अभ्यर्थियों का चयन 15 जून तक आयोजित प्रवेश परीक्षा व साक्षात्कार से किया जाएगा। यह जानकारी परीक्षा नियंत्रक डा. सुमित श्रीवास्तव ने दी। बताया कि योग्य अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा व साक्षात्कार 10, 11 व 12 जून को सुबह 10 बजे से कराई जाएगी। संस्थान ने प्रथम चरण की लिखित परीक्षा व साक्षात्कार के लिए चयनित अभ्यर्थियों को मूल प्रमाणपत्रों के साथ 10 जून को अकादमी बुलाया है। लिखित परीक्षा व साक्षात्कार के परिणाम के आधार पर अंतिम चयन (कार्यशाला) के लिए लगभग 60 अभ्यर्थी चयनित किए जाएंगे। इनकी परीक्षा 13, 14 व 15 जून को सुबह 10.30 बजे से कराई जाएगी।

# माध्यमिक विद्यालयों के छात्रों को जल साक्षर बनाएगी सरकार

- विद्यालय स्तर पर आयोजनों की रूपरेखा तय करने का बोर्ड ने जारी किए निर्देश
- गंगा की निर्मलता होगी अभियान का हिस्सा, स्वच्छता के प्रति समाज के दूत बनेंगे छात्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** योगी सरकार माध्यमिक विद्यालयों के छात्रों को जल साक्षर बनाएगी। विद्यालय स्तर पर आयोजनों की रूपरेखा तय करने का बोर्ड ने निर्देश जारी किए हैं। गंगा की निर्मलता अभियान का खास हिस्सा होगी। छात्र-छात्राएं स्वच्छता के प्रति समाज के दूत बनेंगे।

प्रदेश की ओर से जारी अकादमिक कैलेंडर में एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के अंतर्गत ऐतिहासिक व भौगोलिक परिदृश्य से छात्रों को परिचित कराने के साथ खेलकूद, सांस्कृतिक व साहित्यिक गतिविधियों से परिचित कराने पर भी बल दिया गया है। इसके साथ ही विद्यालय स्तर पर आयोजनों की रूपरेखा तय करने का निर्देश भी दिया गया है। इसी क्रम में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय दिवसों, सप्ताहों से संबंधित गतिविधियां अनिवार्य रूप से कराई जाएंगी। इसमें सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने के साथ गंगा की अविरलता एवं स्वच्छता अभियान से भी प्रत्येक विद्यार्थी को जोड़ा जाएगा।छात्र छात्राओं को समूह आधारित फील्ड वर्क से जोड़ा जाएगा। किसी नदी या तालाब के पास ले जाकर विद्यार्थियों से लघु रिपोर्ट बनवाई जाएगी। इसी तरह किसी गांव, कस्बे का भ्रमण कराते हुए वहां के जल प्रबंधन और जल संरक्षण बारे में छात्रों को जानकारी दी जाएगी।

# 'त्रिवेणी वन' बसाकर महाकुंभ की स्मृति को ताजा रखेगी योगी सरकार

- यूपी के सभी जिलों में त्रिवेणी वन में लगाए जाएंगे नीम, पीपल व बरगद के पौधे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** महाकुम्भ की स्मृतियों को ताजा रखने के लिए सभी 75 जिलों में योगी सरकार की तरफ से त्रिवेणी वन लगाया जाएगा। इसमें नीम, पीपल व बरगद के पौधे लगाए जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर वन विभाग ने तैयारी तेज कर दी है।

त्रिवेणी वन की शुरुआत पर्यावरण दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या से कर दी है। जुलाई में होने वाले पौधरोपण महाभियान में हर जिले में इसकी स्थापना की जाएगी। मिशन से जुड़े अधिकारी इसके संरक्षण पर भी जोर देंगे। नर्सरियों में 52.33 करोड़ पौधे तैयार किए जा चुके हैं। इसमें सिर्फ वन विभाग की नर्सरियों 5.75 करोड़ औषधीय पौधे तैयार किए गए हैं। इनमें नीम के लगभग 52 लाख, बरगद के 29 लाख व पीपल के 29 लाख पौधे तैयार किए गए हैं। इन पर्यावरणीय पौधों को रोपित करने के साथ ही इनके संरक्षण पर भी विभाग का जोर रहेगा।

> प्रदेश सरकार के निर्देशन में इस वर्ष भी 35 करोड़ पौधरोपण होगा। इसी क्रम में इस वर्ष प्रदेश के सभी जिलों में त्रिवेणी वन स्थापित होगा। इसकी शुरुआत मुख्यमंत्री ने अयोध्या से की है। त्रिवेणी वन के अंतर्गत नीम, पीपल व बरगद के पौधे लगाए जाएंगे।
>
> **-सुनील कुमार चौधरी,** प्रधान मुख्य वन संरक्षक/विभागाध्यक्ष वन विभाग

# गाजियाबाद में तेज रफ़्तार कार की चपेट में आने से दो लोगों की मौत

**गाजियाबाद,एजेंसी:** जिले में राजनगर एक्सटेंशन इलाके में एक तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से सुबह की सैर पर निकले दो पड़ोसियों की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। नंदग्राम की सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) पूनम मिश्रा ने बताया कि मृतकों की पहचान नंदग्राम की बृज नगरी कॉलोनी के सुभाष सिंह चौहान (57) और कमलेश यादव (45) के रूप में हुई है।

पीछे से टक्कर मारने के बाद कार का चालक मौके से फरार हो गया। सीसीटीवी फुटेज से पुष्टि हुई है कि कार ने उन्हें टक्कर मारी थी, जिससे चौहान का सिर कार के पहियों के नीचे कुचल गया और यादव सड़क किनारे गहरे गड्ढे में गिर गए। राहगीरों ने पुलिस को इस घटना की सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें पास के एक अस्पताल ले गई, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# चिन्हित गरीब युवाओं को बनाया जाएगा आत्मनिर्भर

- मुख्य सचिव ने अधिकारियों को आवश्यक कदम उठाने के दिये निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में चिन्हित गरीब परिवारों के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने अधिकारियों को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिये। मुख्य सचिव शनिवार को जीरो पॉवर्टी अभियान के तहत चिन्हित परिवारों के युवाओं के उन्नयन व उन्हें विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए पिकप भवन में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे।

मुख्य सचिव ने कहा कि अभियान का लक्ष्य प्रत्येक निर्धनतम परिवार को भोजन, वस्त्र, चिकित्सा, शिक्षा व आवास जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है। साथ ही, उनके लिए सतत आय का स्रोत सुनिश्चित कराना है। उन्होंने कहा कि इन परिवारों के युवाओं को कौशल विकास के माध्यम से जीवकोपार्जन के लिए आत्मनिर्भर बनाया जाय, ताकि उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो और वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें। इस अवसर पर प्रमुख सचिव व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग डॉ. हरिओम ने बताया कि वर्तमान में 13.57 लाख अत्यंत गरीब परिवारों के युवक-युवतियों को उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अंतर्गत पारंपरिक व आधुनिक कोर्स में रोजगारपरक कौशल प्रशिक्षण देने का कार्य चल रहा है। प्रशिक्षण निशुल्क है, जिसमें पाठ्यसामग्री, दो यूनिफॉर्म और ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग की भी व्यवस्था है। प्रशिक्षण कार्यक्रमों को नेशनल काउंसिल फॉर वोकेशनल एजुकेशन एंड ट्रेनिंग की ओर से मान्यता प्राप्त है। प्रशिक्षण के बाद प्रमाण पत्र भी दिया जा रहा है। प्रशिक्षणार्थियों को सॉफ्ट स्किल जैसे अंग्रेजी भाषा, संवाद कौशल, सामान्य कंप्यूटर ज्ञान व औद्योगिक व्यवहार का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# 60,244 सिपाही अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देंगे शाह

## गृह मंत्री का लखनऊ आगमन 15 को, पंचायत चुनाव पर भी करेंगे मंथन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** गृह मंत्री अमित शाह 15 जून को लखनऊ आएंगे। वे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ 60,244 नव नियुक्त सिपाही अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देंगे। इसके बाद पंचायत चुनाव पर भी मंथन करने का कार्यक्रम है।

राज्य सरकार सिपाही भर्ती का नियुक्ति पत्र देने के समारोह के बहाने युवाओं को बड़ा संदेश देने का प्रयास करेगी। खासकर विरोधी दलों के नेता भर्ती में धनउगाही और पक्षपात करने के आरोपों को लेकर निशाने पर होंगे। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के 15 जून को लखनऊ के संभावित आगमन को देखते हुए प्रशासन ने तैयारी तेज कर दी है।

डिफेंस एक्सपो मैदान में नियुक्ति पत्र वितरण कराने की तैयारियां चल रही हैं। समारोह में कई मंत्री व वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहेंगे। यह प्रदेश पुलिस की सबसे बड़ी भर्ती है, जिसमें 12048 महिला अभ्यर्थी भी शामिल हैं। पहले परीक्षा पेपर लीक होने के कारण रद कर दी गई थी, जिसे बाद में दोबारा कराया गया।

### डीजीपी ने अभ्यर्थियों के ड्रेस कोड के लेकर दिए निर्देश

डीजीपी राजीव कृष्ण ने अभ्यर्थियों को समारोह में लाने और उनके ड्रेस कोड को लेकर विस्तृत निर्देश दिए हैं। राजपत्रित अधिकारी अभ्यर्थियों को लखनऊ लेकर आएंगे। उनके ठहरने व अन्य सुविधाओं को लेकर भी निर्देश दिए गए हैं। पूर्व में यह कार्यक्रम इकाना स्टेडियम में आयोजित कराने की तैयारी थी, लेकिन अब वृंदावन योजना में समारोह होगा।

# भाजपा सरकार में नहीं बचा वरिष्ठ-कनिष्ठ अधिकारियों का मतलब:अखिलेश यादव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में वरिष्ठ व कनिष्ठ अधिकारियों का मतलब नहीं रह गया है। उन्होंने कहा कि यूपी पुलिस के वरिष्ठतम लोग वर्तमान व्यवस्था में महत्वपूर्ण पदों से वंचित रह गए हैं। वे अनैच्छिक परिस्थितियों में ऐच्छिक सेवानिवृत्ति लेने को मजबूर हैं। इससे कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों का मनोबल टूटता है।

उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' पर पोस्ट के जरिये डीजीपी की नियुक्ति की ओर से संकेत करते हुए कहा कि अधिकारियों का मनोबल टूटने का खामियाजा प्रदेश की कानून-व्यवस्था व जनता को भुगतना पड़ता है। उन्होंने कहा कि जब भाजपा सरकार में वरिष्ठ-कनिष्ठ का मतलब ही नहीं बचा है तो वरिष्ठता क्रम की सूची बनाने का क्या मतलब है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठता में एक-दो के फेरबदल को तो कार्य के स्वरूप के आधार पर या किसी अन्य पैमाने पर उचित ठहराया भी जा सकता है।

## वर्ग पहेली- 455

**बाएं से दाएं**

4.1. किसी पदार्थ का गोल या चपटा टुकड़ा, कड़ी

5. पानी के किनारे रहने वाली एक सफ़ेद चिड़िया जिसकी चोंच और पैर काले होते हैं।

7. ऐसा व्यक्ति जिसमें उदात्त विचारों की क्षमता न हो, तुच्छ या नीच विचार वाला व्यक्ति।

**ऊपर से नीचे**


1. जलपानगृह, कॉफ़ी शॉप, छोटा रेस्तरां।

2. धूप संबंधी, धूप में प्रयुक्त किया जाने वाला।

3. रस की धारा, ख़ुशी की धारा।

5.1. एक प्रकार का बड़ा मुगदर जो दोनों हाथों से घुमाया जाता है 2. करेल घुमाने की कसरत।

6. दूसरों को देखने में प्रवृत्त करना, प्रस्तुत करना, प्रकाश डालना, प्रदर्शित करना, खोलना, दर्शाना, प्रकट करना, सामने लाना, ज़ाहिर करना, उजागर करना, उद्घाटित करना।



## वर्ग पहेली -454 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ह | | | | 2 तु | |
| गा | | 3 सु | | ल | |
| ना | | हा | | नी | |
| | 4 कु | व | ल | य | |
| 5 र | ल | ना | | | 6 खु |
| | प | | | | र |
| 7 इ | ति | हा | स | | हा |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 8 जून, रविवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, द्वादशी- 07.17 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

**मेष:** आज आपके प्रेम संबंध काफी मधुर रहने वाले हैं। सामाजिक संपर्क में वृद्धि होगी। तनाव के बावजूद कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन काफी अच्छा रहेगा। आप कई लोगों का मार्गदर्शन कर सकते हैं। आवश्यक कार्य समय से पहले पूर्ण हो जायेंगे।

**वृष:** आज आपका दिन काफी व्यस्त रहेगा। पैतृक संपत्ति के मामलों के उलझने की संभावना बन रही है। गुप्त शत्रु आपके विरुद्ध सक्रिय हो सकते हैं। एक साथ अनेक कार्य सम्भालने पड़ेंगे। वकालत की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों को नया कुछ सीखने को मिलेगा।

**मिथुन:** आज अपनी रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए खानपान और योग पर ध्यान दें। प्रेमी जन को आज मूल्यवान उपहार दे सकते हैं। इससे आपके संबंध और भी घनिष्ट और मधुर होंगे। मित्रों के भरोसे अपने महत्वपूर्ण कार्य न छोड़ें। बच्चे बड़े-बुजुर्गों का सानिध्य पसंद कर सकते हैं।

**कर्क:** आज आप जिस काम को आसान मान रहे थे वो आपको काफी परेशान कर सकता है। रिश्तेदारों के कारण कुछ तनाव हो सकता है। बोलचाल में अपशब्दों का प्रयोग बिल्कुल न करें। विद्यार्थी करियर को लेकर लापरवाह हो सकते हैं। दूसरों की सहायता करके आपको आत्मसंतुष्टि की अनुभूति होगी।

**सिंह:** आज घर में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। दोपहर के बाद आपको कोई शुभ सूचना मिल सकती है। इससे आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। भौतिक भोग-विलास का भरपूर आनंद लेंगे। व्यवसाय में सहयोगियों का साथ मिलेगा।

**कन्या:** आज आपको बड़े व प्रभावशाली लोगों से मिलना पड़ सकता है। भविष्य को ध्यान में रखते हुए नए कार्यों की ओर प्रवृत्त हो सकते हैं। अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभायेंगे। बड़बोलेपन वाले व्यवहार से बचें। महिलाओं को अपमानजनक परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

**तुला:** आज पुराने रुके हुए कार्य प्रारंभ हो सकते हैं। नए व्यापारिक अनुबंध कर सकते हैं। आर्थिक मामलों में भाग्यशाली रहेंगे। पिता के साथ चर्चा व उनका आशीर्वाद लेना उत्तम होगा। दांपत्य संबंधों में आपसी समझ और सामंजस्य में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** आज महत्वपूर्ण कार्यों को एक-दो दिन के लिए टालना हितकर होगा। पेट में जलन जैसी समस्या हो सकती है। आज आपके ऊपर कार्यभार की अधिकता रहेगी। एक ही काम को बार-बार करना पड़ सकता है। महिलाओं को अपनी सुरक्षा को लेकर थोड़ा ध्यान रखना पड़ेगा।


**धनु:** आज फाइनेन्स से जुड़े मामलों के लिए दिन बहुत अच्छा है। विवादित मामलों में आपकी विजय हो सकती है। आपके खर्चों में कमी आयेगी। व्यवसाय में मनोनुकूल लाभ मिलने से काफी अच्छा व सहज महसूस करेंगे। सोशल मीडिया में आप काफी सक्रिय रहेंगे।

**मकर:** आज आप लोगों से सम्मान की अपेक्षा रखेंगे। किसी महत्वपूर्ण कार्य से कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। सहकर्मियों के साथ आपकी दोस्ती बढ़ सकती है। रुचि पूर्ण कार्य करने के अवसर मिलेंगे। सभी कार्य आपके अनुसार होने से मन प्रसन्न रहेगा।

**कुंभ:** आज अपरिचित लोगों से अधिक तालमेल न बढ़ायें। बच्चे पढ़ाई के अतिरिक्त दूसरे कार्यों में अधिक समय व्यर्थ करेंगे। दोस्तों के साथ बिजनेस पार्टनरशिप को लेकर चर्चा हो सकती है। शाम के समय कहीं घूमने जा सकते हैं। धीमी गति से आपके काम बनते प्रतीत होंगे।

**मीन:** आज आपकी अच्छी सलाह भी लोगों को समझ नहीं आयेगी। इसीलिए बिना मांगे किसी को सलाह न दें। पुराने विवाद दोबारा उठ खड़े हो सकते हैं। आज आप कोई नवीन कार्य आरंभ करने से बचें। महिलाएं किचन में काम करने के दौरान सावधानी रखें।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम। **ऋतु**- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल- अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र- स्वाती 12.42 तक तत्पश्चात विशाखा।

## सुडोकू -2

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | 7 | 1 | | | 4 | |
| 9 | | 4 | | | | 1 | | 8 |
| | 3 | 5 | | | 6 | | | 2 |
| | 2 | | 1 | 6 | | | | 3 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | | | 3 | 5 | | 9 | |
| 3 | | | 9 | | | 8 | 5 | |
| 8 | | 1 | | | | 7 | | 4 |
| | 5 | | | 8 | 4 | | 1 | |

## सुडोकू - 1 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 4 | 9 | 8 | 2 | 3 | 5 | 7 |
| 9 | 3 | 7 | 4 | 5 | 1 | 6 | 2 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 7 | 6 | 3 | 9 | 4 | 1 |
| 5 | 6 | 1 | 2 | 7 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 7 | 4 | 9 | 3 | 1 | 6 | 5 | 8 | 2 |
| 8 | 2 | 3 | 5 | 4 | 9 | 7 | 1 | 6 |
| 3 | 9 | 6 | 1 | 2 | 5 | 8 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 | 9 | 5 |
| 4 | 5 | 2 | 8 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 |

# तेजी से फैलते मोटापे को हर हाल में रोकना होगा

## स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने कहा- स्वस्थ भारत के लिए नमक, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ और कम तेल के सेवन का लें संकल्प

बेंगलुरु, एजेंसी

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने शनिवार को कहा कि विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस पर हर भारतीय को नमक, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों और तेल की खपत में 10 प्रतिशत की कमी करने का संकल्प लेना चाहिए। नड्डा के अनुसार, सही खान-पान के बारे में जागरूकता फैलाना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।

नड्डा, बेंगलुरु में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं तंत्रिका विज्ञान संस्थान (निम्हांस) में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस मनाने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस हर वर्ष सात जून को मनाया जाता है। नड्डा ने कहा, हमें अपने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान को ध्यान में रखना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हम कम से कम अपने घरों में हम तेल और नमक की खपत में 10 प्रतिशत की कमी ला सकें। यह सबसे जरूरी हिस्सा है। हमें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों का सेवन कम से कम हो। उन्होंने यह भी कहा कि स्वस्थ रहने और सही खान-पान के लिए भारत को अपने पारंपरिक खाद्य व्यवहारों पर फिर से विचार करना चाहिए। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, हमारा पारंपरिक भोजन में मोटे अनाज से बनी कई तरह की चीजें शामिल हैं। हमें इस परंपरा को पुनर्जीवित करना होगा। नड्डा ने कहा कि बदलाव तभी संभव है जब यह एक सतत प्रक्रिया हो। केवल विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस पर खाद्य सुरक्षा आदतों के बारे में बात करने से काम नहीं चलेगा। यह तभी काम करेगा, जब हम इसे अपने जीवन का हिस्सा बना लेंगे।



बेंगलुरु में विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित नड्डा।

### ई-मार्केट प्लेटफॉर्मों को भ्रामक अलर्ट, अनुचित व्यापार व्यवहार पर रोक लगाने के निर्देश

नई दिल्ली। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्मों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि उनके नेटवर्क पर उपभोक्ताओं को अत्यावश्यक अलर्ट (सूचना) और भ्रामक विज्ञापनों या किसी प्रकार के अनुचित व्यापार व्यवहार में न फंसाया जाए। उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने शनिवार को एक विज्ञप्ति में कहा, सभी ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म को सलाह दी गई है कि वे परामर्श जारी होने के तीन महीने के भीतर डार्क पैटर्न की पहचान करने के लिए स्व-ऑडिट करें और यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाएं कि उनके प्लेटफॉर्म ऐसे डार्क पैटर्न से मुक्त हों। डार्क पैटर्न ऐसे भ्रामक प्रयासों को कहा जाता है, जिनमें ग्राहकों को स्टॉक खत्म होने या किसी प्रलोभन के जरिये माल की बुकिंग तत्काल करने के लिए उकसाया जाता है। सीसीपीए ने स्व-ऑडिट रिपोर्ट के आधार पर ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म को यह भी स्व-घोषणा देने के लिए प्रोत्साहित किया है कि उनका प्लेटफॉर्म किसी भी डार्क पैटर्न में लिप्त नहीं है।

# कर्नाटक उच्च न्यायालय ने सरकार से नौ अहम सवालों पर जवाब मांगा

बेंगलुरु, एजेंसी

- स्वतः संज्ञान लेकर दायर की गई रिट याचिका पर सुनवाई की
- सरकार को 10 जून तक जवाब दाखिल करने को कहा गया


बेंगलुरु भगदड़

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की जीत का जश्न मनाने के लिए किसने अनुमति दी थी? यह निर्णय कब और कैसे लिया गया था? क्या आयोजकों ने आवश्यक अनुमति ली थी? ये वे प्रश्न हैं जिनके उत्तर कर्नाटक सरकार को चार जून को हुई भगदड़ के संबंध में 10 जून तक उच्च न्यायालय में दाखिल करने होंगे। इस भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी।

हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को नौ महत्वपूर्ण प्रश्नों पर विस्तृत जवाब प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश वी. कामेश्वर राव और न्यायमूर्ति सीएम जोशी की खंडपीठ ने इस त्रासदी के मद्देनजर अदालत द्वारा स्वतः संज्ञान लेकर दायर की गई रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए गुरुवार को ये सवाल पूछे। सरकार को 10 जून तक जवाब दाखिल करने को कहा गया है। यह भगदड़ चार जून की शाम को चिन्नास्वामी स्टेडियम के सामने हुई, जहां बड़ी संख्या में लोग आरसीबी टीम की आईपीएल जीत के जश्न में भाग लेने के लिए उमड़े थे। इस घटना में 11 लोग मारे गए और 56 घायल हो गए। पीठ ने खेल आयोजनों और इस पैमाने के सार्वजनिक समारोहों के लिए 50,000 से अधिक लोगों की सभाओं के प्रबंधन के लिए एसओपी के अस्तित्व पर भी सवाल उठाया। पीठ की ओर से पूछे गए शेष प्रश्न राज्य की तैयारी और प्रतिक्रिया पर केंद्रित थे, जैसे: आयोजन स्थल के आसपास यातायात को नियंत्रित करने के लिए क्या उपाय किए गए? भीड़ को नियंत्रित करने के लिए क्या व्यवस्था की गई थी? मौके पर कौन सी चिकित्सा और आपातकालीन सुविधाएं उपलब्ध थीं? क्या पहले से उपस्थित लोगों की संख्या का अनुमान लगाया गया था? पीठ ने इसके अलावा पूछा कि, क्या घायलों को घटनास्थल पर तुरंत चिकित्सा सहायता दी गई आदि सचसल पूछे।

## एक नजर

### ठाणे में किशोरी से दुष्कर्म में 20 साल सश्रम कारावास

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे जिले की एक अदालत ने एक व्यक्ति को अपनी 17 वर्षीय रिश्तेदार से दुष्कर्म और उसे गर्भवती करने को लेकर 20 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश हरणे ने आरोपी जीवन अशोक वडविंदे को यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम और बीएनएस की संबद्ध धाराओं के तहत दोषी करार दिया। कोर्ट ने आरोपी को 20 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई और उस पर 20,000 रुपये का जुर्माना लगाया।

# तेजस्वी के काफिले को ट्रक ने मारी टक्कर, 3 सुरक्षाकर्मी घायल

वैशाली (बिहार), एजेंसी

- घटना में राजद नेता बाल-बाल बचे घायलों की हालत स्थिर

बिहार के वैशाली जिले में राजद के नेता तेजस्वी यादव के काफिले की दो गाड़ियों को शुक्रवार देर रात को एक ट्रक ने टक्कर मार दी। इस घटना में राजद नेता बाल-बाल बच गए लेकिन तीन सुरक्षाकर्मी घायल हो गए।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ट्रक से उस गाड़ी को टक्कर नहीं लगी जिसमें राज्य विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष यादव सवार थे। अधिकारी ने बताया कि घटना शुक्रवार देर रात करीब साढ़े 12 बजे की है जब यादव का काफिला गोरौल के पास पटना-मुजफ्फरपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर चाय पीने के लिए रुका था। अधिकारी ने बताया कि वे मधेपुरा से पटना लौट रहे थे, तभी यह दुर्घटना हुई। पुलिस ने कहा, यादव को किसी भी तरह की चोट नहीं आई है। तीन सुरक्षाकर्मी घायल हो गए और उन्हें नजदीकी सरकारी अस्पताल ले जाया गया। उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

## मुंबई फिर पानी-पानी



मुंबई में शनिवार को भारी बारिश के कारण शहर की प्रमुख सड़कों पर जलभराव हो गया। इससे वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़। एजेंसी

# आवैसी ने डीपफेक वीडियो को लेकर दर्ज कराई शिकायत

हैदराबाद, एजेंसी

- पुलिस ने ऑनलाइन निवेश योजना का प्रचार करने वाले वीडियो को प्रसारित करने का मामला किया दर्ज

हैदराबाद पुलिस ने ऑनलाइन निवेश योजना का प्रचार करने के लिए सोशल मीडिया मंच पर एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी का एक 'डीपफेक' वीडियो प्रसारित होने के बाद मामला दर्ज किया है।

पुलिस ने बताया कि एआई द्वारा तैयार किए गए इस फर्जी वीडियो में ओवैसी की छवि और नाम के साथ-साथ अन्य प्रसिद्ध हस्तियों का दुरुपयोग कर लोगों को गुमराह किया गया है, ताकि लोगों को यह विश्वास दिलाया जा सके कि वह एक निवेश घोटाले को बढ़ावा दे रहे हैं। फर्जी वीडियो में प्रतिदिन 53,000 रुपये लाभ का वादा किया गया है। हैदराबाद के सांसद ने पुलिस में दर्ज कराई गई शिकायत में कहा कि वीडियो लोगों को एक घोटाले वाली वेबसाइट में निवेश करने का निर्देश देता है, जिससे निर्दोष व्यक्तियों के पैसे खोने का खतरा उत्पन्न होता है।

# वर्ष 2022 में कोविड से 86.5 लाख हुईं मौतें

नई दिल्ली, एजेंसी

- नागरिक पंजीकरण प्रणाली के नए आंकड़े से सामने आई जानकारी



वर्ष 2022 के दौरान देश में लगभग साढ़े 86.5 लाख लोगों की मौत हुई जो कोविड प्रभावित वर्ष 2021 में हुई 1.02 करोड़ से अधिक लोगों की मौत की तुलना में 15 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट को दर्शाता है। नागरिक पंजीकरण प्रणाली (सीआरएस) के नए आंकड़े से यह जानकारी मिली।

भारत के महापंजीयक कार्यालय द्वारा प्रदर्शित 2022 के आंकड़ों से पता चलता है कि वर्ष 2021 के मुकाबले मौतों की संख्या में 15.74 लाख की गिरावट ने मृत्यु दर के आंकड़ों को मोटे तौर पर 2020 में देखी गई पूर्व-महामारी पैटर्न के अनुरूप ला दिया है। आंकड़ों के अनुसार, 2021 में देश भर में 1.02 करोड़ लोगों की मौतों के साथ मृतक संख्या में तेज उछाल दर्ज किया गया था, जबकि यह आंकड़ा 2020 में 81.1 लाख, 2019 में 76.4 लाख और 2018 में 69.5 लाख था। रिपोर्ट में कहा गया है, पंजीकृत मौतों के मामले में, मौतों की संख्या 2021 में 102.2 लाख से घटकर 2022 में 86.5 लाख रह गई यानी 15.4 प्रतिशत की कमी आई। लोकसभा में 29 जुलाई, 2022 को सरकार द्वारा दिए गए उत्तर के अनुसार, 26 जुलाई, 2022 तक कोविड-19 के कारण 5.26 लाख मौतें हुईं। डब्ल्यूएचओ ने भारत में कोविड-19 से जुड़ी 47 लाख से ज्यादा मौतों की रिपोर्ट दी थी, जिसका सरकार ने कड़ा विरोध किया था। रिपोर्ट ने यह भी दिखाया कि 2022 में 2.54 करोड़ शिशुओं के जन्म पंजीकृत किए गए।

# एहतियातन हिरासत राज्य के हाथ में असाधारण शक्ति : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

- इसका संयम से प्रयोग किया जाना चाहिए

सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि एहतियातन हिरासत राज्य को दी गई एक असाधारण शक्ति है, जिसका प्रयोग संयम से किया जाना चाहिए।

कोर्ट ने इसी के साथ केरल में धन उधार देने में लिप्त एक व्यक्ति को हिरासत में लेने के आदेश को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति संजय व न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने कहा कि हिरासत प्राधिकारी द्वारा आदेश में बताई गई परिस्थितियां राज्य के लिए व्यक्ति के खिलाफ दर्ज मामलों में जमानत रद्द करने के लिए सक्षम अदालतों से संपर्क करने के लिए पर्याप्त आधार तो हो सकती हैं, लेकिन यह नहीं कहा जा सकता है कि इसके लिए उसे एहतियातन हिरासत में लेना उचित है। शुक्रवार को सुनाए आदेश में कहा, इसलिए, 20 जून, 2024 के हिरासत के आदेश व एर्णाकुलम स्थित केरल हाईकोर्ट द्वारा पारित 4 सितंबर, 2024 के विवादित फैसले को रद्द किया जाता है।

# शाह से मिले नक्सल विरोधी अभियान के अधिकारी

- गृह मंत्री ने कहा- मोदी सरकार भारत को नक्सलवाद के दंश से मुक्त कराने के लिए प्रतिबद्ध

नई दिल्ली, एजेंसी


सुरक्षाबल के अधिकारियों को सम्मानित करते अमित शाह।

गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ में नक्सल विरोधी अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाले अधिकारियों से शनिवार को मुलाकात की और कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की सरकार भारत को नक्सलवाद के दंश से मुक्त कराने के लिये प्रतिबद्ध है।

इस मौके पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे । शाह ने एक्स पर कहा, हाल ही में नक्सलवाद के विरुद्ध चलाए गए अभियानों में अहम भूमिका निभाने वाले अधिकारियों से भेंट कर इन अभियानों की ऐतिहासिक सफलता पर उन्हें बधाई दी। छत्तीसगढ़ पुलिस और सीआरपीएफ ने हाल ही में छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर कुर्रागुट्टा पहाड़ियों में संयुक्त रूप से तीन सप्ताह तक अभियान चलाया। ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट के तहत 31 कट्टर माओवादी मारे गए।

## कारोबार/कृषि

# तीन साल पुराना जीएसटी रिटर्न नहीं कर पाएंगे दाखिल

## जीएसटी करदाता के लिए जुलाई से बदल जाएंगे नियम

नई दिल्ली, एजेंसी




जीएसटी नेटवर्क ने शनिवार को कहा कि जुलाई कर अवधि की शुरुआत से, जीएसटी करदाता मूल फाइलिंग की नियत तारीख से तीन साल बाद मासिक और वार्षिक जीएसटी रिटर्न दाखिल नहीं कर पाएंगे। जुलाई, 2025 की कर अवधि का मतलब है कि करदाता इस साल अगस्त में मासिक रिटर्न दाखिल करेंगे। एक परामर्श में, माल और सेवा कर नेटवर्क (जीएसटीएन) ने कहा कि करदाता फाइलिंग की नियत तारीख से तीन साल की समाप्ति पर जीएसटीआर-1, जीएसटीआर-3बी, जीएसटीआर-4, जीएसटीआर-5, जीएसटीआर-5ए, जीएसटीआर-6, जीएसटीआर-7, जीएसटीआर-8 और जीएसटीआर-9 दाखिल नहीं कर पाएंगे। समय सीमा के संबंध में माल और सेवा कर (जीएसटी) कानून में संशोधन वित्त अधिनियम, 2023 के माध्यम से प्रभावी किए गए थे। इस प्रकार, देयता के भुगतान से संबंधित रिटर्न, वार्षिक रिटर्न और स्रोत पर एकत्रित कर के अलावा जीएसटी आउटवर्ड सप्लाई रिटर्न समय-बाधित हो जाएंगे। जीएसटीएन द्वारा जारी परामर्श में कहा गया है, तीन साल की समाप्ति के बाद रिटर्न दाखिल करने पर रोक लगा दी जाएगी। उक्त प्रतिबंध जुलाई, 2025 कर अवधि से जीएसटी पोर्टल पर लागू किया जाएगा। इसने करदाताओं को सलाह दी कि यदि उन्होंने अब तक जीएसटी रिटर्न दाखिल नहीं किया है तो वे अपने रिकॉर्ड का मिलान कर लें और जल्द से जल्द अपना जीएसटी रिटर्न दाखिल करें। इससे पहले अक्टूबर में, जीएसटी नेटवर्क (जीएसटीएन) ने करदाताओं को सचेत किया था कि कर प्रतिबंध का उक्त प्रावधान 2025 की शुरुआत में लागू किया जाएगा। भाषा अनुराग पाण्डेय

### मासिक जीएसटी भुगतान फॉर्म 3बी संपादन योग्य नहीं रहेगा

नई दिल्ली। जीएसटी नेटवर्क (जीएसटीएन) ने शनिवार को कहा कि मासिक जीएसटी भुगतान फॉर्म जीएसटीआर-3बी जुलाई, 2025 की कर अवधि से गैर-संपादन योग्य हो जाएगा। एक परामर्श में, जीएसटीएन ने कहा कि करदाता उसी रिटर्न अवधि में अपना जीएसटीआर-3बी दाखिल करने से पहले जीएसटीआर-1ए में घोषित बाहरी आपूर्ति में बदलाव कर सकते हैं। इस तरह के बदलाव कर भुगतान फॉर्म जीएसटीआर-3बी में स्वत: भर दिए जाएंगे। जीएसटीएन ने कहा, जुलाई, 2025 की कर अवधि से ऐसी ऑटो-पॉपुलेटेड' देयता गैर-संपादन योग्य हो जाएगी। जुलाई, 2025 कर अवधि के लिए अगस्त, 2025 में फॉर्म जीएसटीआर 3बी पेश किया जाएगा। उसने कहा, "इस प्रकार, करदाताओं को फॉर्म जीएसटीआर 1ए के माध्यम से संशोधन करके अपनी ऑटो-पॉपुलेटेड देयता में संशोधन करने की अनुमति होगी, जिसे जीएसटीआर 3बी दाखिल करने से पहले उसी कर अवधि के लिए दाखिल किया जा सकता है।" एक सारांश विवरण और मासिक जीएसटी भुगतान फॉर्म जीएसटीआर-3बी करदाताओं की विभिन्न श्रेणियों के लिए हर महीने की 20, 22 और 24 तारीख के बीच चरणबद्ध तरीके से दाखिल किया जाता है। वर्तमान में, जीएसटी पोर्टल एक प्री-फिल्ड जीएसटीआर-3बी प्रदान करता है, जहां जीएसटीआर-1/ जीएसटीआर-1ए/आईएफएफ में घोषित बाहरी आपूर्ति के आधार पर कर देयता स्वत: भर जाती है।

# कृषि क्षेत्र में पिछले 11 वर्षों में बड़ा बदलाव आया, बजट पांच गुना हुआ : सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- किसानों को खाद्य सुरक्षा से लेकर वैश्विक खाद्य नेतृत्व तक देश का नेतृत्व करने का मिला अधिकार



सरकार ने शनिवार को कहा कि पिछले 11 वर्षों में विभिन्न सरकारी योजनाओं और बढ़े हुए बजटीय आवंटन के माध्यम से भारत के कृषि क्षेत्र में गहरा परिवर्तन हुआ है, जिससे किसानों को खाद्य सुरक्षा से लेकर वैश्विक खाद्य नेतृत्व तक देश का नेतृत्व करने का अधिकार मिला है। आधिकारिक बयान के अनुसार, इस परिवर्तन ने छोटे किसानों, महिलाओं के नेतृत्व वाले समूहों और संबद्ध क्षेत्रों का समर्थन करके समावेशिता पर ध्यान केंद्रित किया है, जबकि भारत को वैश्विक कृषि नेता के रूप में स्थापित किया है।

सरकार ने कहा, पिछले 11 वर्षों में, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत के कृषि क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन आया है, जो बीज से बाजार तक के दर्शन पर आधारित है। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के लिए बजट अनुमान 2013-14 में 27,663 करोड़ रुपये से बढ़कर 2024-25 में 1,37,664.35 करोड़ रुपये हो गया है, जो लगभग पांच गुना वृद्धि है। भारत का खाद्यान्न उत्पादन 2014-15 में 26.50 करोड़ टन से बढ़कर 2024-25 में अनुमानित 34.74 करोड़ टन हो गया है, जो कृषि उत्पादन में मजबूत वृद्धि दर्शाता है। सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में भी उल्लेखनीय वृद्धि की है। गेहूं का एमएसपी 2013-14 में 1,400 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़कर 2024-25 में 2,425 रुपये प्रति क्विंटल हो गया, जबकि धान का मूल्य 2013-14 में 1,310 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़कर 2025-26 में 2,369 रुपये प्रति क्विंटल हो गया है।

फरवरी, 2019 में शुरू की गई पीएम-किसान योजना के तहत सरकार ने 11 करोड़ से अधिक किसानों को 3.7 लाख करोड़ रुपये वितरित किए हैं। किसान क्रेडिट कार्ड योजना ने 7.71 करोड़ किसानों को लगभग 10 लाख करोड़ रुपये का ऋण प्रदान किया है। खरीद के आंकड़े विभिन्न फसलों में सुधार दर्शाते हैं।

# डाक विभाग ने डिजिपिन को बेहतर बनाने के लिए हितधारकों से भागीदारी का किया आग्रह

नई दिल्ली, एजेंसी

- अपना डिजिपिन जानें और अपना पिन कोड जानें सेवाएं शुरू करने की घोषणा की



डाक विभाग ने अपनी जीपीएस आधारित पता सेवा डिजिपिन को बेहतर बनाने के लिए नागरिकों, विकासकर्ताओं और संस्थानों सहित विभिन्न हितधारकों से भागीदारी करने के लिए कहा है। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। डाक विभाग ने 27 मई को राष्ट्रीय भू-स्थानिक नीति 2022 के अनुरूप अपना डिजिपिन जानें और अपना पिन कोड जानें सेवाएं शुरू करने की घोषणा की थी। बयान में कहा गया, डाक विभाग नागरिकों, विकासकर्ताओं, संस्थानों और अन्य हितधारकों को दोनों पोर्टलों की छानबीन करने और उन्हें बेहतर बनाने में सक्रिय रूप से योगदान करने के लिए प्रोत्साहित करता है। डाक विभाग ने आईआईटी हैदराबाद और एनआरएससी, इसरो के सहयोग से डिजिपिन (डिजिटल पोस्टल इंडेक्स नंबर) विकसित किया है। बयान में कहा गया है कि डिजिपिन पहल का उद्देश्य स्थान मानचित्रण को सरल बनाना, लॉजिस्टिक और आपातकालीन प्रतिक्रिया को बढ़ाना और अंतिम छोर तक वितरण सुनिश्चित करना है। इसमें आगे कहा गया कि अपना पिन कोड जानें सेवा के जरिये डाक विभाग का लक्ष्य छह अंकों की पिन कोड प्रणाली की भौगोलिक सटीकता को आधुनिक बनाना है।

# इन्फोसिस को राहत: 32,400 करोड़ का कारण बताओ नोटिस किया बंद

- जीएसटी आसूचना महानिदेशक ने दी राहत




नई दिल्ली। जीएसटी आसूचना महानिदेशक ने वित्त वर्ष 2018-19 से 2021-22 के लिए आईटी कंपनी इन्फोसिस के खिलाफ कारण बताओ नोटिस की पूर्व कार्यवाही बंद कर दी है। इस मामले में 32,403 करोड़ रुपये की जीएसटी राशि शामिल है।

भारत की दूसरी सबसे बड़ी आईटी कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि डीजीजीआई से सूचना प्राप्त होने के साथ ही, यह मामला बंद हो गया है। कंपनी ने शुक्रवार को कहा, जीएसटी पर 31 जुलाई, 2024; एक अगस्त, 2024 और तीन अगस्त, 2024 को हमारी पिछली सूचनाओं के क्रम में, यह सूचित करना है कि कंपनी को डीजीजीआई से एक संचार प्राप्त हुआ है, जिसमें वित्त वर्ष 2018-19 से 2021-22 के लिए पूर्व-कारण बताओ नोटिस कार्यवाही को बंद कर दिया गया है। कहा कि उसे रिवर्स चार्ज मैकेनिज्म के तहत आईजीएसटी (का भुगतान न करने के मुद्दे पर जुलाई, 2017 से मार्च, 2022 की अवधि के लिए डीजीजीआई द्वारा जारी पूर्व-कारण बताओ नोटिस प्राप्त हुआ था।

# अमेरिकी पिज्जा ब्रांड लिटिल सीजर्स भारत में करेगा प्रवेश

नई दिल्ली। अमेरिका स्थित दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी पिज्जा श्रृंखला लिटिल सीजर्स भारतीय बाजार में प्रवेश कर रही है। सबसे तेजी से बढ़ते त्वरित सेवा रेस्तरां बाजारों में से एक भारत, लिटिल सीजर्स के लिए 30वां बाजार होगा। लिटिल सीजर्स दुनिया की सबसे बड़ी पारिवारिक स्वामित्व वाली पिज्जा श्रृंखला है, जिसके लिए इसने अपने फ्रैंचाइजी साझेदार के रूप में हार्नेसिंग हार्वेस्ट को शामिल किया है। कंपनी के एक बयान के अनुसार, उसकी इस महीने दिल्ली-एनसीआर में अपना पहला रेस्तरां खोलने की योजना है।

# वैज्ञानिक उपकरणों व उपभोग्य सामग्री खरीद के नियमों में ढील

नई दिल्ली, एजेंसी


सरकार ने शोध को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रक्षा क्षेत्र में अनुसंधान करने वाले संस्थानों समेत विभिन्न वैज्ञानिक संस्थानों के लिए वैज्ञानिक उपकरण और उपभोग्य सामग्रियों की खरीद के वास्ते वित्तीय सीमा बढ़ा दी है।

जीएफआर में विशेष प्रावधानों में संशोधन के अनुसार, विभिन्न शोध एवं विकास संस्थानों के कुलपति और निदेशक अब बिना किसी घोषित मूल्य प्रस्ताव के दो लाख रुपये तक के वैज्ञानिक उपकरण और उपभोग्य सामग्री शोध के लिए खरीद सकेंगे, जिसकी पहले एक लाख रुपये की सीमा थी। इनके अनुसार क्रय समिति द्वारा माल की खरीद के लिए वित्तीय सीमा को मौजूदा 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 25 लाख रुपये कर दिया गया है। एलटीई और विज्ञापित निविदा पूछताछ का उपयोग करके माल की खरीद के लिए वित्तीय सीमा मौजूदा 50 लाख रुपये से बढ़ाकर एक करोड़ रुपये कर दी गई है। कुलपतियों और निदेशकों को केवल अनुसंधान प्रयोजनों के लिए आवश्यक वैज्ञानिक उपकरणों और उपभोग्य सामग्रियों की खरीद के लिए 200 करोड़ रुपये तक की वैश्विक निविदा जारी करने की मंजूरी देने के लिए सक्षम प्राधिकारी के रूप में नामित किया गया है।

## खेल डायरी

### पुर्तगाली फुटबॉल रोनाल्डो क्लब विश्वकप में नहीं खलेंगे

**लिस्बन :** पुर्तगाल फुटबॉल टीम के कप्तान क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने कहा कि वह इस महीने



होने वाले क्लब विश्वकप में नहीं खेलेंगे। रोनाल्डो ने कहा मैं क्लब विश्वकप में नहीं रहूंगा। कुछ टीमों ने मुझसे संपर्क किया। कुछ ने समझदारी दिखाई और कुछ ने नहीं, लेकिन आप हर चीज करने की प्रयास नहीं कर सकते। आप हर गेंद को नहीं पकड़ सकते।" 40 वर्षीय रोनाल्डो का जून के आखिर में सऊदी अरब के क्लब अल-नासर के साथ अनुबंध समाप्त हो रहा है। मई में, फीफा के अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने अल-नासर के क्वालीफाई करने में विफल होने के बाद रोनाल्डो के क्लब विश्वकप में खेलने वाली टीम में शामिल होने की संभावना जताई जा रही थी। स्ट्राइकर रोनाल्डो ने मैनचेस्टर यूनाइटेड के साथ अपने अनुबंध की समाप्ति के बाद 2023 में अल-नासर क्लब में शामिल हुए थे। उन्होंने क्लब के लिए 111 मैचों में 99 गोल किए हैं, जिसमें पिछले सत्र में 41 मैचों में 35 गोल शामिल हैं। रोनाल्डो ने बुधवार को जर्मनी के खिलाफ 2-1 की जीत में विजयी गोल करके पुर्तगाल को राष्ट्र लीग फाइनल में जगह दिलाई थी।

### वीरेंद्र कंवर भारतीय वॉलीबॉल महासंघ के अध्यक्ष बने

**नई दिल्ली :** हिमाचल प्रदेश के वीरेंद्र कंवर शनिवार को भारतीय वॉलीबॉल महासंघ के अध्यक्ष निर्वाचित हुए। उन्होंने लंबे समय से प्रतीक्षित चुनावों में यहां नगालैंड के प्रेम सिंह बाजोर को मात्र दो वोट से हराया। इन चुनावों में अंतरिम समिति का भी चयन किया गया। कंवर को 33 मत मिले जो बाजोर से दो ज्यादा थे। तीसरे उम्मीदवार बिहार के आनंद शंकर को एक भी मत नहीं मिला। राजस्थान के रामानंद चौधरी 33 वोट पाकर नए महासचिव बने, उन्होंने महाराष्ट्र के नीलेश जगताप को चार वोटों से हराया। तेलंगाना के एन वी हनमनाथ और असम के सुशांत विश्वा 36-36 मतों के साथ उपाध्यक्ष चुने गये जबकि हरि सिंह चौहान (मध्य प्रदेश) ने कोषाध्यक्ष पद का चुनाव जीता। आनंद शंकर और कुलदीप वत्स ने दो संयुक्त सचिव पदों पर जीत हासिल की। बिनॉय जोश, मिथलेश कुमार, उत्तम राज, एस रामदास और पार्थ दास को कार्यकारी समिति के सदस्य के रूप में चुना गया।

### इंग्लैंड ने टी20 सीरीज के पहले मैच में वेस्टइंडीज को 21 रन से हराया

**चेस्टर ली स्ट्रीट (इंग्लैंड) :** पूर्व कप्तान जोस बटलर केवल चार रन से शतक से चूक गए। उनकी धमाकेदार पारी और लंबे समय बाद वापसी करने वाले बाएं हाथ के स्पिनर लियाम डॉसन की शानदार गेंदबाजी की मदद से इंग्लैंड ने टी20 सीरीज के पहले मैच में वेस्टइंडीज को 21 रन से हराया। इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 188 रन बनाए। इसके जवाब में वेस्टइंडीज की टीम नौ विकेट पर 167 रन ही बना सकी। आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करने वाले बटलर ने अपनी अच्छी फॉर्म बरकरार रखी तथा 59 गेंद पर 96 रन बनाए, जिसमें छह चौके और चार छक्के शामिल हैं। उनके अलावा सलामी बल्लेबाज जेमी स्मिथ ने 38 और जैकब बैथेल ने नाबाद 23 रन का योगदान दिया।

### केएलएम ओपन में शर्मा कट से चूके, अहलावत रिटायर हुए

**एम्स्टर्डम :** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा यहां केएलएम ओपन के दूसरे दिन एक ओवर 72 का कार्ड खेलने के बाद कट में जगह बनाने में असफल रहे। शर्मा ने पहले राउंड में 78 का स्कोर बनाया था। अंधेरा होने के कारण दूसरे दिन का खेल पूरा नहीं हो पाया था। हालांकि अनुमानित कट चार ओवर पर निर्धारित है, लेकिन शर्मा का स्कोर आठ ओवर पर है और उनका कट से चूकना निश्चित है। उन्होंने अपने दूसरे राउंड में दो बर्डी बनाई और एक बोगी की। इस बीच वीर अहलावत पहले दिन के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद रिटायर हो गए। उन्होंने पहले दौर में 78 का कार्ड खेला था।

### भारत की दीक्षा डागर स्पेन में संयुक्त तीसरे स्थान पर

**टेनेरिफ (स्पेन) :** भारत की दीक्षा डागर ने पहले दौर की तरह दूसरे दौर में भी अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए तीन अंडर 69 का कार्ड खेला और वह लेडीज यूरोपीय टूर के टेनेरिफ महिला ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त तीसरे स्थान पर पहुंच गई हैं। इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने 70 और 69 का स्कोर बनाया है और दो राउंड के बाद पांच अंडर पर हैं। वह दो दिन के बाद एकल बढ़त हासिल करने वाली लॉरेन वॉल्श (67-68) से चार शॉट पीछे हैं। अवनि प्रशांत ने दूसरे दिन तीन ओवर पार 75 का स्कोर बनाया और 43वें स्थान पर खिसक गईं। भारत के अन्य खिलाड़ियों में त्वेसा मलिक (73-75), हिताशी बख्शी (72-76) और स्नेहा सिंह (77-79) कट में जगह बनाने में असफल रहीं। कट तीन ओवर पार पर निर्धारित किया गया था।

### सप्तक तलवार ने स्विस चैलेंज में 25वां स्थान हासिल किया

**ल्यूसर्न (स्विट्जरलैंड) :** भारत के सप्तक तलवार ने अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए लगातार दूसरे राउंड में दो अंडर 69 का स्कोर बनाया और वह यहां स्विस चैलेंज गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 25वें स्थान पर हैं। तलवार ने अपने राउंड की शुरुआत फ्रंट नाइन से की लेकिन उनकी दोनों बर्डी बैक नाइन में आईं। उन्होंने 14वें और 17वें होल में बर्डी बनाई। पहले दो राउंड के बाद उनका कुल स्कोर चार अंडर पार है। स्पेन के सैंटियागो टारियो (65-68), इंग्लैंड के क्रिस पैस्ले (70-63), स्वीडन के टोबियास जोनसन (65-68) और अमेरिका के मैट ओशरीन (65-68) दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के बाद नौ अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त बढ़त पर थे।

# कोको गॉफ ने फ्रेंच ओपन खिताब जीता

## महिला एकल में शीर्ष वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका को 6-7, 6-2, 6-4 से हराया

**पेरिस, एजेंसी**

अमेरिका की कोको गाफ ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए शीर्ष रैंकिंग वाली एरिना सबालेंका को 6-7, 6-2, 6-4 से हराकर पहली बार फ्रेंच ओपन महिला एकल खिताब जीत लिया। दूसरी रैंकिंग वाली गाफ इससे पहले 2023 अमेरिकी ओपन जीत चुकी हैं। रोलां गैरो पर 2013 के बाद पहली बार दुनिया की पहले और दूसरे नंबर की खिलाड़ी के बीच फाइनल खेला गया। बारह साल पहले सेरेना विलियम्स ने मारिया शारापोवा को हराकर खिताब जीता था। पिछले 30 साल में यह दूसरी बार है जब खिताबी भिड़ंत शीर्ष दो खिलाड़ियों के बीच हुई है।



संयुक्त राज्य अमेरिका की कोको गौफ फ्रेंच टेनिस ओपन के फाइनल जीतने के बाद जश्न मनाती हुईं। ● एजेंसी



महिला व्हीलचेयर एकल फाइनल मैच के बाद ट्रॉफी के साथ जापान की यूई कामीजी। उन्होंने नीदरलैंड की एनीक वान कूट को हराया। ● एजेंसी



## जोकोविच का फ्रेंच ओपन में आगे खेलना अनिश्चित

**पेरिस, एजेंसी**

रिकॉर्ड 24 ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाले नोवाक जोकोविच सेमीफाइनल में शीर्ष रैंकिंग वाले यानिक सिनर से हारने के बाद इस बात को लेकर अनिश्चित हैं कि वह दोबारा फ्रेंच ओपन में खेल पाएंगे या नहीं। जोकोविच ने सिनर से सीधे सेटों में हारने के बाद अपना बैग नीचे रखा और दर्शकों का आभार व्यक्त किया।

जोकोविच अगले साल फ्रेंच ओपन तक 39 वर्ष के हो जाएंगे। इस स्टार खिलाड़ी ने कहा मेरा मतलब है कि यह मेरा यहां खेला गया आखिरी मैच हो सकता था, इसलिए मुझे नहीं पता। इसलिए मैं आखिर में थोड़ा अधिक भावुक था।

अगर यह फ्रेंच ओपन में मेरे करियर का आखिरी मैच था तो दर्शकों ने जिस तरह से मेरा समर्थन किया उसे देखते हुए यह अद्भुत था। जोकोविच ने मैच हारने के बाद अपना हाथ चूमा, फिर उसे मिट्टी पर रख दिया, मानो फ्रेंच ओपन को अलविदा कह रहे हों, जहां वह तीन बार चैंपियन रहे थे।

उन्होंने अपना बैग ऊपर खींचा, स्टैंड की तरफ देखा और फिर बाहर चले गए। उन्होंने कहा क्या मैं आगे खेलना चाहता हूं, हां, मैं चाहता हूं। लेकिन क्या मैं 12 महीने बाद यहां खेल पाऊंगा, मुझे नहीं पता।

## याराजी ने 100 मीटर बाधादौड़ में मारी बाजी

**ताइपे सिटी, एजेंसी**

**ताइवान ओपन**



एशियाई चैंपियन ज्योति याराजी ताइवान एथलेटिक्स ओपन में शनिवार को महिलाओं की सौ मीटर बाधा दौड़ में अव्वल रही और भारत के छह एथलीटों को स्वर्ण पदक मिला।

राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी याराजी ने 12.99 सेकंड का समय निकाला। जापान की असुका तेराडा (13.04 सेकंड) और चिसातो कियोयामा (13.10 सेकंड) को क्रमशः रजत और कांस्य पदक मिला। याराजी ने 29 मई को दक्षिण कोरिया में एशियाई चैम्पियनशिप में भी स्वर्ण पदक जीता था जिसमें उन्होंने 12.96 सेकंड का समय निकाला था। राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी तेजस सिरसे ने पुरुषों की 110 मीटर बाधा दौड़ में 13.52 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण जीता। ताइवान के सियेह युआन केइ (13.72 सेकंड) को रजत और कुइ रू चेन (13.75) को कांस्य पदक मिला। भारत की चार गुणा 100 मीटर रिले टीम (गुरिंदरवीर सिंह, अनिमेष कुजूर, मणिकांता होबलीधर और अमलान बोरगोहेन) ने स्वर्ण पदक जीता। वे अपने ही 38.69 सेकंड के राष्ट्रीय रिकॉर्ड से सेकंड के 600वें हिस्से से चूक गए। वे हालांकि तोक्यो विश्व चैम्पियनशिप के क्वालीफाइंग मार्क से भी चूक गए।

## कार्लसन ने नॉर्वे शतरंज का खिताब जीता

**स्टावेंजर (नॉर्वे), एजेंसी**

● विश्व चैंपियन डी गुकेश तीसरे स्थान पर रहे



विश्व चैंपियन डी गुकेश अंतिम दौर में अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारूआना से हारने के कारण नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में तीसरे स्थान पर रहे, जबकि पांच बार के विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन ने यहां रिकॉर्ड सातवां खिताब जीता।

गुकेश ने 2018 के नॉर्वे शतरंज चैंपियन कारूआना के खिलाफ समय समाप्त होने के कारण एक बड़ी गलती की इसके बाद उन्हें एहसास हुआ कि मौका उनके हाथ से निकल गया है। गत विजेता कार्लसन ने शुक्रवार को 10वें राउंड में भारत के अर्जुन एरिगैसी के खिलाफ मुख्य बाजी ड्रॉ कराकर अपने अंकों की संख्या 16 पर पहुंचाई और इस तरह से खिताब अपने नाम पक्का किया। कारूआना 15.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। गुकेश 14.5 अंकों के साथ तीसरे जबकि एरिगैसी 13 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर रहे। एरिगैसी ने स्थानीय खिलाड़ी कार्लसन के खिलाफ आर्मागेडन टाई-ब्रेक जीता, लेकिन अंत में इसका कोई महत्व नहीं रहा। महिला वर्ग मे दो बार की विश्व ब्लिट्ज़ चैंपियन, यूक्रेन की अन्ना मुज़ीचुक ने अंतिम राउंड में भारत की आर वैशाली से आर्मागेडन टाई-ब्रेक में हारने के बावजूद 16.5 अंकों के साथ खिताब जीता। भारतीय खिलाड़ियों में कोनेरू हम्पी 15 अंक लेकर तीसरे स्थान पर रही जबकि वैशाली टूर्नामेंट में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर सकी। उन्होंने 11 अंकों के साथ टूर्नामेंट का समापन किया।

## ब्रिटेन पहुंची भारतीय क्रिकेट टीम

**लंदन, एजेंसी**

● इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज 20 जून से खेलेगी टीम

भारतीय क्रिकेट टीम इंग्लैंड के खिलाफ इस महीने के आखिर में शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए ब्रिटेन पहुंच गई है। यह सीरीज 2025-27 आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र का हिस्सा है। भारतीय टीम शुक्रवार की रात को मुंबई से ब्रिटेन के लिए रवाना हुई थी।

नवनियुक्त कप्तान शुभमन गिल भारतीय टीम की अगुआई करेंगे, जो रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गजों के हाल ही में संन्यास लेने के बाद एक नए युग की शुरुआत होगी। कई भारतीय खिलाड़ी भारत ए टीम के हिस्से के रूप में पहले ही इंग्लैंड पहुंच चुके हैं। भारत ए अभी इंग्लैंड लायंस के खिलाफ तीन मैचों की अनधिकृत टेस्ट सीरीज में भाग ले रही है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा एक्स पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किए गए साई सुदर्शन ने कहा भारतीय क्रिकेट टीम का हिस्सा बनकर अच्छा लग रहा है विशेषकर टेस्ट श्रृंखला के लिए। ब्रिटेन में आपका स्वागत है। पहला टेस्ट 20 जून से लीड्स में खेला जाएगा। इसके बाद बर्मिंघम (2-6 जुलाई), लॉर्ड्स (10-14 जुलाई), मैनचेस्टर (23-27 जुलाई) और ओवल (4-8 अगस्त) में मैच खेले जाएंगे।



भारतीय क्रिकेट टीम। ● एजेंसी

### इंडिया ए ने बनाया 348 रन का सम्मानजनक स्कोर

**नॉर्थैम्प्टन :** केएल राहुल के शानदार शतक और ध्रुव जुरेल के अर्धशतकीय पारियों के दम पर इंडिया ए टीम ने दूसरे अनौपचारिक टेस्ट के दूसरे दिन शनिवार को 348 रन स्कोर सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। आज यहां भारत के कल के सात विकेट पर 319 रन के स्कोर से आगे खेला शुरू किया। इंडिया ए ने अपना आठवां विकेट कल के स्कोर में 10 रन जोड़कर तनुष कोटियान (15) के रूप में गवां दिया। उन्हें जॉश टंग ने बोल्ड आउट किया। अंशुल काम्बोज (दो) और तुषार देशपांडे (11) रनआउट हुये। इन दोनों बल्लेबाजों को टंग ने अपना शिकार बनाकर भारतीय पारी को समेटा। इससे पहले दिन के एल राहुल ने राहुल का 168 गेंदों में (116) रनों की शतकीय पारी खेली थी।

### भारत को गिल को लंबे समय तक टेस्ट कप्तानी की जिम्मेदारी देनी चाहिए : पोंटिंग

**नई दिल्ली :** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि भारत ने टेस्ट टीम की कमान शुभमन गिल को सौंपकर सही फैसला किया है और अब इस युवा बल्लेबाज को खुद को साबित करने के लिए लंबे समय तक मौका दिया जाना चाहिए। पोंटिंग को उम्मीद है कि भारतीय टीम मौजूदा बदलाव के दौर को अन्य देशों की तुलना में बेहतर तरीके से निपट सकती है। भारतीय टीम 20 जून से इंग्लैंड में पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में नयी शुरुआत करेगी। टीम को हाल ही में संन्यास लेने वाले विराट कोहली, रोहित शर्मा और रविचंद्रन अश्विन के अलावा फिटनेस संबंधी परेशानी का सामना कर रहे मोहम्मद शमी की सेवाएं नहीं मिलेंगी। पोंटिंग ने 'आईसीसी रिव्यू' पर कहा मुझे लगता है कि यह सही कदम है। मुझे पता है कि बहुत से लोग और विशेषज्ञ कह रहे हैं कि बुमराह को कप्तान क्यों नहीं बनाया गया और उन्होंने शुभमन को क्यों चुना, लेकिन मुझे लगता है कि इसे समझना बहुत ही सरल है। उन्होंने कहा बुमराह पिछले कुछ वर्षों से चोटिल होते रहे हैं और इसी वजह से वह इस दौड़ में थोड़े पीछे चले गए।




### डब्ल्यूटीसी फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के लिए नयी चुनौती होगीः लियोन

**लंदन :** ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज स्पिनर नाथन लियोन का मानना है कि सभी प्रारूपों में आईसीसी ट्रॉफी जीतने का अनुभव होने के बावजूद उनकी टीम के लिए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका से भिड़ना एक अलग चुनौती होगी क्योंकि यह मुकाबला ड्यूक गेंद के साथ विदेशी परिस्थितियों में खेला जाएगा।

ऑस्ट्रेलिया 11 जून से लॉर्ड्स में होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल में गत विजेता के रूप में उतरेगा। उनकी टीम में पिछले डब्ल्यूटीसी फाइनल के अलावा 2015 वनडे विश्व कप, 2021 टी20 विश्व कप और 2023 वनडे विश्व कप जीतने वाले खिलाड़ी भी शामिल हैं। आईसीसी ने लियोन के हवाले से कहा हमारी टीम में तीन (50 ओवर) विश्व कप और टी20 विश्व कप जीतने वाले खिलाड़ियों के साथ दो साल पहले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल जीतने वाले खिलाड़ियों का अनुभव है। यह अनुभव और बड़े मैचों के दबाव झेलने की क्षमता हमारे पक्ष में है।

## मेसी निश्चित रूप से केरल का दौरा करेंगे

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी**



● केरल के खेल मंत्री अब्दुरहीमान ने कहा-प्रायोजक ने मैच फीस का भुगतान किया

केरल के खेल मंत्री वी अब्दुरहीमान ने शनिवार को कहा कि सरकार की पहले की घोषणा के मुताबिक महान फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेसी की अगुआई वाली अर्जेंटीना की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम निश्चित रूप से राज्य का दौरा करेगी। उन्होंने बताया कि प्रायोजक ने इस आयोजन के लिए मैच फीस का भुगतान कर दिया है। उन्होंने कहा कि अर्जेंटीना की टीम के इस साल अक्टूबर-नवंबर में आने की अधिक संभावना है। इस दौरे के दौरान टीम को सरकारी मेहमान की सुविधाएं मिलेंगी। सरकार उनकी सुरक्षा, आवास और अन्य सुविधाओं का खर्च भी उठाएगी। मीडिया के एक वर्ग में ऐसी खबरें थी कि अर्जेंटीना की टीम ने केरल का अपना निर्धारित दौरा रद कर दिया है क्योंकि प्रायोजकों ने अनुबंध के नियमों का उल्लंघन किया है। खेल मंत्री ने हालांकि राज्य में फुटबॉल के प्रशंसकों की उम्मीदों को बनाये रखने की कोशिश की है। अब्दुरहीमान और प्रायोजक (रिपोर्टर ब्रॉडकास्टिंग कंपनी) दोनों ने इन रिपोर्टों को दृढ़ता से खारिज कर दिया था और दोहराया था कि विश्व चैंपियन खिलाड़ी केरल में मैत्री मैच का हिस्सा होगा। मंत्री ने शुक्रवार को फेसबुक पर एक संक्षिप्त पोस्ट लिखकर कहा कि 'मेसी आएंगे'। इससे यह मुद्दा फिर से चर्चा में आ गया। उन्होंने इस पोस्ट में 'रिपोर्टर ब्रॉडकास्टिंग कंपनी' को भी धन्यवाद दिया। उन्होंने शनिवार को मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि प्रायोजक द्वारा मैच फीस के भुगतान में कुछ देरी हुई थी और अब यह मामला सुलझ गया है।

## अंताल्या में भारतीय तीरंदाजों ने किया निराशाजनक प्रदर्शन

**अंताल्या (तुर्की), एजेंसी**

● टीम चयन, तैयारी, मानसिक दृढ़ता पर सवाल उठने तय

● पिछले महीने शंघाई में भारत दो स्वर्ण समेत सात पदकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा था

भारतीय तीरंदाज यहां विश्व कप के तीसरे चरण से खाली हाथ लौटेंगे। जिससे टीम चयन, तैयारी, मानसिक दृढ़ता पर सवाल उठने तय है। चूंकि एशियाई खेलों में अब एक साल का ही समय रह गया है। पिछले महीने शंघाई में भारत दो स्वर्ण, एक रजत और चार कांस्य पदकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा था। लेकिन अंताल्या में तीसरे चरण में रिकर्व और कंपाउंड दोनों वर्गों में निराशा हाथ लगी।

कंपाउंड वर्ग में व्यक्तिगत और टीम दोनों स्पर्धाओं में भारत के बाहर होने के बाद रिकर्व वर्ग में भी नतीजे उतने ही निराशाजनक रहे। चार बार की ओलंपियन दीपिका कुमारी और तरूणदीप राय पदक दौर में भी नहीं पहुंच सके। सिमरनजीत कौर ने जरूर सभी को चौंकाते हुए ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अन सान के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मुकाबला शूटआफ तक खींचा। सिमरनजीत एक समय 5.3 से आगे थी और उन्हें जीत के लिए एक ही अंक की जरूरत थी, लेकिन निर्णायक सेट में वह लय कायम नहीं रख पाई। पांचवें सेट में पांच और आठ के स्कोर के कारण मुकाबला शूटआफ में गया। नयी स्कोरिंग प्रणाली के तहत कोरियाई तीरंदाज ने 11 स्कोर किया जबकि सिमरनजीत का स्कोर आठ रहा। वह 5-6 (29-28, 24-29, 27-24, 27-27, 23-29) (8-11)से हार गई। अन सान ने दीपिका को लगातार तीसरी बार हराया। शंघाई में कांस्य पदक जीतने वाली दीपिका पर उन्होंने 6.0 से जीत दर्ज की। दुनिया की पूर्व नंबर एक तीरंदाज दीपिका बड़े तीरंदाजों के सामने लगातार विफल रहीं हैं और अपनी गलतियों से सबक भी नहीं सीख पा रही। क्वालीफिकेशन में 32वें स्थान पर रही अंकिता भकत पहले दौर में ही डी येंहिहयात के खिलाफ 2-6 (27-26, 26-28, 29-30, 28-29) से हार गई।

### भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम यूरोप में खेलेगी

**नई दिल्ली :** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम इस साल चिली के सैंटियागो में होने वाले एफआईएच जूनियर महिला विश्व कप की तैयारियों के सिलसिले में आठ से 17 जून तक बेल्जियम, ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैंड के खिलाफ पांच मैच खेलेगी।

भारतीय टीम ने हाल ही में अर्जेंटीना के रोसारियो में चार देशों के टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया, जहां से वह सीधे बेल्जियम के लिए रवाना हो गई थी। भारत यूरोप के अपने दौरे की शुरुआत एंटवर्प के हॉकी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, विलरिज प्लीन में बेल्जियम के खिलाफ तीन मैचों के साथ करेगा। इसके बाद भारतीय टीम कोंटिच में बीयरशॉट टेनिस हॉकी पैडल क्लब में आस्ट्रेलिया से भिड़ेगी।

## धोखाधड़ी में 30 पहलवान निलंबित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● उम्र में हेरफेर करने का मामाला डब्ल्यूएफआई ने की कार्रवाई

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने जूनियर स्तर पर अधिक उम्र के पहलवानों पर शिकंजा कसते हुए पिछले महीने 400 से अधिक ऐसे मामलों की जांच के बाद 30 पहलवानों को अस्थायी तौर पर निलंबित कर दिया है। डब्ल्यूएफआई ने मुख्य रूप से दिल्ली के अखाड़ों के प्रशिक्षकों और पहलवानों की शिकायतों पर कार्रवाई की, जिसमें कहा गया था कि हरियाणा के कई पहलवानों ने फर्जी प्रमाण पत्र हासिल करके यह दिखाया है कि वे राष्ट्रीय राजधानी में पैदा हुए हैं और जूनियर स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के पात्र हैं।

इनमें दो पहलवान ऐसे हैं जिन्होंने हाल में बिहार में आयोजित खेलो इंडिया खेल में पदक जीते थे।

डब्ल्यूएफआई के एक सीनियर अधिकारी ने पीटीआई को बताया हम पहलवानों का करियर खराब नहीं करना चाहते, इसलिए हमने उन्हें जूनियर स्तर की प्रतियोगिताओं जैसे अंडर-18 और कैडेट स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया है। अगर वे 18 वर्ष से अधिक उम्र के हैं तो उन्हें सीनियर स्तर पर प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए। उन्हें अपने मूल राज्य का प्रतिनिधित्व करना चाहिए।

उन्होंने कहा उन्हें डब्ल्यूएफआई से अपने कृत्य और धोखाधड़ी के लिए माफ़ी मांगनी चाहिए। हम उनके मामलों पर विचार करेंगे। यह कुछ समय से चल रहा है। पिछले 30-40 दिनों में हमने एक-एक करके लगभग 30 ऐसे पहलवानों को निलंबित किया है। डब्ल्यूएफआई अधिकारी ने बताया कि इनमें से अधिकतर पहलवानों ने हरियाणा में अपने प्रशिक्षकों के बहकावे में आकर दिल्ली के नरेला और रोहिणी क्षेत्र से फर्जी जन्म प्रमाण पत्र हासिल करने के लिए रिश्वत दी। उन्होंने कहा ऐसे 436 मामलों में से करीब 300 मामले नरेला क्षेत्र से थे, जबकि बाकी मामले सुल्तानपुरी और मंगोलपुरी जैसे क्षेत्र से थे जो रोहिणी क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। इनमें से अधिकतर पहलवान बेगमपुरा से आयु प्रमाण पत्र हासिल कर रहे थे। अधिकारी ने कहा वे सभी दिल्ली का प्रतिनिधित्व करना चाहते थे, क्योंकि हरियाणा की टीम में चयन होना आसान नहीं है। हमने शिकायतें मिलने के बाद एमसीडी और दिल्ली छावनी बोर्ड से संपर्क किया तथा जांच और सत्यापन के बाद यह साबित हो गया कि उनके प्रमाण पत्र फर्जी थे। उन्होंने कहा इसके लिए कोच जिम्मेदार हैं।

# किडनी मरीज की उड़ान छूटी, शिंदे ने अपने चार्टर्ड विमान से पहुंचाया मुंबई

ठाणे, एजेंसी



महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने किडनी की बीमारी से जूझ रही महिला की उड़ान छूटने पर मदद करते हुए अपने चार्टर्ड विमान से जलगांव से मुंबई पहुंचाया। मुंबई में महिला का किडनी प्रत्यारोपण होना था।

शिंदे के कार्यालय ने शनिवार को बताया कि यह घटना शुक्रवार रात जलगांव हवाई अड्डे पर हुई। उपमुख्यमंत्री शिंदे जलगांव के मुक्तैनगर में संत मुक्ताबाई पालखी प्रस्थान समारोह में गए थे। मुंबई लौटते समय जलगांव हवाईअड्डे पर उनकी उड़ान थोड़ी देर से रवाना हुई। यही देरी एक महिला मरीज के लिए जीवन बचाने वाली साबित हुई, जिसे तुरंत किडनी प्रत्यारोपण की जरूरत थी। शीतल बोर्डे नामक महिला को सर्जरी के लिए मुंबई के अस्पताल में भर्ती कराया जाना था, लेकिन जब वह हवाई अड्डा पहुंचीं, तब तक उसकी उड़ान प्रस्थान कर चुकी थी। इससे उसे अपनी सर्जरी असंभव प्रतीत होने लगी। जब बोर्डे ने अपनी परेशानी हवाईअड्डे पर मौजूद कार्यकर्ताओं को बताई, तो उन्होंने तुरंत राज्य के मंत्री गिरीश महाजन से संपर्क किया। महाजन ने उपमुख्यमंत्री शिंदे से मदद की अपील की। शिंदे ने महिला और उसके पति को अपने चार्टर्ड विमान में मुंबई ले जाने की अनुमति दी। यात्रा के दौरान उपमुख्यमंत्री ने खुद महिला से बातचीत की और उसके इलाज के बारे में जानकारी ली।

### शिंदे के विमान को पायलट ने उड़ाने से किया इन्कार

**मुंबई।** महाराष्ट्र के जलगांव में डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे का विमान पायलट ने यह कहते हुए उड़ाने से मना कर दिया कि उसका ड्यूटी टाइम खत्म हो गया है, जिससे वहां हड़कंप मच गया। नेता और एयरपोर्ट के अधिकारियों के मनाने के बाद वह पायलट उड़ाने ले जाने को तैयार हो गया। शिंदे मुंबई से शाम को जलगांव पहुंचे और रात में वहां से मुंबई आना था, लेकिन पायलट ने उड़ान भरने से मना कर दिया और कहा कि उसका ड्यूटी टाइम खत्म हो गया। इसके बाद मंत्री गिरीश महाजन, गुलाबराव पाटिल और जिला कलेक्टर और विमानन प्राधिकरण के अधिकारी, पायलटों को मनाने की कोशिश करने लगे। पायलटों से शिंदे की बंद कमरे में बातचीत हुई।

# डॉक्टर इंटरनेट कर रहा बीमार

## बढ़ा रहा जान का जोखिम

आजकल इंटरनेट और सोशल मीडिया के माध्यम से लोग स्वास्थ्य संबंधी जानकारी आसानी से प्राप्त कर रहे हैं। डॉक्टरों के बनाए रील्स और वीडियो कई बार उपयोगी जानकारी देते हैं, लेकिन कई लोग इन्हें देखकर खुद ही अपना इलाज करने लगते हैं। यह प्रवृत्ति बेहद खतरनाक हो सकती है क्योंकि हर व्यक्ति की बीमारी, शारीरिक स्थिति और दवा की प्रतिक्रिया अलग होती है। खुद इलाज करने से गलत दवाएं लेना, बीमारी का सही निदान न होना और गंभीर जटिलताएं उत्पन्न हो सकती हैं। ऐसे में जरूरी है कि लोग ऑनलाइन जानकारी को केवल संदर्भ के रूप में लें और किसी भी इलाज से पहले योग्य डॉक्टर से परामर्श करें। यह प्रवृत्ति कितनी घातक हो सकती है, इससे बचने के लिए लोगों का जागरूक होना बेहद जरूरी है...



### रील्स देखकर इलाज करना घातक

इंटरनेट पर मौजूद डॉक्टरों के रील्स या वीडियो जनता को आसान भाषा में स्वास्थ्य की जानकारी देते हैं, लेकिन जब लोग बिना विशेषज्ञ की सलाह के इलाज करना शुरू कर देते हैं, तब यह बेहद खतरा होता है। इसमें गलत दवा का सेवन, लक्षणों के आधार पर गलत बीमारी का अनुमान, गंभीर बीमारियों का समय पर पता न चलना, दवाओं के दुष्प्रभाव या एलर्जी की आशंका बढ़ जाती है।

### जागरूकता

लोगों को यह समझना बेहद ज़रूरी है कि डॉक्टर की सलाह केवल स्क्रीन देखकर नहीं ली जा सकती। स्वास्थ्य से जुड़ी ऑनलाइन सामग्री को जानकारी के लिए देखें, इलाज के लिए नहीं। सोशल मीडिया पर साझा की जानकारी के स्रोत और प्रमाण की जांच करें। डॉक्टर की सलाह को प्राथमिकता दें। स्कूल, कॉलेज व पंचायत स्तर पर स्वास्थ्य शिक्षा पर बल देना चाहिए।

### सरकार की भूमिका

सरकार और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को प्रयास करना होगा ताकि इसको रोका जा सके। भ्रामक मेडिकल सामग्री को हटाने के लिए कड़े नियम लागू होने चाहिए। डॉक्टरों को रील्स बनाते समय सामान्य जानकारी मात्र जैसे डिस्क्लेमर अनिवार्य करना चाहिए। सरकार स्वास्थ्य मंत्रालय के माध्यम से प्रमाणित जानकारी देने वाले पोर्टल्स को बढ़ावा दे सकती है।

### कानूनी प्रावधान

भारत में ड्रग एंड मैजिक रैमेडिस एक्ट, 1954 और क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत झूठे इलाज का प्रचार-प्रसार दंडनीय अपराध है। गलत या भ्रामक इलाज दिखाने पर सजा या जुर्माना हो सकता है। बिना रजिस्टर्ड मेडिकल प्रैक्टिशनर के इलाज बताना कानून गलत है। साइबर अपराध कानून के तहत भी शिकायत दर्ज की जा सकती है।

### हाल ही में हुईं घटनाएं

**मथुरा : स्वयं सर्जरी का प्रयास–** मार्च 2025 में मथुरा के वृंदावन के राजा बाबू ने पेट दर्द से परेशान होकर यूट्यूब वीडियो देखकर खुद सर्जरी करने का प्रयास किया। उन्होंने मेडिकल स्टोर से सर्जिकल उपकरण और दवाएं खरीदीं, और अपने पेट पर सात इंच का चीरा लगाकर 11 टांके लगाए। स्थिति बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

**मैनपुरी : डॉक्टर की लापरवाही से मौत–** जनवरी 2025 में, मैनपुरी के महाराजा तेज सिंह जिला अस्पताल में महिला की हार्ट अटैक से मौत हो गई, जब ऑन-ड्यूटी डॉक्टर इंस्टाग्राम और फेसबुक पर रील्स देखने में व्यस्त थे। परिजनों के आग्रह के बावजूद डॉक्टर ने मरीज को नहीं देखा।

**पुणे : फिटनेस रील्स से चोट–** पुणे के निवासी ने सोशल मीडिया पर फिटनेस विशेषज्ञ की रील देखकर कंधे और पेट की एक्सरसाइज की, जिससे उनके कंधे में चोट लग गई और उन्हें दो महीने तक फिजियोथेरेपी करानी पड़ी।

## एक नजर

### रूसी हमले में यूक्रेन के 3 लोगों की मौत: अधिकारी

**कीव।** रूस ने यूक्रेन के खारकीव शहर को निशाना बनाकर शनिवार को ड्रोन और मिसाइल से बड़े पैमाने पर हमले किए, जिनमें कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और 21 अन्य घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। रूसी बमबारी में घातक हवाई 'ग्लाइड बम' भी इस्तेमाल किए गए। यूक्रेन की वायु सेना के अनुसार, रूस ने 215 मिसाइल और ड्रोन से हमले किए तथा यूक्रेनी वायु रक्षा प्रणाली ने 87 ड्रोन और सात मिसाइल को मार गिराया एवं उन्हें निष्क्रिय कर दिया।

### जासूसी में गिरफ्तार यूट्यूबर की हिरासत दो दिन बढ़ी

**चंडीगढ़।** पंजाब में मोहाली की अदालत ने जासूसी के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर जसबीर सिंह की पुलिस हिरासत शनिवार को दो दिन के लिए बढ़ा दी। यूट्यूबर को चार जून को गिरफ्तार किया गया था। शनिवार को, तीन दिन की पुलिस हिरासत की अवधि समाप्त होने के बाद सिंह को अदालत में पेश किया गया। सिंह के वकील ने बताया कि पुलिस ने उसे सात दिन की रिमांड में देने का अनुरोध किया था, लेकिन अदालत ने दो दिन के लिए ही हिरासत में भेजा। पुलिस के अनुसार, यूट्यूबर सोशल मीडिया 'इन्फ्लुएंसर' ज्योति मल्होत्रा के कथित रूप से संपर्क में था, जो पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में अभी हिरासत में है।

### अमेरिका : आव्रजन उल्लंघन पर 44 लोग गिरफ्तार

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिका के लॉस एंजिलिस में संघीय आव्रजन अधिकारियों ने आव्रजन नियम के उल्लंघन पर शुक्रवार को 44 लोगों को गिरफ्तार किया। एक संघीय हिरासत केंद्र के बाहर उस समय झड़प देखी गई जब इस कार्रवाई का विरोध करने जुटे लोगों को तितर-बितर करने के लिए अधिकारियों ने आंसू गैस के गोले दागे। गृह मंत्रालय की प्रवक्ता यास्मीन पिट्स ओ'कीफ ने बताया कि आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन अधिकारियों और एजेंटों ने तीन स्थानों पर तलाश अभियान चलाया।

### नेपाल में सोना रखने के आरोप में भारतीय गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल में एक भारतीय को 274 ग्राम सोना लाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पश्चिम बंगाल के महादेव सामंत को शुक्रवार को काठमांडू जा रही बस में सुरक्षा जांच के दौरान चंद्रगिरि नगर पालिका के नागधुंगा से गिरफ्तार किया गया। भारतीय नागरिक बिना सीमा शुल्क चुकाए सोना लेकर आया था।

# अपराधियों को पीड़ितों के समान रखने के लिए भारत तैयार नहीं : विदेश मंत्री

## जयशंकर ने ब्रिटेन के विदेश मंत्री लैमी के साथ व्यापक वार्ता के दौरान की टिप्पणी

- जयशंकर के साथ वार्ता करने से पहले ब्रिटिश मंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात

नई दिल्ली, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी के साथ व्यापक वार्ता के दौरान शनिवार को कहा कि भारत अपने सहयोगी देशों से यह अपेक्षा करता है कि वे उसकी आतंकवाद को कतई बर्दाशत नहीं करने की नीति को समझे और वह (भारत) कभी भी 'अपराध करने वालों' को पीड़ितों के समकक्ष रखने को स्वीकार नहीं करेगा। जयशंकर की यह टिप्पणी वैश्विक समुदाय को स्पष्ट संदेश देने की कोशिश प्रतीत होती है।

विदेश मंत्री की यह टिप्पणी उस पृष्ठभूमि में आई है जब पिछले माह भारत और पाकिस्तान के बीच हुए चार दिन के संघर्ष के बाद कई देशों द्वारा दोनों को एक ही तराजू पर तौलने को लेकर नयी दिल्ली में असहजता महसूस की जा रही है। लैमी दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी के कई पहलुओं की समीक्षा करने के लिए दो दिवसीय यात्रा पर आज सुबह नयी दिल्ली पहुंचे। ब्रिटेन की विज्ञप्ति में कहा गया है कि आर्थिक और प्रवासन संबंधों को मजबूत करना तथा ब्रिटिश व्यवसायों के लिए और अधिक विकास के अवसर प्रदान करना, ब्रिटेन के विदेश मंत्री की भारत यात्रा की शीर्ष प्राथमिकता होगी।

जयशंकर के साथ वार्ता करने से पहले ब्रिटिश मंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। लैमी के साथ बैठक के दौरान टेलीविज़न पर प्रसारित संबोधन में जयशंकर ने पहलगाम हमले की निंदा करने के लिए ब्रिटेन का आभार व्यक्त किया और आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में लंदन द्वारा दिखाई एकजुटता और समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, हम आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति का अनुसरण करते हैं और सहयोगी देशों से अपेक्षा करते हैं कि वे इसे समझे। साथ ही, हम कभी भी अपराधियों को पीड़ितों के समकक्ष रखने को स्वीकार नहीं करेंगे। ब्रिटेन उन देशों में शामिल था जो पिछले माह 7-10 मई तक सैन्य संघर्ष के दौरान तनाव को कम करने के प्रयास में भारत और पाकिस्तान दोनों के संपर्क में थे। लैमी 16 मई को इस्लामाबाद की दो दिवसीय यात्रा पर गए थे जिस दौरान उन्होंने सैन्य संघर्ष रोकने के लिए भारत तथा पाकिस्तान के बीच 10 मई को बनी सहमति का स्वागत किया।



नई दिल्ली में बैठक के दौरान ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी के साथ एस जयशंकर।

### दोनों देशों में हुए समझौते मील का पत्थर: जयशंकर

जयशंकर ने हाल में हुए भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते और दोहरे अंशदान समझौते को मील का पत्थर बताया। जयशंकर ने कहा, इससे न केवल द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को बढ़ावा देगा, बल्कि हमारे संबंधों के अन्य रणनीतिक पहलुओं पर भी सकारात्मक प्रभाव डालेगा। ब्रिटेन के विदेश सचिव लैमी ने प्रवासन साझेदारी, जिसमें दोनों देशों के नागरिकों की सुरक्षा और सीमाओं की सुरक्षा के लिए चल रहा कार्य है, में हुई प्रगति का भी स्वागत किया। प्रवासन से निपटना सरकार की शीर्ष प्राथमिकता बनी हुई है, और लैमी घरेलू स्तर पर ब्रिटेन की सीमाओं को सुरक्षित करने के लिए वैश्विक साझेदारों के साथ अंतर्राष्ट्रीय रूप से काम करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। लैमी ने कहा, विदेश मंत्री के तौर पर मेरे पहले विदेशी दौरों में भारत भी शामिल रहा और तब से यह हमारी परिवर्तनकारी योजना को क्रियान्वित करने में एक प्रमुख भागीदार रहा है।

### सुरक्षा का नया द्वार



तिरुवनंतपुरम के विझिनजाम में भारतीय तटरक्षक बल की नई जेटी का शनिवार को उद्घाटन हुआ। यह आधुनिक जेटी समुद्री निगरानी और तटीय सुरक्षा को और अधिक मजबूत बनाएगी। उद्घाटन समारोह में वरिष्ठ अधिकारी और गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। एजेंसी

# पाकिस्तान को चीन देगा अत्याधुनिक विमान और मिसाइल रक्षा प्रणाली

बीजिंग/इस्लामाबाद, एजेंसी

- जे-35 स्टील्थ विमान, केजे-500 एडब्ल्यूएसीएस और एचक्यू-19 मिसाइल रक्षा प्रणाली देगा चीन

चीन और पाकिस्तान के बीच सैन्य संबंधों को और मजबूत करते हुए बीजिंग ने इस्लामाबाद को अपने उन्नत जे-35 स्टील्थ विमानों के साथ केजे-500 एडब्ल्यूएसीएस और एचक्यू-19 मिसाइल रक्षा प्रणालियों की पेशकश की है।

संघीय सरकार द्वारा एक्स पर साझा की जानकारी के अनुसार चीनी सरकार ने 40 जे-35 स्टील्थ विमान, केजे-500 एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल (एडब्ल्यूएसीएस) सिस्टम और एचक्यू-19 मिसाइल रक्षा प्रणाली की आपूर्ति का प्रस्ताव दिया है, जिससे दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी और मजबूत होगी। समा टीवी की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। चीन के शेनयांग एयरक्राफ्ट कॉरपोरेशन (एसएसी) द्वारा निर्मित यह चेंगदू जे-20 विमान के बाद चीन में दूसरा 5वीं पीढ़ी का विमान है।

चीनी मीडिया के अनुसार विमान उन्नत सेंसर, बहु-भूमिका क्षमता आधारित एवियोनिक विशेषताओं, सटीक निर्देशित मिसाइल प्रणालियों, एकीकृत इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणालियों से सुसज्जित है जिन्हें विशेष रूप से ईएमपी हथियारों से जामिंग को रोकने के लिए डिज़ाइन किया गया है, और ड्रोन तथा अन्य विमानों के साथ नेटवर्क लिंक हैं।

# ट्रंप ने दूसरे कार्यकाल में आपातकालीन शक्तियों का किया जमकर इस्तेमाल

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने कार्यकाल में आपातकालीन शक्तियों का जिस तरह से इस्तेमाल किया, वैसा किसी भी पूर्व राष्ट्रपति ने नहीं किया है।

ट्रंप का दावा है कि उनके नेतृत्व में अमेरिका संकट से उबर रहा है, लेकिन उन्होंने कड़े आयात शुल्क लगाने, सीमा पर सैनिकों की तैनाती और पर्यावरण नियमों को दरकिनार करने जैसे फैसलों में उन नियमों और कानूनों का सहारा लिया, जिन्हें सिर्फ युद्ध या राष्ट्रीय आपात जैसी असाधारण परिस्थितियों के लिए बनाया गया था। एसोसिएटेड प्रेस के विश्लेषण में सामने आया है कि ट्रंप के 150 कार्यकारी आदेशों में से 30 में किसी न किसी प्रकार की आपातकालीन शक्ति का हवाला दिया गया है। यह आंकड़ा उनके हालिया पूर्ववर्तियों की तुलना में काफी अधिक है। इसका परिणाम यह हुआ है कि राष्ट्रपति का उनकी शक्तियों का इस्तेमाल करने का तरीका पूरी तरह बदल गया है। ट्रंप अप्रत्याशित संकट का सामना करने के बजाय आपातकालीन शक्तियों का उपयोग संसद के अधिकार को कमजोर करने और अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए कर रहे हैं। इल्या सोमिन ने कहा, ट्रंप की सबसे खास बात यह है कि उन्होंने आपातकालीन शक्तियों का जो उपयोग किया, उसका पैमाना और विस्तार बहुत बड़ा है, जो किसी भी हाल के राष्ट्रपति के कार्यकाल से कहीं अधिक है। इल्या सोमिन उन पांच अमेरिकी व्यवसायों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं जिन्होंने प्रशासन पर मुकदमा दायर किया था और दावा किया था कि ट्रंप के कथित 'लिबरेशन डे' शुल्क से उन्हें नुकसान हुआ है।



- ट्रंप का दावा- उनके नेतृत्व में संकट से उबर रहा है अमेरिका

# आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ अमेरिका

वाशिंगटन, एजेंसी

## प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात कर अमेरिकी उप विदेश मंत्री ने किया समर्थन

अमेरिका के उप विदेश मंत्री क्रिस्टोफर लैंडाउ ने कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व वाले सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल से कहा कि अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ मजबूती से खड़ा है। यह प्रतिनिधिमंडल पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर भारत के रुख से अवगत कराने के लिए अमेरिका आया है। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को यहां लैंडाउ से मुलाकात की।

प्रतिनिधिमंडल ने प्रमुख वार्ताकारों को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी। पहलगाम हमले के बाद इस ऑपरेशन के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी ढांचे को निशाना बनाया गया था। भारतीय दूतावास ने एक्स पर कहा, डॉ. शशि थरूर के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल की अमेरिकी उप विदेश मंत्री लैंडाउ के साथ अच्छी और स्पष्ट बातचीत हुई। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें पहलगाम हमले की क्रूरता और ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी।

लैंडाउ ने एक्स पर कहा कि भारतीय संसदीय प्रतिनिधियों के साथ यह बैठक शानदार थी। उन्होंने कहा, मैंने फिर से पुष्टि की कि अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ मजबूती से खड़ा है। हमने दोनों देशों में विकास और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए व्यापार और वाणिज्यिक संबंधों का विस्तार करने समेत अमेरिका-भारत रणनीतिक संबंधों पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता टैमी ब्रूस द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि लैंडाउ ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई और दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी में भारत के लिए अमेरिका के मजबूत समर्थन की पुष्टि की। प्रतिनिधिमंडल ने दोनों देशों में आर्थिक विकास और समृद्धि को बढ़ाने के लिए द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के महत्व पर लैंडाउ के साथ चर्चा की।



अमेरिका के उप विदेश मंत्री क्रिस्टोफर लैंडौ के साथ सांसद शशि थरूर।

**बदलती तस्वीर** विश्व बैंक के अनुसार गरीबी दर 2011-12 में 27 .1% से घटकर 2022-23 में 5 .3% हुई

# एक दशक में कम हुई भारत में अत्यधिक गरीबी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत की अत्यधिक गरीबी दर 2011-12 में 27.1% से एक दशक में तेजी से घटकर 2022-23 में 5.3% रह गई। हालांकि, विश्व बैंक ने अपनी गरीबी रेखा की सीमा को संशोधित कर तीन डॉलर प्रति दिन कर दिया है। विश्व बैंक ने कहा कि 2017 और 2021 के बीच भारत की मुद्रास्फीति दर को देखते हुए, तीन डॉलर की संशोधित अत्यधिक गरीबी रेखा 2021 की कीमतों में व्यक्त 2.15 डॉलर की सीमा से 15 प्रतिशत अधिक होगी और इसके परिणामस्वरूप 2022-23 में गरीबी दर 5.3 प्रतिशत होगी।

रिपोर्ट अनुसार भारत में 2024 में 54,695,832 लोग तीन डॉलर प्रतिदिन से कम पर जीवन यापन कर रहे थे। तीन डॉलर प्रतिदिन (2021 पीपीपी- प्रतिशत जनसंख्या) पर गरीबी दर 2024 में 5.44% है। 2011-12 और 2022-23 के बीच अत्यधिक गरीबी की दर 16.2 से घटकर 2.3% हो गई, जबकि निम्न मध्यम आय वाले देश (एलएमआईसी) में गरीबी दर में 33.7% अंकों की गिरावट आई। मुफ्त और रियायती खाद्यान्न हस्तांतरण से गरीबी में कमी आई और ग्रामीण-शहरी गरीबी का अंतर कम हुआ। पांच सबसे अधिक आबादी वाले राज्यों में 54% अत्यंत गरीब लोग रहते हैं। अर्थव्यवस्था के संदर्भ में, रिपोर्ट में कहा गया कि वित्त वर्ष 2024-25 तक भारत की वास्तविक जीडीपी महामारी-पूर्व प्रवृत्ति स्तर से लगभग पांच प्रतिशत कम थी। मौजूदा वैश्विक अनिश्चितताओं को व्यवस्थित तरीके से हल किए जाने की स्थिति में 2027-28 तक वृद्धि धीरे-धीरे संभावित स्तर पर वापस आ जाएगी। रिपोर्ट में कहा गया है, हालांकि, परिदृश्य में महत्वपूर्ण नकारात्मक जोखिम हैं, क्योंकि वैश्विक स्तर पर नीतिगत बदलाव जारी रह सकते हैं। बढ़ते व्यापार तनाव से भारत के निर्यात की मांग कम होगी और निवेश में सुधार में और देरी होगी।



### 2026-28 के दौरान जीडीपी के औसतन 1.2% के आसपास रहने की उम्मीद

चालू खाता घाटा 2026-28 के दौरान सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के औसतन 1.2% के आसपास रहने की उम्मीद है और पूंजी प्रवाह द्वारा पर्याप्त रूप से वित्तपोषित रहेगा। साथ ही, विदेशी मुद्रा भंडार सकल घरेलू उत्पाद के 16 प्रतिशत के आसपास स्थिर रहने का अनुमान है। विश्व बैंक ने कहा कि भारत ने 2011-12 और 2022-23 के बीच के दशक में 17 .1 करोड़ लोगों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकाला है।

### मीठी नदी सफाई घोटाला

## ईडी ने अभिनेता और बीएमसी अधिकारियों को किया तलब

**मुंबई।** ईडी ने मीठी नदी से गाद निकालने से जुड़े घोटाले से संबंधित धन शोधन में अभिनेता डिनो मोरिया और उनके भाई तथा बीएमसी के कुछ अधिकारियों समेत आठ लोगों को अगले सप्ताह पूछताछ के लिए बुलाया है।

सूत्रों ने शनिवार को बताया कि ये नोटिस संघीय एजेंसी द्वारा शुक्रवार को मुंबई और केरल के कोच्चि में इन लोगों से जुड़े 15 से अधिक परिसरों की तलाशी के बाद जारी हुए हैं। अभिनेता, उनके भाई सेंटिनो और बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के अधिकारियों समेत करीब आठ से नौ लोगों को अगले सप्ताह अलग-अलग तारीखों पर मुंबई स्थित ईडी कार्यालय में एजेंसी के समक्ष पेश होने को कहा गया है।

# नए पोप के सामने आमदनी की चुनौती

वैटिकन सिटी, एजेंसी

दुनिया के सबसे छोटे देश वेटिकन के सामने बजट की बड़ी समस्या है। वेटिकन अपने निवासियों पर कर नहीं लगाता है या बांड जारी नहीं करता है। रोमन कैथोलिक चर्च की केंद्रीय सरकार मुख्य रूप से दान से चलती है, जिसमें लगातार गिरावट हो रही है। इसके अलावा वैटिकन संग्रहालयों के लिए टिकट बिक्री, निवेश से होने वाली आय और रियल एस्टेट से कुछ आमदनी हो जाती है।

रोमन कैथोलिक चर्च और वेटिकन सिटी की केंद्रीय प्रशासनिक संस्था होली सी के 2021 में आमदनी 87.8 करोड़ डॉलर थी। हालांकि खर्च ज्यादा था। पोप लियो 14वें के सामने सबसे बड़ी चुनौती वेटिकन को घाटे से निकालने की है। कोई भी वेटिकन को पैसे दान कर सकता है, लेकिन नियमित स्रोत दो मुख्य रूपों में आते हैं। कैनन कानून के अनुसार दुनिया भर के बिशपों को वार्षिक शुल्क का भुगतान करना पड़ता है। वेटिकन के अनुसार सालाना एकत्र किए 2.2 करोड़ डॉलर में एक तिहाई से अधिक का योगदान अमेरिकी बिशपों ने दिया। वार्षिक दान का दूसरा मुख्य स्रोत आम कैथोलिकों के लिए अधिक जाना-पहचाना है- पीटर्स पेंस। यह एक विशेष संग्रह है, जो आमतौर पर जून के आखिरी रविवार को लिया जाता है। अमेरिका से इस मद में औसतन 2.7 करोड़ डॉलर मिले, जो वैश्विक संग्रह के आधे से अधिक है। हालांकि इसमें लगातार गिरावट हो रही है। वेटिकन के अपने संस्थान भी अंशदान कम कर रहे हैं।

कैथोलिक यूनिवर्सिटी ऑफ अमेरिका के बिजनेस स्कूल में चर्च प्रबंधन कार्यक्रम के निदेशक रॉबर्ट गहल ने कहा कि लियो को अमेरिका के बाहर से दान जुटाना होगा, जो छोटा काम नहीं है। यूरोप में व्यक्तिगत रूप से परोपकार की परंपरा (और कर लाभ) बहुत कम है। वेटिकन के पास इटली में 4,249 संपत्तियां हैं। लंदन, पेरिस, जिनेवा और स्विट्जरलैंड में 1,200 से अधिक संपत्तियां हैं। इनका पांचवां हिस्सा ही उचित बाजार मूल्य पर किराए पर दिया जाता है। 2023 में इन संपत्तियों से केवल 3.99 करोड़ डॉलर का लाभ हुआ। अमेरिका स्थित पापल फाउंडेशन के अध्यक्ष वार्ड फिट्जगेराल्ड ने कहा कि वेटिकन को भी कुछ संपत्तियां बेचने के लिए तैयार रहना चाहिए, जिनका रख-रखाव करना बहुत महंगा है।



- रोमन कैथोलिक चर्च की केंद्रीय सरकार की आमदनी में आ रही लगातार गिरावट